वर्ष- 11 अंक-309
लखनऊ, शनिवार 29 जून 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



ओवरलोडिंग पर करें सख्त कार्रवाई : मुख्यमंत्री योगी 03

मंत्री गडकरी ने खमाड़ी-टिक्कर सड़क के लिए 50 करोड़ किए मंजूर 12

## अमरनाथ यात्रियों का पहला जत्था जम्मू के भगवती नगर से रवाना

एजेंसी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार सुबह यहां के भगवती नगर आधार शिविर से अमरनाथ तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंदिर में पूजा-अर्चना भी की। उपराज्यपाल ने सभी तीर्थयात्रियों को सुरक्षित और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं।

उपराज्यपाल ने कहा कि बाबा अमरनाथ का आशीर्वाद सभी के जीवन में शांति, खुशी और समृद्धि लाए। वैदिक मंत्रों के जाप के बीच 4603 यात्रियों के पहले जत्थे को 231 हल्के और भारी



वाहनों के काफिले में भगवती नगर जम्मू आधार शिविर से श्री अमरनाथ जी की पवित्र गुफा के लिए रवाना किया गया। इस मौके पर सिन्हा ने मीडिया को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रियों का पहला जत्था जम्मू से रवाना हो गया है। पिछले 3-4 साल में यात्रा के लिए काफी इंतजाम किए गए हैं और इस बार भी जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने सभी जरूरी इंतजाम किए हैं।

## खाका तैयार : राजधानी को चार नई आवासीय योजनाओं की सौगात जल्द

### सुल्तानपुर रोड पर वेलनेस सिटी, आईटी सिटी, मोहान रोड पर एजुकेशनल सिटी व आईआईएम रोड पर विकसित की जाएगी प्रबंध नगर योजना

**सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल शिक्षण संस्थान जैसी कई विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस होंगी यह कॉलोनियां**

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** राजधानी में 5 लाख की आबादी के लिए नई योजनाएं आने वाली है। इसमें हजारों लोगों के आशियाने का सपना पूरा होने जा रहा है। इसके लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण ने पूरा खाका तैयार कर लिया है। इसके तहत सुल्तानपुर रोड पर वेलनेस सिटी, आईटी सिटी, मोहान रोड पर एजुकेशनल सिटी (मोहान रोड योजना) व आईआईएम रोड पर प्रबंध नगर योजना विकसित की जाएगी। ये कॉलोनियां विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस होंगी और यहां सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शिक्षण संस्थान, ग्रुप हाउसिंग, मॉल, होटल, मनोरंजन केन्द्र, इन्डस्ट्रियल एरिया आदि के साथ ही विस्तृत क्षेत्रफल में ग्रीनरी और वाटर बॉडी होंगे।

लखनऊ विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष डॉक्टर रोशन जैकब ने इन योजनाओं के लिए जमीन जुटाने के सम्बंध में तैयार किए गए प्रस्ताव को प्रारम्भिक मंजूरी दे दी है। एलडीए वीसी इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा राजधानी में जल्द ही चार नई आवासीय योजनाएं लांच की जाएंगी। इसमें मोहान रोड योजना (एजुकेशनल सिटी), वेलनेस सिटी, आईटी सिटी व प्रबंध नगर योजना शामिल हैं। इसमें से मोहान रोड योजना के आंतरिक विकास के लिए प्रथम चरण में 225 करोड़ रुपए का टेंडर भी जारी कर दिया गया है। जिससे योजना में सड़क, सीवर, जलापूर्ति, विद्युतिकरण व डेनेज आदि का कार्य कराया जाएगा। ग्राम-प्यारेपुर व कलियाखेड़ा की जमीन पर विकसित की जा रही मोहान रोड योजना के मुआवजे के सम्बंध में प्रस्ताव तैयार करा लिया गया है, जिस पर आगामी बोर्ड बैठक में निर्णय ले लिया जाएगा। इसके अलावा वेलनेस सिटी व आईटी सिटी के लिए लैंड बैंक तैयार करने को लेकर भी तेजी से काम चल रहा है। इसके लिए मुआवजे की दरें निर्धारित कर दी गयी है। किसानों से समझौते, भू-अधिग्रहण व लैंड पूलिंग के आधार पर जमीन जुटाई जाएगी। वहीं, प्रबंध नगर योजना के सम्बंध में प्राधिकरण के स्तर से किसानों के साथ वार्ता चल रही है। शीघ्र ही दोनों पक्षों की सहमति के आधार पर समस्त वादों का निस्तारण कराकर योजना में विकास कार्य शुरू कराया जाएगा।

**प्रबंध नगर योजना में आएगा 4500 करोड़ का खर्च**

आईआईएम रोड पर ग्राम-धैला, अल्लूनगर डिगुरिया व ककौली की कुल 2077 एकड़ भूमि पर प्रबंध नगर योजना विकसित की जाएगी। योजना के विकास में 4500 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। इसमें लगभग 20 लाख वर्गमीटर क्षेत्रफल में आवासीय उपयोग, जबकि लगभग 7 लाख वर्गमीटर एरिया में व्यावसायिक गतिविधियों के लिए भूखण्ड सृजित किये जाएंगे। इसके अलावा 14 लाख 58 हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल का इन्डस्ट्रियल एरिया और 7 लाख वर्गमीटर मिश्रित भू-उपयोग का प्रावधान किया गया है। 18 लाख वर्गमीटर क्षेत्रफल में वाटर बॉडी, ग्रीन बेल्ट व पार्क आदि विकसित किए जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में दो बच्चों समेत 13 तीर्थयात्रियों की मौत

**हावेरी।** कर्नाटक के हावेरी जिले में आज सुबह हुए सड़क हादसे में दो बच्चों समेत 13 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई। यह हादसा पुणे-बेंगलुरु राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ। स्थानीय पुलिस का कहना है कि ऐसा लगता है कि हादसाग्रस्त बस के चालक को नींद आ गई थी। पुलिस के अनुसार, ब्यादगी तालुक में गुंडेनहल्ली क्रॉसिंग में तड़के तीर्थयात्रियों को गंतव्य मार्ग पर ले जा रही मिनी बस के खड़े ट्रक से टकरा गई। सभी पीड़ित शिवमोगा के हैं। सभी देवी यल्लम्मा के दर्शन के बाद बेलगावी जिले के सवादट्टी से लौट रहे थे। हादसे में घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

### उप्र में चार आईपीएस अधिकारियों का तबादला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के तबादले हो रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को चार आईपीएस अधिकारियों के तबादले हुए हैं। तबादलों के क्रम में आईपीएस विकास कुमार को बलरामपुर का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। आलोक प्रियदर्शी को फ़र्रुख़ाबाद जिले की कमान सौंपी गयी है। उत्तर प्रदेश एटीएस में तैनात बृजेश सिंह को बदायू जिले का नया पुलिस कप्तान बनाया गया है। वहीं, केशव कुमार को प्रतीक्षारत सूची में भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार सुबह के वक्त शासन ने दो जिलों के जिलाधिकारी बदले थे। सिद्धार्थनगर के डीएम पवन अग्रवाल को बलरामपुर और चिकित्सा एवम स्वास्थ्य सेवा निदेशक राजागणपति आर को सिद्धार्थ नगर नया डीएम बनाया गया था।

### हेमंत सोरेन पांच महीने बाद जेल से आए बाहर

**रांची।** झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन शुक्रवार को रांची की बिरसा मुंडा जेल से बाहर आ गए। जेल के बाहर समर्थकों ने उनका स्वागत किया। उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी उन्हें लेने के लिए जेल पहुंची थीं। हेमंत को शुक्रवार सुबह ही जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हाईकोर्ट से जमानत मिली। कोर्ट ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग केस में शामिल होने के ठोस सबूत नहीं मिले। हेमंत सोरेन को जमानत देते हुए हाईकोर्ट ने कहा है कि वे प्रिवेंशन ऑफमनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) एक्ट के तहत जमानत की दोनों शर्तों को पूरा करते हैं। कोर्ट के फैसले के बाद सोरेन के सरकारी आवास में मिठाई बांटी गईं। हेमंत को इस मामले में 31 जनवरी की रात ने गिरफ्तार किया था। जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने इस याचिका पर तीन दिनों तक बहस और सुनवाई पूरी करने के बाद 13 जून को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### निरीक्षण में 100 से अधिक अध्यापक मिले अनुपस्थित

**जौनपुर।** जनपद में आज औचक निरीक्षण के दौरान सौ से अधिक अध्यापक अनुपस्थित मिले। जिनका वेतन अवरुद्ध करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है। जिला स्तरीय टास्क फोर्स/जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम द्वारा दिये गये दिशा-निर्देश के अनुक्रम में शुक्रवार को जनपद में कार्यरत समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों, डायट प्रवक्ता, जिला समन्वयक, एस0आर0जी0 एवं ए0आर0पी0 द्वारा 1368 विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया।

## नीट मुद्दे पर विपक्ष के जोरदार हंगामे के बाद लोकसभा की कार्यवाही स्थगित

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में शुक्रवार को मेडिकल शिक्षा की राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) के मुद्दे विपक्ष के भारी हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही सोमवार पूर्वाह्न 11 बजे तक स्थगित कर दी गयी। इससे पहले पूर्वाह्न 11 बजे भी इसी मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित की गयी थी।

दोपहर 12 बजे सदन की कार्यवाही जैसे ही शुरू हुई, विपक्षी सदस्य हंगामा करने लगे। इस पर अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों से शांत रहने और तृणमूल कांग्रेस के सदस्य एस के नुरूल इस्लाम के लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेने की कार्यवाही पूरी करने देने को कहा। श्री बिरला ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी से कहा कि अपने दल के सदस्यों को समझायें कि उन्हें कब खड़े होना है, और कब नहीं।



**नीट केस में हजारीबाग से तीन लोग गिरफ्तार**

**हजारीबाग।** नीट परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में सीबीआई की टीम ने शुक्रवार को तीन और लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक, वाइस प्रिंसिपल इम्तियाज और पत्रकार जमालुद्दीन को सीबीआई ने गिरफ्तार किया है। इससे पूर्व जांच एजेंसी ने 27 जून को पटना से दो लोगों को गिरफ्तार किया था। सीबीआई की टीम ने शुक्रवार को दिनभर एहसान उल हक सहित तीन लोगों से पूछताछ की। सीबीआई तीनों को झारखंड से बिहार ले जा रही है। सीबीआई और पुलिस सूत्रों के मुताबिक तीन मई को कूरियर एजेंसी ब्लू डार्ट के हजारीबाग नूतन नगर सेंटर से प्रश्नपत्र बैंक ले जाने के बजाय पहले ओएसिस स्कूल लाया गया था। इसके बाद यहां से बैंक भेजा गया। ऐसे में शक का दायरा बढ़ता जा रहा है कि प्रश्नपत्र के पैकेट को खोलने का खेल स्कूल में ही हुआ है। सीबीआई की टीम इस मामले में छह राज्यों में कार्रवाई कर रही है। इसमें बिहार, झारखंड, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान और यूपी शामिल हैं।

**पेपर लीक मामले में चार आरोपियों की गोधरा कोर्ट में पेशी**

**गोधरा।** नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट अंडर ग्रेज्युएट (नीट-यूजी) पेपर लीक मामले में सीबीआई ने शुक्रवार को गिरफ्तार चार आरोपितों को गोधरा चीफ कोर्ट में पेश किया। सीबीआई ने आरोपितों की चार दिनों की रिमांड मांगी। गोधरा चीफ कोर्ट रिमांड अर्जी पर शनिवार को सुनवाई करेगा। सीबीआई ने गोधरा चीफ कोर्ट में आरोपित आरीफ वोरा, तुषार भट्ट, विभोर आनंद और परषोत्तम शर्मा को 4 दिनों के रिमांड की मांग की है। सरकारी वकील राकेश ठाकोर ने कहा कि शुक्रवार को रिमांड अर्जी पर सुनवाई शुरू होने के बाद कोर्ट ने आगे की सुनवाई के लिए शनिवार का दिन तय किया है। इनमें से 2 आरोपितों के वकील ने रिमांड मांगे जाने पर कहा कि उन्हें इस पर कोई आपत्ति नहीं है। पेपर लीक मामले के पकड़े गए 5 आरोपित अभी गोधरा सब जेल में कैद हैं।

श्री इस्लाम के शपथ लेने के बाद विपक्षी सदस्य पुन: शोर करने लगे। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के सदस्य सदन के बीचोबीच आकर हंगामा और नारेबाजी करने लगे। विपक्षी सदस्य कह रहे थे कि विद्यार्थियों के साथ न्याय होना चाहिए। वे नारे लगा रहे थे,... विद्यार्थियों को न्याय दो, न्याय दो।... उनका कहना था कि इस मुद्दे पर तत्काल चर्चा करायी जानी चाहिए। वे शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करने की भी मांग कर रहे थे। श्री बिरला ने सदस्यों से शांत रहने और अपनी-अपनी सीट पर जाने के कई बार कहा, लेकिन विपक्षी सदस्यों ने उनकी कोई बात नहीं सुनी। उन्होंने कहा कि मतदाताओं ने सदस्यों को नारेबाजी करने के लिये चुनकर यहां नहीं भेजा है। सदन और सड़क में अंतर होना चाहिए।

## दिल्ली एयरपोर्ट टर्मिनल-1 पर छत का ऊपरी हिस्सा गिरा, एक की मौत

**तीन गाड़ियां चपेट में, 8 घायल, इंडिगो-स्पाइस जेट की उड़ान निरस्त**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के पालम स्थित इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल -1 पर बड़ा हादसा हो गया। छत का ऊपरी हिस्सा अचानक गिरने से मलबे में तीन गाड़ियां दब गईं। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि सात अन्य घायल हो गए। इन्हें फौरन अस्पताल पहुंचाया गया। मौके पर दमकल विभाग की चार गाड़ियां और पुलिस की टीम पहुंची।

दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया ने बताया कि मलबे में आठ लोग दबे थे। उन्हें निकालकर मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। इसमें एक की मौत हो गई। सात घायलों का इलाज चल रहा है। इंडिगो और स्पाइस जेट ने एक्स पर यात्रियों को अपडेट किया है कि टर्मिनल -1 क्षतिग्रस्त होने के कारण दिल्ली में उड़ान निरस्त हो गई है, क्योंकि यात्री टर्मिनल में प्रवेश नहीं कर पा रहे। दोनों कंपनियों ने कहा है कि टर्मिनल के अंदर पहले से ही मौजूद यात्री अपनी उड़ानों में सवार हो सकेंगे। दिन में बाद की उड़ान वाले यात्रियों का नंबर आयेगा। यात्रियों को सलाह दी गई है कि हवाई अड्डे के लिए रवाना होने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति को जान लें।



**मृतक परिजनों को 20 लाख व घायलों को तीन लाख सहायता**

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (आईजीआई) टर्मिनल दुर्घटना के शिकार हुए लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 20 लाख और घायलों के लिए 3 लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की। शुक्रवार सुबह टर्मिनल पर यह हादसा हुआ और मंत्री घटनास्थल का मुआयना करने पहुंचे थे।

### हैदराबाद : शादनगर के कारखाने में धमाके से छह की मौत, 15 घायल

**हैदराबाद।** रंगारेड्डी जिले के शादनगर की साउथ ग्लास फैक्टरी में शुक्रवार को कंप्रेसर फटने से 6 लोगों की मौत हो गई और 15 लोग घायल हो गए। इसकी आधिकारिक पुष्टि कुछ देर पहले हुई है। पुलिस और दमकलकर्मी मौके पर आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं। कांच फैक्टरी में कंप्रेशर फटने से हुए भीषण विस्फोट में 6 लोगों की मौत हो गई और करीब 15 लोग घायल हुए हैं। गंभीर रूप से घायलों को बेहतर इलाज के लिए उस्मानिया और गांधी अस्पताल ले जाया गया है। मृतकों में अधिकतर ओडिशा, बिहार और उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। जानकारी के अनुसार विस्फोट के समय 150 से अधिक मजदूर फैक्टरी में मौजूद थे।

## धान क्रय केंद्र निर्धारण व हैडलिंग में अनियमितता, तीन निलंबित

**प्रमुख सचिव के सख्त निर्देश पर हुई कार्रवाई फर्म काली सूची में**

समृद्धि न्यूज

**चंदौली।** यूपी के चंदौली जिले में धान क्रय केंद्र निर्धारण और हैंडलिंग तथा भुगतान व धान क्रय कमीशन में बरती गई अनियमितता के आरोप में कार्रवाई का दौर जारी है। सहायक आयुक्त व सहकारिता विभाग के सहायक निबंधक अजय कुमार मौर्य को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। इसके अलावा विभाग के पटल प्रभारी व अपर जिला सहकारी अधिकारी शिव भगवान द्विवेदी को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए गए।

वहीं इस मामले में संबंधित ठेकेदार प्रमोद कुमार सिंह की फर्म को भी काली सूची में डालने के निर्देश दिए गए है। यह कार्रवाई सहकारिता विभाग के प्रमुख सचिव राजेश कुमार सिंह ने की है। शासन की कार्रवाई से विभागीय अधिकारियों व कर्मियों में हड़कंप मच गया है। ज्ञात हो कि प्रदेश के प्रमुख सचिव सहकारिता राजेश कुमार सिंह ने चंदौली के सहायक आयुक्त व सहायक निबंधक सहकारिता अजय कुमार मौर्य के निलंबन संबंधित आदेश जारी कर दिया है।आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता को पत्र प्रेषित कर पटल प्रभारी व अपर जिला सहकारी अधिकारी शिव भगवान द्विवेदी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए कार्रवाई से अवगत कराने का निर्देश दिया गया है।

### पेपर लीक मामले को लेकर ओम प्रकाश राजभर तलब

**लखनऊ ।** पेपर लीक के विवादों में घिरे सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के विधायक बेदी राम को लेकर योगी सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर को केंद्रीय नेतृत्व ने दिल्ली तलब किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक ओम प्रकाश राजभर बेटे अरविंद से दिल्ली में मामले को लेकर पूछताछ की जा सकती है। आप को बता दें कि पेपर लीक मामले को लेकर इससे पहले ओम प्रकाश राजभर ने लोक भवन में सीएम योगी आदित्यनाथ से भी मुलाकात की थी बताया जा रहा है कि बेदी राम मामले को लेकर यूपी से लेकर केंद्रीय नेतृत्व तक सख्त नजर आ रहा है। इसी क्रम में अपने बेटे अरविंद राजभर के साथ ओम प्रकाश राजभर दिल्ली पहुंचे हैं। हालांकि अब देखना हो कि केंद्रीय नेतुत्व क्या फैसला लेता है।

## लापरवाही के चलते नगर निगम जोन-7 के अधिशासी अभियंता (सिविल) निलम्बित

**आगरा स्वास्थ्य सेवा के जोनल सेनेटरी ऑफिसर भी निलंबित**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने शासकीय आदेशों की अवहेलना, कर्तव्यों के प्रति उदासीनता व लापरवाही बरतने पर नगर निगम आगरा व लखनऊ के दो अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है।

नगर निगम, आगरा में उत्तर प्रदेश पालिका (केन्द्रीयित) स्वास्थ्य सेवा के जोनल सेनेटरी ऑफीसर महेश चन्द्र को शासकीय आदेशों की अवहेलना व अवचार पर तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। इसी प्रकार नगर निगम, लखनऊ में जोन-07 के अधिशासी अभियंता (सिविल) बिजेन्द्र पाल को अपने पदीय दायित्वों एवं कर्तव्यों के प्रति उदासीनता व लापरवाही बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। इन दोनों निलम्बित अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति भी कर दी गई है। लखनऊ नगर निगम में जोन-7 के अधिशासी अभियन्ता (सिविल) बिजेन्द्र पाल द्वारा अपने क्षेत्रों में नाला सफाई के कार्य को समय से न कराये जाने, अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन निष्ठापूर्वक न किये जाने तथा कार्यों में रूचि न लेने आदि के कारण निलम्बित किया गया है. नगर निगम लखनऊ की महापौर द्वारा जोन-7 स्थित लोहिया नगर, शंकर पुरवा द्वितीय, इन्दिरा नगर वार्ड के पास के नालों की सफाई कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया था, जिसमें कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया।




## भाजपा की गलत आर्थिक नीतियों से बेतहाशा बढ़ी महंगाई : अखिलेश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा के सत्ता में आते ही महंगाई बढ़ने लगी है। बाजार में उपभोक्ता के लूट की खुली छूट है। भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण महंगाई अब चरम पर पहुंच गयी है। खाने-पीने की चीजों से लेकर मोटरसाइकिल, साइकिल, ईंधन समेत जरूरत की हर सामान महंगा होता जा रहा है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई रोकने में पूरी तरह विफल है। इस सरकार को जनता की परेशानियों की कोई चिंता नहीं है। चुनाव खत्म होते ही दूध,तेल की कीमतें बढ़ गयी है। सब्जियों और दालों



की कीमते आसमान छू रही है। पढ़ाई, लिखाई और दवाई के बोझ तले आम जनता पहले से दबी है। महंगाई के इस दौर में आम जनता के लिए जीवनयापन करना मुश्किल है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि सच तो यह है कि बाजार पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। दाले 200 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। आलू 40 रुपये प्रति किलो ग्राम मिल रहा है। अन्य सब्जियों की बढ़ी कीमतों ने लोगों का बजट बिगाड़ दिया है। गरीब और मध्यम वर्ग के लिए दो जून की रोटी की व्यवस्था कर पाना मुश्किल है।

**फैसला**

**जस्टिस राहुल चतुर्वेदी और जस्टिस मोहम्मद अजहर हुसैन इदरीसी की पीठ ने कहा**

## बिना ठोस सामग्री हत्या का आरोप यांत्रिक रूप से जोड़ना गम्भीर

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हाल ही में राज्य के ट्रायल कोर्ट के जजों द्वारा दहेज हत्या और दहेज से सम्बंधित अमानवीय व्यवहार से जुड़े मामलों में बिना किसी ठोस सामग्री के आईपीसी की धारा 302 (हत्या) को नियमित और यांत्रिक रूप से जोड़ने पर आपत्ति जताई।

जस्टिस राहुल चतुर्वेदी और जस्टिस मोहम्मद अजहर हुसैन इदरीसी की पीठ ने राम मिलन बुनकर, थाना नरहट, जिला ललितपुर व अन्य दाखिल कई अपीलों पर पारित करते हुए कहा कि दहेज हत्या और दहेज सम्बंधित अमानवीय व्यवहार से जुड़े मामलों में हत्या का आरोप (आईपीसी की धारा 302) यांत्रिक रूप से जोड़ने से स्थिति ÷अधिक गम्भीर और गम्भीर÷ हो रही है। न्यायालय ने कहा, ÷जांच के दौरान एकत्र किए गए साक्ष्य की प्रकृति के आधार पर आरोप तय किए जाते हैं, न कि केवल हवा में या मनमाने तरीके से। वास्तव में, हमारी निचली अदालतें कानून के आदेशों या किसी गलत धारणा के तहत, बिना किसी ठोस सामग्री के वैकल्पिक आरोप के रूप में आईपीसी की धारा 302 को जोड़ती रहती हैं। इससे आरोपित-अपीलकर्ता के लिए बुरे परिणाम सामने आएंगे।÷ न्यायालय ने स्पष्ट किया कि अदालतों के लिए उचित तरीका यह है कि वे जांच के दौरान एकत्र किए गए साक्ष्य, चाहे प्रत्यक्ष हों या परिस्थितिजन्य, प्रथम दृष्ट्या धारा 302 आईपीसी के तहत आरोप जोड़ने का समर्थन करते हैं या उसे उचित ठहराते हैं, उसके बाद ही ट्रायल जज को हत्या का आरोप तय करना चाहिए। हाईकोर्ट ने कहा कि ऐसी स्थिति में, धारा 302 आईपीसी के तहत आरोप मुख्य आरोप होगा न कि वैकल्पिक आरोप, जैसा कि राज्य में ट्रायल कोर्ट ने दहेज हत्या का आरोप तय करते समय गलत तरीके से मान लिया था। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि ÷यदि अभियुक्त के खिलाफ हत्या का मुख्य आरोप ट्रायल में साबित नहीं होता है, तो न्यायालय केवल यह निर्धारित करने के लिए साक्ष्य पर गौर करेगा कि क्या धारा 304 बी आईपीसी के तहत दहेज हत्या का वैकल्पिक आरोप स्थापित होता है या नहीं।



**पैसे का भुगतान नहीं तो नहीं चलेगा जबरन वसूली का केस**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि यदि पैसे नहीं दिए गए हैं तो भारतीय दंड संहिता की धारा 387 भयभीत कर जबरन वसूली (उद्दापन) का अपराध नहीं बनता। इसी के साथ कोर्ट ने मेसर्स बालाजी ट्रेडर्स के प्रोपराइटर मनोज कुमार अग्रवाल द्वारा सुपारी दाना गुटखा व्यवसायी संजय गुप्ता उर्फ संजय मोहन के खिलाफ जालौन, उरई में अपर सत्र अदालत में चल रहे आपराधिक केस कार्यवाही रद्द कर दी है। कोर्ट ने कहा पैसे नहीं दिए गए इसलिए याची पर जबरन वसूली का केस नहीं बनता। यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने संजय गुप्ता की धारा 482 के तहत दाखिल संजय गुप्ता की याचिका को मंजूर करते हुए दिया है। मालूम हो कि विपक्षी मनोज कुमार अग्रवाल ने उरई कोतवाली में 22 मई 22 की घटना की शिकायत की।

# गार्डनिंग कार्य से कलेक्ट्रेट पार्क की बढ़ाये सुंदरता

▸ डीएम ने पटलों की जानकारी लेकर देखे विभागीय रिकॉर्ड, परिसर की साफ सफाई पर जताया संतोष



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम संजय कुमार सिंह संग कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया। हर पटल के बारे में जानकारी की और विभागीय रिकॉर्ड देखे। परिसर की साफ सफाई पर संतोष व्यक्त किया। डीएम ने राजस्व अभिलेखागार, अभिलेखागार माल, भू-लेख अनुभाग, जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय, उपजिला मजिस्ट्रेट न्यायालय, अपर उप जिलाधिकारी न्यायालय, बंदोबस्त अधिकारी, चकबंदी न्यायालय, संयुक्त कार्यालय, जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय सहित विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर अभिलेखों के रख-रखाव व साफ-सफाई का जायज़ा लिया तथा मौके पर ही सम्बन्धित अधिकारियों-कर्मचारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये। डीएम ने प्रभारी अधिकारी (संयुक्त कार्यालय) डिप्टी कलेक्टर रेणु मिश्रा को कलेक्ट्रेट पार्क की सुंदरता को बढ़ाने के लिए डीएचओ से समन्वय कर गार्डनिंग कार्य के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। डीएलआरसी कक्ष में ट्यूबलाइट टेढ़ी होने पर इसे ठीक करने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट परिसर में रखी लकड़िया को नियमानुसार कार्यवाही करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने संयुक्त कार्यालय के विभिन्न पटलो पर जाकर पटल सहायकों का परिचय और कार्य दायित्व जाना। निर्देश दिया कि फाइलों व रिकार्डों का रख-रखाव व्यवस्थित ढ़ंग से करते हुए कार्य को सुचारू तरीके से संचालित किया जाए। शिकायत कक्ष में शिकायतों के अपलोडिंग एवं निस्तारण, आईजीआरएस की वर्तमान और पिछली रैंकिंग, असंतोषजनक फीडबैक के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने न्यायिक और राजस्व अभिलेखागार का निरीक्षण करते हुए रेवेन्यू रिकॉर्ड के बारे में जानकारी की। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर रेनू मिश्रा, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एसपी सक्सेना, प्रशासनिक अधिकारी/ नाजिर मो. सलीम, प्रशासनिक अधिकारी/ राजस्व सहायक खुशाल सिंह मौजूद रहे।

# सभी बीडीओ बाढ़ इलाकों का करें भ्रमण : डीएम

## डीएम ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष शारदा नगर को मिलवाया फोन, परखी क्रियाशीलता

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

खीरी में बाढ व अन्य प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने और उनके प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से शुक्रवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अफसरों संग सम्बन्धित विभागों द्वारा की जाने वाली तैयारियों के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट में द्वितीय जिलास्तरीय बाढ़ स्टेरिंग ग्रुप बैठक ली,अफसरों को सम्भावित बाढ़ को देखते हुए कारगर और प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिले में संभावित बाढ़ की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए डीएम ने सभी सम्बन्धित एसडीएम को निर्देश दिया कि बाढ़ चौकियों, बाढ़ राहत केन्द्रों, बाढ़ शरणालयों, लंगर स्थलों के चयन, तहसील अन्तर्गत उपलब्ध सरकारी व गैर सरकारी नावों, मल्लाहों, गोताखोरो की उपलब्धता का जायजा लेकर प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए।

जिले में एक जून से कंट्रोल रूम संचालित है, जिसपर डीएम ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष शारदा नगर का फोन मिलवाया और उसकी क्रियाशीलता परखी। डीएम ने जाना कि अबतक किन बीडीओ ने संवेदनशील बाढ़ इलाकों का भ्रमण किया। निर्देश दिए कि सभी बीडीओ संवेदनशील बाढ़ इलाकों का स्थलीय भ्रमण अवश्य कर लें। बाढ़ चौकी के बाढ़ चौकी के निकट अस्थाई शौचालय एवं स्नानागार बनवाए एवं उसकी सफाई भी सुनिश्चित कराई जायेगी। राहत कैंपों में सोलर लाइट एवं पेट्रोमैक्स की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। डीपीआरओ ने बताया कि इसबार 91 नई नाव ग्राम निधि से खरीदी गई। इनको मिलाते हुए 235 नाव क्रियाशील है। डीएम ने निर्देश दिए कि बाढ़ के दौरान प्रभावित व्यक्ति मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे इसलिए राहत कैंपों को सुविधाओं से युक्त बनाएं। वहां पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराए। बीएसए को निर्देश दिए की बाढ़ के दौरान राहत कैंपों में शिक्षा के प्रबंध किए जाएं। इसके लिए एक अलग कक्ष आरक्षित किया जाए। जहां पढ़ाई के साथ-साथ खेल की गतिविधियों की भी मुकम्मल इंतजाम हो। सीएमओ ने बताया कि संवेदनशील बाढ़ क्षेत्र के लिए 10 मोबाइल टीम का गठन करते हुए बाढ़ चौकिया पर ड्यूटी लगाई है। चिकित्सा कैंपों में ओआरएस, क्लोरीन की गोली, सेनेटरी नैपकिन सहित अन्य जरूरी औषधीय की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने निर्देश दिए कि सभी बीडीओ को संवेदनशील बाढ़ क्षेत्र की गौशालाओ को चिन्हित करते हुए बाढ़ के दौरान गोवंशो की शिफ्टिंग की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।



### कटाव निरोधक परियोजनाओं को क्रॉस चेक करेंगे एसडीएम, देंगे अपनी रिपोर्ट: जिलाधिकारी

बैठक में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने नगरीय क्षेत्र के ईओ को निर्देश दिए कि वह अपने कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित करते हुए उसका नंबर आमजन में जारी करें। नगरीय क्षेत्र में जलभराव की सूचना मिलते ही त्वरित रेस्पॉन्ड करें। वर्षा के तुरंत बाद जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही ना हो। उन्होंने नगर निकायवार नाले नालियों की सफाई की प्रगति जानी। निर्वाचन पूर्व धनावंटन के बाद भी टेंडर प्रक्रिया न होने ओर बरसात पूर्व नाली निर्माण न होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए अधिशासी अधिकारी कोयल का स्पष्टीकरण तलब किया। डीएम की अपील, आमजन बाढ़ कन्ट्रोल रूम को दे सूचना, कंट्रोल रूम के नंबर जारी डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि जिले के ऐसे संवेदनशील बाढ़ क्षेत्र जहां बाढ़ से प्रभावित होने की आशंका हो वहां के निवासीगण कंट्रोल रूम के दिए गए नंबरों पर सूचना दे बाढ़ नियंत्रण कक्ष, (शारदानगर ) बाढ़ खण्ड शारदानगर लखीमपुर-खीरी 9648619301 बाढ़ नियंत्रण कक्ष, (शारदा बैराज ) सिंचाई खण्ड, शारदानगर 7376218827, बाढ़ नियंत्रण कक्ष (छाउछ कालोनी) सिंचाई खण्ड - प्रथम 9236263109।

# आपदा मित्रों ने जनता दरबार में मुख्य सचिव को दिया ज्ञापन

▸ आपदा मित्रों को एनडीएमए योजना के अंतर्गत चयनित कर किया प्रशिक्षित



**गोला गोकर्णनाथ खीरी समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश आपदा मित्र जिला लखीमपुर खीरी के जिला अध्यक्ष आदेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के जनता दरबार में मुख्य सचिव को ज्ञापन दिया।

आपदा मित्र के भाई बहन की विभिन्न समस्याओं को लेकर मांग की गई जिसमें ज्ञापन में लिखा है कि आपदा मित्रों को ट्रेनिंग लिए हुए 2 वर्ष से अधिक समय हो गया है लेकिन अभी तक कोई भी कार्य नहीं दिया गया है। आपदा मित्रों को कार्य देते हुए मानदेय दिया जाए। आपदा मित्रों को एनडीएमए योजना के अंतर्गत चयनित कर प्रशिक्षित किया गया है।

इस मौके पर सिद्धार्थनगर के जिला अध्यक्ष महेंद्र कुमार, बहराइच से जिला अध्यक्ष पवन अवस्थी, बलरामपुर से जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, रामपुर से अरविंद राजा, जिला लखीमपुर के सचिव रामू दिवाकर उपाध्यक्ष मंगल यादव, जिला मीडिया प्रभारी सुरेश राजपूत, तहसील निघासन अध्यक्ष सचेत मौर्य, मीडिया प्रभारी अरविंद मौर्या, प्रदीप मौर्या, पवन कुमार, और जिला आपदा महिला मित्र संगठन की पदाधिकारी शिवानी आदि सभी इस मौके पर उपस्थित रहे।

# सीएचसी अधीक्षक मितौली की अस्पतालों पर बड़ी कार्यवाही

▸ अनाधिकृत रूप से संचालित दो अस्पतालों को किया गया सीज

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश पर सीएचसी अधीक्षक मितौली बड़ी कार्यवाही करते हुए अनाधिकृत रूप से संचालित पिपरझला व कस्ता में दो अस्पतालों को सीज कर दिया। जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मितौली व कस्ता में अस्पतालों पर छापा मार कर जांच पड़ताल की गई। बताते हैं कि इस दौरान अनाधिकृत रूप से संचालित



पिपरझला व कस्ता में दो अस्पतालों को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सीज किया गया।

स्वास्थ्य विभाग की कार्यवाही से अवैध अस्पताल संचालकों में हड़कंप मच गया है।

# समर कैम्प के आयोजन में दी गई पर्यावरण से संबंधित जानकारी



**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी के आदेशानुसार खण्ड शिक्षा अधिकारी भगवान राव के निर्देशन में उच्च प्राथमिक विद्यालय खुड़ेहरा पिपरिया में बच्चों का दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन प्रधानाध्यापक जमाल अहमद के द्वारा संचालित किया गया। समर कैंप के प्रथम दिन बच्चों को पर्यावरण से संबंधित व्यापक जानकारी दी गई। बच्चों ने गमले में पेड़ लगाकर उसकी देखभाल करने की जिम्मेदारी ली।

बच्चों को पिपरिया में तैयार हो रहे उद्यान केंद्र का भ्रमण कराया गया और उसके महत्व के बारे में बताया गया। विद्यालय में बच्चों को विशेष पकवान में हलवा खिलाया गया।कैंप के दौरान अनुदेशक अमित कुमार , विजय कुमार, अनुचर बृजनंदन, रसोइया मीना, अर्चना, किरन आदि उपस्थित रहे।

# उद्यमियों की समस्याओं का समय से कराएं निस्तारण: डीएम

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जिले के उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक हुई। बैठक के दौरान डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि उद्यमियों, व्यापारियों, निर्यातकों की जायजा समस्याओं का समयबद्धता एवं गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाए।

ताकि जनपद में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने किया।

डीएम ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। समस्याओं के तत्परतापूर्वक निदान से उद्यमियों



में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ता है। व्यापारियों द्वारा उठाई समस्याओं के निदान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उद्यमियों के लिए हमारा कार्यालय हमेशा खुला है। उद्यमी सीधे उनसे सम्पर्क कर अथवा दूरभाष के द्वारा अपनी समस्याओं से अवगत करा सकते है। डीएम ने निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदनों के संदर्भ में संबंधित विभागों से पूछताछ कर कारण जाना,जल्द ही निस्तारण के निर्देश दिए। उद्यमी अपनी समस्या के संबंध में प्रशासन को जानकारी देकर निदान करा सकते हैं।

बैठक में डीएम के समक्ष सीडीओ में अवगत कराया कि जिले में 122 उद्यमियों ने 2439.09 करोड़ एमओयू साइन किया, जिसमें 45 इकाइयां 1127.19 करुण की जीबीसी हो चुकी है। इस पर पूरा परिसर तालिया की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि उद्यमियों के हर समस्या के निदान हेतु पुलिस प्रशासन तत्पर है। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बैठक की आवश्यकता व प्रासंगिकता पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए। सीडीओ ने व्यापारियों द्वारा उठाई गई समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया। उपायुक्त (उद्योग) संजय सिंह ने गत बैठक में हुए निर्णयों के अनुपालन की जानकारी दी। बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदन पत्रों, विभाग द्वारा संचालित पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम, एमवाईएसवाई, ओडीओपी वित्तपोषण सहित रोजगारपरक योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक की शुरुआत में उपायुक्त (उद्योग) संजय सिंह ने गत बैठक में लिए गए निर्णय की अद्यतन प्रगति बताई।




# मिल प्रबंधन के खिलाफ कर्मचारियों ने शुरू किया धरना

**पलिया कलां खीरी।** चीनी मिल मजदूर संघ पलिया द्वारा कर्मचारियों की तमाम समस्याओं को लेकर एक मांग पत्र दिनांक 21/12/2023 को मिल प्रबंधन को दिया गया था। प्रबंधन द्वारा समय मांगने पर दिनांक 10/1/2024 व 30/1/2024 तक का समय दिया गया था। दिनांक 29/1/2024 को जोनल हेड के समक्ष एक समझौता हुआ था जिसका निस्तारण भी अभी तक नही किया गया पुनः संघ द्वारा 12/3/2024 को एक रिमाइंडर दिया गया लेकिन उस पर भी अभी तक कोई विचार प्रबंधन द्वारा नहीं किया गया जिसके चलते पुनः संघ द्वारा 11/6/2024 को एक मांग पत्र दिया गया जिसमें 15 दिन का समय दोबारा दिया गया इसमे भी प्रबंधन द्वारा कोई निर्णय नहीं लिया गया जिसके चलते मजदूर संघ के कर्मचारियों में आक्रोश पनप उठा और विवश होकर संघ ने 28/6/2024 को पलिया मिल गेट पर धरना शुरू कर दिया। धरना की अगुवाई नंद किशोर तिवारी के नेतृत्व में की गई।

# जन सूचना अधिकार के तहत मकान के बारे में मांगी जानकारी

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

मोहल्ला मुन्नूगंज निवासी मंजू शुक्ला पत्नी अनुज कुमार शुक्ला ने जन सूचना अधिकार के तहत उप जिलाधिकारी/ईओ से छह बिंदुओं पर सूचना मांगी है।

जिसमें उन्होंने कहा है कि नगर पालिका परिषद के अभिलेखों में बाबूराम पुत्र जानकी प्रसाद के दो मकान मोहल्ला मुन्नूगंज और कुमाहरन टोला में स्थित है। उपरोक्त दोनों मकान बाबूराम पुत्र जानकी प्रसाद के नाम पर नगर पालिका परिषद के अभिलेखों में किस तारीख तक अंकित रहे। दोनों मकानो का क्षेत्रफल, चारों दिशाओं की माप व मकानो के नंबर क्या है दोनों मकान बाबूराम की निधन के बाद कौन से अधिकारी के द्वारा किस तिथि पर वरासत व विक्रय पत्र के आधार पर अंकित किया गया? उन्होंने पूछा है कि आवेदिका मंजू शुक्ला के पंजीत विक्रय पत्र 25 सितंबर 2023, विक्रेता विश्वजीत उर्फ विस्सू हेतु उक्त विक्रय पत्र के आधार पर दाखिल खारिज प्रार्थना पत्र में वसीयत, मृत्यु प्रमाण पत्र और रसीद मूल्य 500 की रसीद कटाई लेकिन उक्त इंद्राज आवेदिका के नाम पर क्यो नही किया गया है। उक्त पत्रावली क्यो विचाराधीन है। जिसकी लिखित जानकारी दी जाए।

### नौकरी दिलाने का झांसा देकर रुपए हड़पने का आरोप, दी तहरीर

**धौरहरा खीरी।** निघासन थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक ने धौरहरा थाना क्षेत्र के रहने वाले युवक पर नौकरी दिलवाने की बात कहकर दो बार में चार लाख बयासी हजार रुपए ले लेने का आरोप लगाते हुई धौरहरा पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। निघासन थाना क्षेत्र के रकेहटी गांव निवासी इस्तियाक ने आरोप लगाया है कि धौरहरा थाना क्षेत्र के महराजनगर निवासी कपिल ने उसे अल्पसंख्यक विभाग में नौकरी दिलवाने का वादा करके चार लाख बयासी हजार रुपए ले लिए। काफी दिनों तक जब नौकरी नहीं मिली तो उसने अपने पैसे वापस मांगे तो टाल-मटोल करते रहे। काफी मिन्नतों के बाद पच्चासी हजार रुपए वापस कर दिए। बचे रुपए वापस न करने पर इस्तियाक ने पुलिस को शिकायती पत्र दे कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# नवागत गोला कोतवाल बोले फुटपाथों से हटेगा अतिक्रमण



**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

▸ सावन माह के दृष्टिगत किसी भी प्रकार की नहीं होगी समस्या

नवागत कोतवाल के गोला कोतवाली का चार्ज संभालते ही गोला कोतवाल रमेश चंद्र पांडे ने प्रेस वार्ता कर सभी पत्रकारों से क्षेत्र की समस्याओं के बारे में जाना। पत्रकारों ने नगर में सड़को के किनारे अतिक्रमण, अवैध टैक्सी स्टैंड समेत अन्य कई मुद्दों के बारे में कोतवाल को जानकारी दी। इस पर नवागत इंस्पेक्टर कोतवाल गोला रमेश चंद्र पांडे ने कहा कि गस्त के दौरान अतिक्रमण फैलाने वाले ठेला दुकानदारों को 2 फीट पीछे करने के लिए कहा जा रहा है आवश्यकता पड़ने पर चालान कर या अन्य संभव प्रयास कर अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। आगामी सावन माह के दृष्टिगत नगर में किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं होने दी जाएगी वही आने वाले फरियादियों के लिए गोला कोतवाल ने कहा कि जो भी फरियादी आएगा उसकी सुनी जाएगी।

# इनर व्हील क्लब ऑफ लखीमपुर नवदिशा का सत्र शुरू

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

इनरव्हील क्लब आफ लखीमपुर नवदिशा ने अपने नए सत्र 2024-25 की शुरुआत एक होटल में एक प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से पत्रकारो से रूबरू हो कर की गई।

इस मीटिंग में गौरी गुप्ता को अध्यक्ष व गुंजन गुप्ता को सचिव बनाया गया जिन्होंने अपना पद संभाल कर पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने की शपथ ली।

सभी मीडिया के लोगों का अध्यक्ष व सचिव द्वारा स्वागत व सम्मान किया गया।

कोषाध्यक्ष नीतू अग्रवाल ,आइ एस ओ कनक बरनवाल और एडिटर प्रीति सिंह ने भी अपना पद संभाला। साथ में सभी पदाधिकारियों ने अपने दस्तावेजों का आदान प्रदान भी किया। इसके बाद अध्यक्षा गौरी गुप्ता ने सभी पदाधिकारियों को आगे के कार्यक्रम की सूचना दी।



# ट्रक ने पिकअप को मारी टक्कर तीन की मौत, एक घायल

**खमरिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**

थाना खमरिया क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर स्थित ऊंचगांव के निकट गुरुवार की रात करीब 9:00 बजे तेज रफ्तार ट्रक ने एक पिकअप को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पिकअप में सवार तीन लोगों की मौत हो गई।

वहीं एक अन्य घायल हो गया। थाना खमरिया क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर गुरुवार की रात करीब 9:00 बजे लखीमपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार ट्रक गाड़ी संख्या यूपी 21सी टी 7385 ने अदलिशपुर से केला लेकर लखनऊ जा रही पिकअप गाड़ी संख्या यूपी 31टी 5655 को जोरदार टक्कर मार दी जिससे पिकअप पर सवार कुल 4 लोग घायल हो गए। घायलों को खमरिया पुलिस ने सी एच सी खमरिया भेजा जहां लल्लू (20) पुत्र सुरेश निवासी अदलिशपुर मजरा मुराउन पुरवा की मौत हो गई वहीं मृतक के अन्य भाई कमलेश पुत्र अशर्फी ,महेश पुत्र सुरेश व रिंकू पुत्र सुरेश को जिला अस्पताल ओयल रेफर किया गया जहां इलाज के दौरान कमलेश (40) की मौत हो गई। वहीं महेश (32) को गंभीर हालत के चलते लखनऊ रेफर किया गया लेकिन महेश ने रास्ते में दम तोड दिया तथा जिला अस्पताल से घायल रिंकू को लखनऊ रेफर किया गया जिसका लखनऊ में इलाज जारी है। खमरिया पुलिस के मुताबिक दोनो वाहनों को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।



### शहीद मर्द बाबा की मजार पर उर्स व मेले का शुभारंभ

**मितौली-खीरी।** कस्बे में राजा लोने सिंह की गढ़ी पर स्थित कस्बे में राजा लोने सिंह की गढ़ी पर स्थित शहीद मर्द बाबा की मजार पर गुरुवार देर शाम सालाना उर्स व मेले का शुभारंभ किया। सबसे पहले शहीद मर्द बाबा की मजार पर मिलाद शरीफ का कार्यक्रम किया गया। जिसके बाद जवाबी कव्वाली का आयोजन किया गया।

पूर्व प्रधान मितौली दिनेश कुमार मास्टर ने फीता काटकर उर्स व मेले का शुभारंभ किया। जिसके बाद गोण्डा से आए कव्वाल साबीद चिश्ती व मुरादाबाद से आई क़व्वाला सूफिया चिश्ती के मध्य जवाबी कव्वाली का मुकाबला हुआ। पूरी रात कव्वालो ने जवाबी कव्वाली पेश करते हुए समा बांध दिया।

# बजबजाते नाले व सड़क से निकलना ग्रामीणों के लिए दूभर

▸ सफ़ाई कर्मियों के सफाई न करने से फैल रही गंदगी

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जहां एक ओर देश और प्रदेश की सरकार गांवों को गंदगी मुक्त बनाने के लिए कृतसंकल्पित होकर स्वच्छता अभियान जैसा महा अभियान चलाकर गंदगी मुक्त देश व प्रदेश का स्वच्छ भारत का सपना साकार करने में जुटी हुई हैं जिसके तहत नेता मंत्री यहां तक जानी मानी हस्तियां सफाई अभियान को सफल बनाने के लिए हाथों में झाड़ू पकड़े दिखाई दिए थे वहीं दूसरी ओर 91 ग्राम पंचायत वाली विकास खंड मितौली का नजारा



कुछ और ही दिखाई देता है। मितौली कस्बे में सांई मंदिर जाने वाली सड़क के किनारे बनी नालियों की सफाई न होने के कारण नालियां बजबजाती रहती हैं, बस्ती के लोगो को उसी रास्ते से बराबर निकलना पड़ता है जिससे बीमारियों का खतरा बना रहता है। उक्त रास्ते से गुजरने वाले बुजुर्गों के लिए बहुत बड़ी चुनौती है। जुलाई में विद्यालय खुल जाएंगे जिससे नौलिहानों को निकलना दूभर हो जाएगा। ग्रामीणों ने बताया उक्त रास्ते पर पांच मंदिर व दो मस्जिद एवं एक राजा लोने सिंह की गढ़ी है परन्तु सफाई कर्मचारियों को साफ सफाई करने में गुरेज रहता है। मितौली कस्बा निवासी समाज सेवी अमित गुप्ता ने कई बार उक्त रास्ते को साफ कराया है चौक पड़ी नालियों का गन्दा एवं बदबू दार पानी रास्ते के ऊपर से गुजरता है जिसके ऊपर से कस्बे वासियों का निकलना एक मजबूरी बनी है। लोकसभा सभा चुनाव के बाद से अब तक सफाई कर्मचारी अपने अपने कार्य अस्थल पर सफाई करना तो दूर वह कार्यस्थल पर जाना मुनासिब भी नही समझते हैं। शासन प्रशासन जान कर भी अंजान बना हुआ है। विकासखंड की ग्राम पंचायत बबौना का मजरा महमदपुर (डहका) रौतापुर, कस्ता,टेम्हरा, परसेहरा, डहर, सहित तमाम ग्राम पंचायतो में गंदगी का साम्राज्य व्याप्त है। यहां पर बात यह है कि जब पूरे देश प्रदेश के नेता मंत्री तक हाथ में झाड़ू लेकर सफाई करने में गुरेज नहीं करते हैं तो राजस्व गांव में तैनात सफाई कर्मी अपने कार्य स्तर पर कार्य न करके कभी कभार दिहाड़ी पर मजदूर लगाकर जहां-तहां साफ सफाई करवा देते हैं।

# एलडीए का घोटाला, अखिलेश के ड्रीम प्रोजेक्ट की फाइल लापता

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी सरकार में बने जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर जेपीएनआईसी की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट डीपीआर न मिलने पर राज्य सरकार ने एलडीए को एफआइआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

गोमतीनगर में एलडीए कार्यालय के पास 18 मंजिल के जेपीएनआईसी का निर्माण 2013 से 2016 के दरमियान 864 करोड़ रुपये किया गया था। अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री रहते जेपीएनआईसी के किए गए निर्माण में अनियमितताओं की शिकायत पर योगी सरकार द्वारा।2017 में परियोजना की जांच का निर्णय लिया गया था।जांच टीम एलडीए से जेपीएनआईसी की सभी डीपीआर की मांग रही थी लेकिन एलडीए ने नहीं दिया।

> अपर मुख्य सचिव ने दिया एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश

बताया जा रहा है कि डीपीआर गायब हैं। आवास एवं शहरी नियोजन के अपर मुख्य सचिव नितिन रमेश गोकर्ण ने एलडीए उपाध्यक्ष डा. इन्द्रमणि त्रिपाठी को एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दिए हैं।

# महिला स्वावलम्बन की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है शक्ति रसोई

समृद्धि न्यूज



शक्ति रसोई के 100 दिन पूरे होने पर आयोजित कार्यशाला में शामिल हुए सूडा निदेशक डॉ. अनिल

**लखनऊ।** महिला स्वावलम्बन व सशक्तिकरण की दिशा में शक्ति रसोई मील का पत्थर साबित हो रही है। स्थापना के मात्र सौ दिन के अंदर जिस तरह के परिणाम पूरे प्रदेश में शक्ति रसोई को लेकर सामने आए हैं, वह उत्साहवर्धक हैं। शक्ति रसोई संचालन का कार्य करने वाले स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों ने अल्प समय में ही सिद्ध कर दिया है कि यदि महिलाओं को कार्य करने का अवसर मिले तो क्षेत्र चाहे कोई भी हो, महिलाएं किसी से पीछे नहीं है।

साधारण पृष्ठभूमि से आने वाली इन महिलाओं ने अपनी असाधारण क्षमता व कार्य कौशल का परिचय देते हुए शक्ति रसोई के लिए नए आयाम स्थापित किए है। उक्त बातें सूडा भवन में शक्ति रसोई के 100 दिन पूरे होने पर आयोजित कार्यशाला के दौरान निदेशक सूडा डॉ. अनिल कुमार ने कही। कार्यक्रम का प्रारंभ अपर निदेशक सूडा आनंद कुमार शुक्ला, उप निदेशक कीर्ति प्रकाश भारती, वित्त नियंत्रक संजीव गुप्ता व प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आई शक्ति रसोई का संचालन करने वाली महिलाओं संग दीप प्रज्वलित कर की। अपने उद्बोधन में अपर निदेशक सूडा आनंद कुमार शुक्ला ने कहा कि सौ दिन की समय बहुत ही कम समय होता है, इस समय अंतराल में आए परिणामों का विश्लेषण करना आसान नहीं होता है लेकिन शक्ति रसोई का संचालन करने वाली महिलाओं ने इतनी अल्प समयावधि में ही अपनी उद्यमी क्षमता का जिस प्रकार से प्रदर्शन किया है, वह शक्ति रसोई योजना की सफलता की कहानी स्वयं बयां करता है। आईसीआईसीआई फाउंडेशन के प्रतिनिधि संजय सिन्हा ने भी उक्त कार्यक्रम में शक्ति रसोई को लेकर अपने विचार व्यक्त किए।

### 12 मार्च 2024 को किया गया था शक्ति रसोई का शुभारंभ

शक्ति रसोई का शुभारंभ मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विगत 12 मार्च 2024 को किया गया है, जो की सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं। शक्ति रसोई में आधुनिक किचन उपकरण, फर्नीचर, ब्रांडिंग, प्रशिक्षण एवं बिलिंग मशीन का उपयोग करने के लिए प्रशिक्षण में सहयोग आईसीआईसीआई फाउंडेशन द्वारा दिया जा रहा है। आईसीआईसीआई फाउंडेशन द्वारा प्रत्येक शक्ति रसोई की स्थापना में औसत 10 लाख रुपया व्यय किया जा रहा है। इस प्रकार अभी तक स्थापित शक्ति रसोई में उत्कृष्ट कार्य कर लगभग रुपया 2.50 करोड़ का व्यय किया गया है।

### सात लाख परिवारों को किया गया मोबलाइज

आपको बताते चलें कि डे-एनयूएलएम के अंतर्गत राज्य नगरीय विकास अभिकरण सूडा द्वारा शहरी गरीबी निवारण हेतु केंद्र से अनुदानित योजना डे-एनयूएलएम का प्रदेश में क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना में अब तक लगभग सात लाख परिवारों को मोबलाइज कर सतर हजार से अधिक परिवार को गतिशील कर स्वयं सहायता समूह में संगठित किए गए हैं। स्वयं सहायता समूह की आजीविका में व्यापक सुधार के लिए शक्ति रसोई की स्थापना महिला सदस्यों के परंपरागत कार्यों को ध्यान में रखते हुए संस्थागत रूप देने के लिए की गई है।

## खबरें एक नजर में

### शिक्षकों का 'स्वागत समारोह' व 'चरित्र निर्माण मार्च' आज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल द्वारा आयोजित 'शिक्षक स्वागत समारोह' का उद्घाटन 29 जून, शनिवार को प्रातः 10.00 बजे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सी.एम.एस. गोमती नगर द्वितीय कैम्पस ऑडिटोरियम में बतौर मुख्य अतिथि पधारकर करेंगे। इस भव्य समारोह में रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच सी.एम.एस. शिक्षकों एवं विद्यालय के पूर्व व वर्तमान मेधावी छात्रों का हार्दिक स्वागत-अभिनंदन एवं सम्मान किया जायेगा। यह जानकारी सी.एम.एस. जन-सम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि समारोह में आई.ए.एस., पी.सी.एस. व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित सी.एम.एस. छात्रों, विदेशों के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्चशिक्षा हेतु चयनित छात्रों, जे.ई.ई., नीट, किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन योजना, कैट, एनडीए आदि अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता का परचम लहराने वाले सी.एम.एस. के मेधावी छात्रों को खास तौर पर सम्मानित किया जायेगा। श्री खन्ना ने बताया कि 'स्वागत समारोह' से पूर्व सिटी मोन्टेसरी स्कूल के 3000 से अधिक शिक्षक व कार्यकर्ता 29 जून, शनिवार को प्रातः 7.15 बजे से विशाल 'चरित्र निर्माण मार्च' निकालेंगे।

### आरम्भ हुई जिला लखनऊ बैडमिंटन चैम्पियनशिप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** 28 जून से आरम्भ हुई लखनऊ जिला बैडमिंटन चैम्पियनषिप में ऐतिहासिक खिलाड़ियों के साथ प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। इस प्रतियोगिता मे करीब लखनऊ जिले के लगभग 400/450 खिलाड़ियों ने भाग लिया जो प्रदेष में एक रिकार्ड है। इस प्रतियोगिता के उद्घाटन के समय डा0 सुधर्मा सिंह (सचिव, उ0प्र0 बैडमिंटन संघ) व विषिष्ठ अतिथि अरूण कुमार कक्कड, (उपाध्यक्ष, उ0प्र0 बैडमिंटन संघ) एवं मुख्य निर्णायक रविन्द्र चौहान, राजेष सक्सेना वे डा0 योगेष शेट्टी राममोहन अग्रवाल (अध्यक्ष) व श्री संदीप अग्रवाल (कोषाध्यक्ष) आदि प्रमुख गणमान्य व्यक्ति शुभारम्भ मे उपस्थित थे। लखनऊ जिला बैड़मिंटन संघ के सचिव अनिल ध्यानी जी ने सभी खिलाड़ियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### निर्माण कार्य निर्धारित अवधि में कराना अनिवार्य : दीपक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपदों में तैनात पुलिस कर्मियों के लिये आवासीय व अनावासीय भवनों आदि के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करते हुए जनपद श्रावस्ती के अग्निशमन केन्द्र इकौना के आवासीय एवं अनावासीय भवनों के निर्माण हेतु 03 करोड़ 43 लाख 56 हजार रूपये की धनराशि निर्गत कर दी है। अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार ने यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार स्वीकृत भवनों का निर्माण कार्य निर्धारित मानक एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराने के निर्देश दिये गये है। उन्होंने यह निर्देश भी दिये है कि निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि के अन्दर पूर्ण कराया जाय ताकि यथाशीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के फलस्वरूप निर्मित भवनो का बेहतर उपयोग हो सके। उन्होंने कड़े निर्देश दिये है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता आदि की कमी पाये जाने पर संबंधित दोषी कर्मियों को बख्शा नहीं जायेगा।

### केजीएमयू में बच्चे की मौत के बाद परिजनों का हंगामा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान 10 महीने के बच्चे की मौत के बाद शुक्रवार को परिजनों ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान काफी देर अफरा-तफरी भरा माहौल रहा। जानकारी के मुताबिक लूज मोशन की शिकायत के बाद 14 जून को गोरखपुर निवासी जितेंद्र यादव के 10 महीने के बेटे को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया था। तब से उसका इलाज ट्रामा सेंटर के चौथे मंजिल स्थिति पीडियाट्रिक वॉर्ड में चल रहा था। शुक्रवार सुबह बच्चे की तबियत अचानक बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाने लगे। इससे जुड़ा वीडियो भी सामने आया है। जिसमें वॉर्ड के अंदर परिजन इलाज करने के लिए चीख रहे हैं। बच्चे की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। मृतक के पिता जितेंद्र यादव ने बताया कि बच्चे को लूज मोशन के चलते 14 जून को भर्ती कराया था। रात में जब बच्चे को परेशानी हुई, तब ड्यूटी पर तैनात सभी डॉक्टरों के पास गया। उनसे गुहार लगाई पर किसी ने नहीं सुनी। डॉक्टरों की लापरवाही से बच्चे की जान गई। अब पुलिस से दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की हैं।

### हरिकेश अध्यक्ष और अशफाक प्रदेश महामंत्री निर्वाचित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ लोक निर्माण विभाग का प्रान्तीय द्विवार्षिक अधिवेशनध्चुनाव 28 जून 2024 को सम्पन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी राम सुरेश प्रदेश अध्यक्ष टेक्निकल एसोसिएशन लोक निर्माण विभाग एवं सहायक चुनाव अधिकारी सुरेश सिंह यादव प्रदेश महामंत्री चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश की उपस्थिति में हरिकेश प्रसाद प्रदेश अध्यक्ष एवं अशफाक हुसैन महामंत्री पद पर निर्वाचित हुए। निर्वाचित पदाधिकारियो ने एक बार पुनः महासंघ के अध्यक्ष रामराज दुबे को संरक्षक चुना। प्रमुख अभियंता कार्यालय उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ भवन में उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ लोक निर्माण विभाग का द्विवार्षिक अधिवेशन,चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री मिनिस्टीरियल एसोसिएशन कार्यालय प्रमुख अभियंताध्क्षेत्रीय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग,प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार, महामंत्री ओमप्रकाश, यूपीपीडब्लूडी सर्किल आफिसेस मिनिस्टीरियल एसोसिएशन उ.प्र., प्रदेश अध्यक्ष सुनील यादव, महामंत्री जे.पी. तिवारी, पीडब्लूडी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ, प्रदेश अध्यक्ष भारत सिंह यादव, महामंत्री वीरेन्द्र शुक्ला, राजकीय परिवाहन चालक संघ,प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार यादव, महामंत्री सुभाष चंद मिश्रा, टेक्निकल एसोसिएशन,प्रदेश अध्यक्ष स्टेनोग्राफर संघ विशाल शुक्ला उपस्थित रहे।

# ओवरलोडिंग पर करें सख्त कार्रवाई

## मुख्यमंत्री योगी ने की खनन विभाग की समीक्षा, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खनन विभाग की समीक्षा की है। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक बालू, मोरम का बेहतर विकल्प होगा एम-सैंड, इसके लिए शीघ्र नीति घोषित होगी। उप खनिज मामलों में उपभोक्ताओं के हित का भी ध्यान रखने के लिए सीएम योगी ने निर्देश दिए है।

समीक्षा बैठक में सीएम योगी ने अपने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्यावरण एवं नदियों के इकोसिस्टम को बिना नुकसान पहुंचाए सस्टेनेबल विकास के लिए एम-सैंड बेहतर विकल्प है। इसके लिए शीघ्र नीति घोषित की जाएगी। उन्होंने कहा कि खनन कार्य से जुड़े वाहनों में ओवरलोडिंग पर हो सख्त कार्रवाई की जाए और जीरो पॉइंट से ही एक्शन हो। जिला व पुलिस प्रशासन, खनन और परिवहन विभाग की संयुक्त टास्क फोर्स एक्टिव रहेगी और प्रभावी कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को दिए गए निर्देशों में कहा कि बालू,मोरम परिवहन की जांच करते समय व्यवहारिक रहें, आम आदमी अनावश्यक परेशान न हो। उन्होंने कहा कि खनन कार्यों के लिए अब जिलों से ही ईएमएम-11 जारी होगा। उपखनिजों का परिवहन करने वाले वाहनों की होगी रियल टाइम ट्रैकिंग, ई-अभिवहन प्रपत्र तभी जब वाहन खनन क्षेत्र के जियो फेंस एरिया में मौजूद होगा। वहीं, अधिकारी ये ध्यान रखे कि बालू,मोरम की कीमत नियंत्रण में रहें। मानसून में बेहतर भंडारण व्यवस्था हो।

### अग्निशमन केन्द्र के भवनों के लिए तीन करोड़ 43 लाख अवमुक्त

निर्माण मानक के अनुरूप निर्धारित अवधि में कराना अनिवार्य-दीपक कुमार

लखनऊ,28 जून 2024 (यूएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपदों में तैनात पुलिस कर्मियों के लिये आवासीय व अनावासीय भवनों आदि के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करते हुए श्रावस्ती के अग्निशमन केन्द्र इकौना के आवासीय एवं अनावासीय भवनों के निर्माण हेतु 03 करोड़ 43 लाख 56 हजार रूपये की धनराशि निर्गत कर दी है। अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार स्वीकृत भवनों का निर्माण कार्य निर्धारित मानक एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराने के निर्देश दिये गये है। उन्होंने निर्देश दिये है कि निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि के अन्दर पूर्ण कराया जाय ताकि यथाशीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के फलस्वरूप निर्मित भवनो का बेहतर उपयोग हो सके। उन्होंने कड़े निर्देश दिये है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता आदि की कमी पाये जाने पर संबंधित दोषी कर्मियों को बख्शा नही जायेगा।

### छात्रों का प्रतिनिधि मंडल जनता दरबार में सीएम से करेगा मुलाकात

**लखनऊ।** युवा मंच प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं उत्तर प्रदेश तकनीकी संवर्ग प्रमुख ई. राम बहादुर पटेल की अगुवाई में छात्रों का प्रतिनिधि मंडल 1 जुलाई को जनता दरबार में सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर तकनीकी संवर्ग में रिक्त पड़े एक लाख तकनीशियन, ट्यूबवेल ऑपरेटर, अवर अभियंता, एई , रेडियो आपरेटर जैसे पदों पर तत्काल पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया शुरू करने का मुद्दा उठाया जाएगा। पिछले दिनों छात्रों की सिंचाई विभाग के प्रमुख अभियंता से हुई वार्ता में उन्होंने जल्द ट्यूबवेल आपरेटर के 9700 पदों समेत विभाग में रिक्त पड़े 19 हजार पदों को अधियाचन भेजने का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक चयन प्रक्रिया की कार्यवाही प्रारंभ नहीं हुई है। इसी तरह बिजली महकमे में भी 72 हजार से ज्यादा सृजित पदों में 50 फीसद से ज्यादा पद रिक्त पड़े हुए हैं। कमोवेश यही हाल जल निगम, नगर निगम, परिवहन निगम, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग समेत अन्य विभागों में है। उन्होंने बताया कि तकनीकी संवर्ग के विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि छात्रों को जनता दरबार में मुख्यमंत्री से मुलाकात हेतु लखनऊ बुलाया गया है। अगर मुख्यमंत्री के ओर से ठोस आश्वासन नहीं मिला तो आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा।

# एलयू कम्प्यूटर एडेड डिजाइन एंड ड्राफ्टिंग लैब का उद्घाटन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में एनएबीएल (नेशनल एक्रडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लैबोरेट्रीस) मान्यता प्राप्त एडवांस इलेक्ट्रॉनिकी डिजाइन लैब एवं कंप्यूटर एडेड डिजाइन ड्राफ्टिंग लैब का कुलपति प्रो. आलोक राय द्वारा उद्घाटन किया गया। इन प्रयोगशालाओं से छात्र-छात्राएं ऑप्टिकल कम्युनिकेशन एवं डिजाइन सिमुलेशन की विभिन्न आधुनिक तकनीकी को सीख सकेगें।

कुलपति प्रो. आलोक ने आशा व्यक्त कि की इससे न केवल लखनऊ विश्वविद्यालय बल्कि आस-पास के संस्थानो के छात्र भी लाभान्वित होंगे। संकायाध्यक्ष प्रो. एके सिंह ने संकाय में स्थापित की गई इन अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं की स्थापना पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि एडवांस इलेक्ट्रॉनिकी डिजाइन लैब में सर्किट सिमुलेशन के लिए विशिष्ट ओरकैड डिजाइन सॉफ्टवेयर, डिजिटल सर्किट सिमुलेशन के लिए विवडो सॉफ्टवेयर एवं एफ़पीजीए हार्डवेयर बोर्ड से छात्रों को इंडस्ट्री -4.0 में प्रयोग होने वाले तकनीकी को सीखाया जा सकेगा। एन. ए. बी. एल. मान्यता प्राप्त डिजिटल ऑस्कल्लोस्कोप, आर्बिट्रेरी फंक्शन जेनरेटर, मल्टी आउटपुट पावर सप्लाई, बेंच टॉप मल्टीमीटर, एलसीआर मीटर इत्यादि से युक्त हैं। मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की कम्प्यूटर एडेड डिजाइन एंड ड्राफ्टिंग लैब में ड्रोन, कार, समुद्री जहाज, राकेट एवं दिन-प्रतिदिन उपयोग होने वाले उपकरणों को भविष्य के अनुरूप अत्याधुनिक करने हेतु डिजाइन एवं सिमुलेशन के साथ विश्लेषण की सुविधा लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रो को उपलब्ध हो गयी है। जिसका उपयोग कर छात्र अपनी स्किल को इंडस्ट्री के अनुरूप कर सकेगें। जिससे विनिर्माण करने वाली बहुराष्ट्रीय कम्पनीओं में छात्रो को डिजाइन स्किल के आधार पर प्लेसमेंट सरलता पूर्वक मिल सकेगी।

इस अवसर पर प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, कार्य अधीक्षक प्रो. डी. के. सिंह, निदेशक द्वितीय परिसर प्रो. आर. के. सिंह के साथ अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हाउस टैक्स सही कराने के लिए नगर निगम मुख्यालय पहुंचे सैकड़ों लोग



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ में जीआईएस सर्वे में गड़बड़ हुए हाउस टैक्स को सही कराने के लिए नगर निगम मुख्यालय में कैंप लगाया गया है। शुक्रवार सुबह से ही कैंप में भारी भीड़ लगी। पिछले पांच शुक्रवार से चले आ रहे इस कैंप में अब तक करीब 1500 से ज्यादा लोगों का हाउस टैक्स सही हो चुका है।

नगर निगम सीमा में जीआईएस (ग्लोबल इन्फार्मेशन सिस्टम) सर्वे के माध्यम से भवनों का कर निर्धारण किया गया है। ऐसे में निजी एजेंसी ने मनमाने तरीके से भवनों का वार्षिक मूल्यांकन बढ़ा दिया। यहां तक की कई घरों का हाउस टैक्स चार गुना तक बढ़ गया। जीआईएस मैपिंग की वजह से करीब 2 लाख 41 हजार लोगों का हाउस टैक्स बढ़ गया है। आरोप है कि अब इसको सही कराने के नाम पर विभाग के लोग मनमानी कर रहे हैं। लखनऊ की मेयर सुषमा खर्कवाल ने इस प्रक्रिया को लेकर आपत्ति जताई थी। उन्होंने नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह को पत्र लिखकर इसे बैन करने को कहा है। हालांकि आचार संहिता के बीच इसको लेकर कोई ठोस फैसला नहीं लिया जा सका था। ऐसे में नगर निगम प्रशासन से इसको लेकर कैंप लगाने का फैसला किया। हर शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय और बाकी दिन जोन में कैंप लगाया जा रहा है। नगर निगम की टीम ने इससे पहले जोन 7 कार्यालय में कैंप लगाया था। जहां 72 लोगों का हाउस टैक्स सही किया गया है।

### सेंगोल की स्थापना का विरोध किए जाने को लेकर मायावती ने सपा पर साधा निशाना

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने समाजवादी पार्टी (सपा) सांसद आर. के. चौधरी द्वारा संसद में 'सेंगोल' की स्थापना का विरोध किए जाने को लेकर सपा पर ही निशाना साधा है। मायावती ने कहा कि बेहतर होता कि अगर सपा देश के कमजोर और उपेक्षित वर्गों के हित में केंद्र सरकार को घेरती। उन्होंने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, ''सेंगोल को संसद में लगाना या नहीं लगाना, इस पर बोलने के साथ-साथ सपा के लिए यह बेहतर होता कि यह पार्टी देश के कमजोर एवं उपेक्षित वर्गों के हितों में तथा आम जनहित के मुद्दों को भी लेकर केंद्र सरकार को घेरती। बसपा अध्यक्ष ने कहा, ''सच्चाई यह है कि यह पार्टी (सपा) अधिकांश ऐसे मुद्दों पर चुप ही रहती है तथा सरकार में आने पर कमजोर वर्गों के खिलाफ फैसले भी लेती है। इनके महापुरुषों की भी उपेक्षा करती है। इस पार्टी के सभी हथकंडों से जरूर सावधान रहें।'' गौरतलब है कि मोहनलालगंज सीट से सपा सांसद आर. के. चौधरी ने संसद भवन में 'सेंगोल' स्थापित किए जाने का विरोध करते हुए इस सिलसिले में प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब को एक पत्र लिखा था।

# छोटी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए कराएं वोकेशनल व कौशल विकास प्रशिक्षण की व्यवस्था : राज्यपाल

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मिशन शक्ति योजना भविष्य में महिलाओं की ऑटोमेशन क्षेत्र में भूमिका निर्धारित करने में सहायक सिद्ध होगी। यह विचार प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल नेराजभवन में आयोजित यूपी इण्डस्ट्रीयल कन्सलटेन्ट लि0 (यूपीकान) की 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित बैठक के दौरान व्यक्त किये। उन्होंने बताया कि उम्मीद संस्था के प्रयासों से 500 से ज्यादा बच्चों को भिक्षावृत्ति से मुक्ति दिलाकर उनका नामांकन स्कूल में करवाया गया है। उन्होंने इन बच्चों की माताओं को भी इस योजना से जोड़ने का निर्देश देते हुए कहा कि इससे समाज में सकारात्मक बदलाव आयेगा। उन्होंने नई शिक्षा के अन्तर्गत छोटी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए वोकेशनल प्रशिक्षण एवं कौशल विकास प्रशिक्षण कराने हेतु भी निर्देश दिया।

राज्यपाल ने बताया कि प्रधानमंत्री उषा योजना के अंतर्गत प्रदेश के 6 विश्वविद्यालयों को बजट आवंटित किया गया है। यूनीकान इनमें से किसी एक विश्वविद्यालय में आटोमेशन लैब से संबंधित प्रशिक्षण कर डीपीआर तैयार करने का कार्य करे। इससे उस क्षेत्र विशेष की महिलाओं को स्वरोगार स्थापित करने में लाभ मिलेगा।

इस अवसर पर राज्यपाल ने मिशनशक्ति योजना के अन्तर्गत ई-रिक्शा ड्राइविंग प्रशिक्षित तीन लाभार्थियों गीता वर्मा, राधिका गौतम तथा आंचल वर्मा को प्रतिकात्मक चाबी प्रदान की तथा मिशनशक्ति योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षित एवं ई-रिक्शा प्राप्त महिलाओं की निरन्तर सुरक्षा एवं आय स्रोत के दृष्टिगत निर्देश दिया तथा लाभार्थी महिलाओं को अच्छा कार्य करने के लिए कहा।

बैठक में यू0पी0 इण्डस्ट्रीयल कन्सलटेन्ट लि0 (यूपीकान) के प्रबन्ध निदेशक प्रवीण सिंह ने जानकारी दी कि कि इस योजना के अन्तर्गत 75000 हजार महिलाओं को ट्रेनिंग देकर स्वावलंबी तथा आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ0 पंकज एल0 जॉनी, यू0पी0 इण्डस्ट्रीयल कन्सलटेन्ट लि0 (यूपीकान) के सदस्य तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# एनई रेलवे मजदूर यूनियन की बैठक में उठे कई मुद्दे, कर्मचारी नाराज

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** एनई रेलवे मजदूर यूनियन लखनऊ मंडल की कार्य समिति की बैठक का आयोजन मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में हुआ। इसमें मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार उपस्थित रहे एन. ई रेलवे मजदूर की मंडल मंत्री आर. एन गर्ग ने अंग वस्त्र पहना कर और गुलदस्ता देकर मंडल रेल प्रबंधक का स्वागत किया।

इस अवसर केंद्रीय महामंत्री के.एल. गुप्ता, केंद्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी, ने अधिवेशन मे आये कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुआ कहा कि महामंत्री के एल गुप्त ने निजीकरण, निगमीकरण और नई पेंशन योजना के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंक दिया। उन्होंने कहा कि सरकार रेलवे को निजी हाथों में सौंप रही है रेलवे को छोटे-छोटे टुकड़ों में बताकर निजीकरण करने का प्रयास कर रही है। लेकिन कर्मचारियों ने एकजुटता दिखाते हुए सरकार को सत्ता से बेदखल करने में भागीदारी निभाई थी।केंद्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी ने डी आर एम से लखनऊ मंडल मे कार्य कर रही महिलाओ के लिये कामन रूम की व्यवस्था करने की मांग की। इस मौके पर लखनऊ, बनारस डिवीजन और इज्जतनगर के मंडल मंत्री गोंडा डीजल लॉबी, मैलानी, सीतापुर, तथा मुख्यालय गोरखपुर, यांत्रिक कारखाना, डिपो, लेखा शाखा, आउट डोर, लोको शाखा प्रतिनिधि मौजूद थे। केंद्रीय सहायक मंत्री ओमकार सिंह, केंद्रीय कोषाध्यक्ष विनय श्रीवास्तव, इज्जत नगर मंडल मंत्री कामरान अहमद, मंडल अध्यक्ष राम नगीना भट्ट,मंडल कोषाध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### ओबीसी नियुक्ति को लेकर मचा घमासान, मंत्री अनुप्रिया ने सीएम को लिखा पत्र


**लखनऊ।** ओबीसी की नियुक्ति को लेकर घमासान मचा हुआ है। केंद्रीय मंत्री और अपनादल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शिकायत दर्ज कराई है। साक्षात्कार वाली नियुक्ति को लेकर अपना दल एस की नेता अनुप्रिया पटेल ने योगी सरकार की नियुक्तियों पर सवाल उठाएं हैं। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को चिट्ठी लिखकर कहा है कि प्रदेश सरकार की साक्षात्कार वाली नियुक्तियों में ओबीसी, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को यह कहकर छाँट दिया जा रहा है कि वह योग्य नहीं है कहकर नियुक्ति से रोक दिया जा रहा है और बाद में पद को अनारक्षित घोषित कर दिया जाता है।

फैसला

## छात्रों की नियमित उपस्थिति को सुनिश्चित करने का निर्णय

# लागू होगा आधार बेस्ड बायोमेट्रिक व फेशियल ऑथेंटिकेशन सिस्टम

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** छात्रवृति में पारदर्शिता और छात्रों की दक्षता में वृद्धि के लिए योगी सरकार ने एक और महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। सीएम योगी के निर्देश पर पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के तहत संचालित पूर्वदशम्, दशमोत्तर छात्रवृत्ति तथा पीएम यशस्वी योजनाओं के तहत छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति प्राप्त करने वाले छात्रों की दैनिक उपस्थिति को अब आधार बेस्ड बायोमिट्रिक/फेशियल ऑथेंटिकेशन के माध्यम से सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है।

प्रथम चरण में वित्तीय वर्ष 2024-25 में शैक्षणिक संस्थाओं में संचालित दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत समूह-1 के पाठ्यक्रमों (शासकीय, गैर शासकीय एवं शासकीय सहायता प्राप्त समस्त शिक्षण संस्थाओं) में यह व्यवस्था लागू की जाएगी।

इसके बाद वित्तीय वर्ष 2025-26 से यह व्यवस्था पूर्वदशम् एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजना से सम्बंधित सभी शैक्षणिक संस्थाओं में लागू की जाएगी। प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि छात्रवृत्ति के लिए आधार बेस्ड बायोमैट्रिक प्रणाली लागू होने से पारदर्शिता और दक्षता में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि छात्रों की उपस्थिति 75 प्रतिशत या उससे अधिक होने पर ही छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति की सुविधा अनुमन्य होगी। उपस्थिति प्रमाणित करने और इस पर होने वाले सभी व्यय का वहन संबंधित शैक्षणिक संस्थानों द्वारा किया जाएगा। शैक्षणिक संस्थाओं को निर्देशित किया गया है कि वे छात्रों की उपस्थिति आधार बेस्ड बायोमैट्रिक/फेशियल ऑथेंटिकेशन सिस्टम के माध्यम से निर्धारित समय सीमा में सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी छात्र प्रक्रियात्मक कारणों से छात्रवृत्ति से वंचित न रहे।

विभाग के पास यूआईडीएआई अधिकृत SUB AUA की सुविधा है, जिसके तहत शादी अनुदान योजना में आधार ऑथेंटिकेशन और ई-केवाईसी की सुविधा, छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदकों के आधार डेमोग्राफी/ओटीपी ऑथेंटिकेशन की सेवाएं और कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना में प्रशिक्षणार्थियों की दैनिक उपस्थिति की सुविधा श्रीट्रान इंडिया लिमिटेड के माध्यम से दी जा रही है। समूह-1 के पाठ्यक्रमों में बीएएमएस, बीआर्क, बीबीए एवं एमबीए एकीकृत (बीबीए+एमबीए एकीकृत), बीडीएस., बीएफएडी, बीफार्मा., बीटेक (इंटीग्रेटेड), बीटेक/बीई, बीटेक+एमटेक इंटीग्रेटेड, डॉक्टर ऑफ फार्मेसी, एलएलएम, एलएलएम कोर्स इन ह्यूमन राइट्स एंड ड्यूटीज एजुकेशन, एलएलएम एक वर्ष, एमटेक, एमबीए, एमबीबीएस, एमडीएस, एमआईबी, एमपीटी, एमफार्मा, एमएस, मास्टर ऑफ फार्मेसी (फार्माकोलॉजी), मास्टर ऑफ फार्मेसी (फार्मास्युटिकल केमिस्ट्री), मास्टर ऑफ फार्मेसी (फार्मास्युटिक्स), एमबीए (इंटीग्रेटेड), एमसीए, एमडी आयुर्वेद, एमएस आयुर्वेद तथा पीएचडी है।

# अनियंत्रित डंपर ने युवक को कुचला, भीड़ ने पुलिस पर किया हमला

- डेढ़ घंटे तक नहीं पहुंची एंबुलेंस
- तड़पता रहा युवक, वीडियो वायरल



रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

जगतपुर-डलमऊ मार्ग पर मधवापुर के पास फतेहपुर से मौरंग लादकर जा रहे डंपर के पहिए के नीचे आने से युवक डेढ़ घंटे तक तड़पता रहा। बाद में उसकी मौत हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर लगा दिया। पुलिस जब शव को उठाने लगी तो ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव किया। तीन घंटे तक सड़क पर जमकर उपद्रव हुआ। सड़क पर वाहनों की कतार लग गई वहीं पथराव होने से आधा दर्जन पुलिसकर्मी घायल हो गए। जुड़ावन का पुरवा मजरे सुरसना निवासी शुभम (22) पुत्र राजू बाइक से शुक्रवार दोपहर अपनी बहन की ससुराल से रामगढ़ टिकरिया भंडारे में जा रहा था। रास्ते में मधवापुर के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर में बाइक चला रहे शुभम का पैर टकराकर फंस गया। इससे युवक डंपर के पहिये के नीचे आ गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ग्रामीणों ने डंपर को घेर लिया व रोड को जामकर दिया।

### डेढ़ घंटे तक सड़क पर तड़पता रहा युवक

डेढ़ घंटे तक युवक रोड पर तड़पता रहा लेकिन कोई भी एंबुलेंस व पुलिसकर्मी युवक को लेकर समुदायिक स्वास्थ्य के अंतर्गत नहीं गई। डेढ़ घंटे बाद जब पुलिस मौके पर पहुंची तो डंपर चालक को थाने ले जाने के साथ शव का पंचनामा तैयार करने लगी। जिसको लेकर ग्रामीणों ने रोड के किनारे रखी गुमटी व मेजों को लगाकर रोड जाम कर दिया। तीन घंटे तक रोड पर जाम लगा रहा।

### गुस्साए ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों पर किया पथराव



मौके पर क्षेत्राधिकार डलमऊ थाना प्रभारी, ऊंचाहार थाना, प्रभारी डलमऊ, थाना प्रभारी गदागंज व थाना प्रभारी जगतपुर ने ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की लेकिन ग्रामीण किसी की बात को मानने को तैयार नहीं थे। ग्रामीणों का कहना था कि पहले डंपर चालक व डंपर मालिक को बुलाया जाए। पुलिस के जबरदस्ती शव को उठाने पर ग्रामीणों ने ईंटों से पुलिसकर्मियों व डंपरो पर हमला बोल दिया। पथराव होने से सिपाही हरपाल जगतपुर, थाना अध्यक्ष गदागंज राकेश चंद आनंद, अजीत सिंह दरोगा जगतपुर सहित अन्य के पुलिसकर्मी घायल हो गए और मौके पर खड़ी पुलिसकर्मियों की गाड़ियों व डंपरों को ईंट चलकर क्षतिग्रस्त कर दिया।

### ओवरलोड वाहनों की भरमार, दौड़ रहे सड़कों पर बनकर यमराज

ओवरलोड वाहनों की तादाद जिले में लगातार बढ़ती हुई देखी जा रही है जिसकी वजह से दुर्घटनाओं के आंकड़े भी लगातार देखने को मिल रहे हैं वहीं सूत्रों की माने तो में ओवरलोड वाहनों पर लगाम कसने में जिला प्रशासन नाकाम दिख रहा है।

## एशिया कप ताइक्वांडो चैंपियनशिप में सबा ने जीता सिल्वर मेडल

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



जिले में एक से बढ़कर एक खिलाड़ी है। जो रायबरेली से लेकर इंटरनेशनल तक अपना परचम लहरा चुके हैं।सबकी अपनी-अपनी अलग सफलता की कहानी है। लेकिन यही की एक गरीब परिवार की रहने वाली बेटी ने अपने दमखम पर जनपद के साथ-साथ विदेश में भी अपना नाम रोशन किया है। खिलाड़ी की मां की मात्रा एक सहारा है। मानसिक साथ देने के लिए आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार को चलाते-चलाते मां ने अपनी बेटी को वह हर मुकाम दिलाने की कोशिश की,जो शायद कोई ही मां अपनी बेटी के लिए करता हो। बेटे के लिए तो सभी करते हैं। गौरतलब है। शहर कोतवाली क्षेत्र के सब्जी मंडी की रहने वाली सबा बुतुल आब्दी ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। सबा ने एशिया कप ओपन अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप 21जून से 23 जून गोवा इंडिया में सबा बुतूल अपना परचम लहराने के बाद सिल्वर मेडल हासिल किया है। सबा ने एशिया कप में मेडल जीत कर रायबरेली का नाम रोशन कर दिखाया है। इससे पहली भी थाईलैंड में चैंपियनशिप में भी सिल्वर मेडल आया था, सब्जी मंडी की रहने वाली सबा बताया हैं की जिला प्रोबेशन अधिकारी रायबरेली जय पाल वर्मा के अथक प्रयास किया है।जिस की वज़ह से गोवा जाना हो पाया है। मेडल जीतने के बाद सभा ने सहयोग करने वाले सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## खबरें एक नजर में

### व्यापारी कल्याण दिवस का आयोजन आज

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा है कि शासन के निर्देशानुसार दानवीर भामाशाह के जन्म दिवस के अवसर पर 29 जून 2024 को प्रातः 11 बजे से 01:30 बजे के मध्य राजकीय इण्टर कालेज रायबरेली के सभागार कक्ष में व्यापारी कल्याण दिवस का आयोजन किया जाना है। जलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि व्यापारी कल्याण दिवस में व्यापारियों से जुड़ी योजनाओं तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभ परक योजनाओं से सम्बन्धित विभागीय स्टाल लगाकर सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र में मजदूरी करने निकले युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव घर से पांच सौ मीटर दूर सफेदा के बाग के झाड़ियों में मिला है। युवक के शव मिलने की सूचना पर परिवार में हड़कम्प मच गया।घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस शव को पीएम के लिए भेजकर जांच पड़ताल में जुट गई है।पुलिस के मुताबिक युवक शराब पीने का आदि था। कोतवाली अंतर्गत सूची चौकी क्षेत्र के मसोदाबाद मजरे बघौला गांव निवासी चन्द्रेश पासी(35)पुत्र दर्शन लाल पासी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर से आधा किलो मीटर दूर स्थित सफेदा की बाग के झाड़ियों में पड़ा मिला है।शुक्रवार शौच के लिए निकले ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ी तो गांव में हड़कम्प मच वयल।ग्रामीणों की सूचना पर पहुँची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि युवक की किन परिस्थितियों में में मौत हुई इसकी वास्तविकता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद होगी। मृतक की पत्नी ने घटना की तहरीर दी है।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आकर किशोर की मौत

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** बकरी चराने गये दो किशोरों पर गिरी आकाशीय बिजली, 16 वर्षीय एक किशोर की मौके पर हुई मौत, एक गम्भीर रूप से झुलसा, कई बकरियों की भी हुई मौत। मामला ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के पूरे बिन्दा पांडेय मजरे गोकना गाँव का है जहां के रहने वाले एक किशोर राजकुमार पुत्र गुरु प्रसाद उम्र 16 वर्ष अपने साथी के साथ गांव के बाहर खेत में बकरी चराने के लिए गए हुए थे तभी अचानक तेज बारिश के होने लगी और वह दोनों एक पेड़ के नीचे खड़े हो गए तभी तेज गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली उन दोनों किशोर पर गिर पड़ी, जिसकी चपेट में आकर राजकुमार की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई वहीं उसका दूसरा साथी गंभीर रूप से झुलस गया बिजली की चपेट में आने से आधा दर्जन बकरियों की भी दर्दनाक मौत हो गई, स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उसकी हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रेफर कर दिया गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और विधिक कार्रवाई शुरू की।

### पीड़ित ने सीएम से की थाना प्रभारी की शिकायत



**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** न खाता न बही, जो साहब कहे वही सही! जी हाँ कुछ ऐसा ही कारनामा न्यायालय में अवकाश होने के बाद संपत्तियों के कब्जा करने में देखने को मिलता है, ऐसा एक मामला बछरावां क्षेत्र के पीठन गांव से सामने आया है। जहां के रहने वाले राहुल वर्मा ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी रायबरेली को दिया है। जिसमें उन्होंने बछरावां थाना अध्यक्ष की भूमिका को संदिग्ध बताया है, उन्होंने बताया कि न्यायालय में विवादित जमीन का मुकदमा चल रहा था, न्यायालय इस समय बंद है और विपक्षी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। जिसकी शिकायत लेकर जब पीड़ित थाना अध्यक्ष के पास पहुंचा तो उन्होंने मौखिक कहा की कब्जा करने वालों के पास न्यायालय का निर्माण का आदेश है जब पीड़ित ने उनसे आदेश की कॉपी मांगी तो थाना अध्यक्ष ने, कॉपी नहीं दी जबकि ऐसा कोई आदेश नहीं हुआ था। अब पीड़ित पक्ष ने मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है और इस मामले में थाना अध्यक्ष बछरावा की भूमिका की कठोर जांच की मांग की है।

### धर्मार्थ शाखा ने किये शरबत व फल वितरित



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा इटावा द्वारा परिषद के कीर्तिशेष संस्थापक डा. सूरज प्रकाश की जयंती पर जिला अस्पताल परिसर में लगाए गए प्याऊ स्थल पर एक संगोष्ठी कर उनके यशस्वी सेवाधर्मी व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण किया गया एवं शरबत, बिस्किट एवं फल बांटे गए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भारत माता व डा. सूरज प्रकाश के चित्र पर पुष्पार्पण कर वंदे मातरम् गीत के साथ हुआ। समाजसेविका श्यामला पांडे ने मुख्य अतिथि के रूप में संस्थापक डा. सूरज प्रकाश जी के सेवाधर्मी जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर शाखा के कोषाध्यक्ष महेश कुमार बाथम ने अपनी माता की पुण्य स्मृति में शरबत एवं सुमन कश्यप ने केले वितरित किए। शाखा की ओर से अस्पताल के सभी वार्डों में मरीजों एवं उनके तीमारदारों को बिस्किट बांटे गए।कार्यक्रम में प्रांतीय कार्यशाला प्रभारी हरिदत्त दीक्षित, शाखा के अध्यक्ष केके त्रिपाठी, सचिव सुधीर मिश्र, राजेंद्र कुमार दीक्षित, महेश चंद्र तिवारी अलकापुरी, विनोद त्रिपाठी, हरि प्रकाश शुक्ला, मनोज कुमार गुप्ता एडवोकेट, कौशल चतुर्वेदी, आशाराम चौधरी एडवोकेट, एस एन दुबे, महेश चंद्र चतुर्वेदी,विनय कुमार पांडेय, ओम बाथम आदि विशेष रूप से सहयोगी रहे। संचालन आचार्य महेश तिवारी ने किया तथा आभार कार्यक्रम संयोजक घनश्याम तिवारी ने जताया।

## स्कॉर्पियो ने बाइक सवार भाई-बहन समेत दो बच्चियों को रौंदा, भाई की मौके पर मौत

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



रायबरेली में हुआ दर्दनाक सड़क हादसा तेज रफ्तार स्कार्पियो ने भाई बहन व मासूम बच्चियों को मारी जोरदार टक्कर भाई की मौके पर हुई दर्दनाक मौत वहीं दोनों मासूम बच्चियों सहित बहन गंभीर रूप से हुई घायल मामला सलोन कोतवाली क्षेत्र के करहिया चौकी के पास का है जहां मुन्ना लाल पुत्र रामकिशोर वर्मा मोटरसाइकिल से अपनी बहन कुसुमा व दो मासूम बच्चियों को छोड़ने उनकी ससुराल जा रहा था, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार स्कार्पियो ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे मुन्ना लाल की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई वहीं बहन कुसमा व उसकी दोनों मासूम बच्चियों गंभीर रूप से घायल हो गई स्थानीय लोगों की मदद से घायल बहन व उसकी दोनों बच्चियों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उनकी हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रेफर कर दिया गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्कॉर्पियो चालक को मय गाड़ी के हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## लोकतंत्र को बचाने में स्व. सत्यनारायण गुप्ता ने निभाई थी अहम भूमिका

- आपातकाल के समय रेलवे लाइन उखाड़ने के आरोप में सत्यनारायण गुप्ता और जयनारायण वर्मा ने काटी थी डेढ़ माह जेल



महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

आपातकाल को 50 वर्ष पूर्ण होने पर जहां राष्ट्रपति प्रधानमंत्री द्वारा काला अध्याय कहा गया ।वही महराजगंज नगर भी आपातकाल से अछूता नहीं रहा । महराजगंज नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू के पिता स्व सत्यनारायण गुप्ता और कस्बे के ही जय नारायण वर्मा जेल की यात्रा की उनके आंदोलन में श्री राम जयसवाल रामशंकर वर्मा गया प्रसाद शुक्ला सहित आदि लोग शामिल हुए थे। अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू साहू ने बताया कि आज से 50 वर्ष पूर्व हमारे पिताजी मेडिकल स्टोर पर बैठे हुए थे जहां से पुलिस उनको पकड़ कर ले गई और उनके ऊपर आरोप लगाया गया कि यह लोग रेलवे लाइन की पटरी उखाड़ रहे थे तबके तत्कालीन डीएम विनोद मल्होत्रा और उस वक्त प्रधानमंत्री की कुर्सी पर विराजमान इंदिरा गांधी के पीए यशपाल कपूर द्वारा हमारे पिताजी को और जयनारायण वर्मा को लगभग डेढ़ माह की जेल हुई ।वहीं लोकतंत्र सेनानी के रूप में जब हालात बदले तो उनका सम्मान भी किया गया सरकार के खिलाफ इन लोगों ने मोर्चा खोला था और इमरजेंसी लगते ही हमारे पिताजी को और उनके साथियों को जेल भेजा गया वह दिन आज भी हम लोगों को याद है कि लोकतंत्र की रक्षा करते हुए हमारे पिताजी ने लगभग डेढ़ माह जेल में बीते लेकिन लोकतंत्र को मजबूत करने में अहम भूमिका अदा की। हमारे पिता सत्यनारायण गुप्ता राष्ट्रीय स्वयं संघ में भी रहे और सेवाएं दी लोकतंत्र को बचाने में उनके योगदान को बुलाया नहीं जा सकता।

### ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात युवक की मौत

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात युवक की दर्दनाक मौत हो गई घटना की जानकारी पर पहुंची स्थानीय थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच पड़ताल में जुड़ गई है आपको बता दे कि शुक्रवार को भदोखर थाना अध्यक्ष शिवाकांत पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के ही मुंशीगंज औघड़ आश्रम के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात युवक की मौत का मामला सामने आया है जिसको लेकर थाने की पुलिस टीम को भेज कर शव को कब्जे में ले लिया गया है और पोस्टमार्टम की कार्यवाही हेतु भेज दिया गया है मृतक युवक की अभी कोई पहचान नहीं हो पाई है स्थानीय लोगों से पूछताछ कर पहचान की जा रही है।

## नगर पंचायत में जनता पी रही वाटर कूलर का ठंडा पानी

- पानी की समस्या न हो इसके लिए अध्यक्ष सरला साहू, ईओ अपर्णा मिश्रा, प्रतिनिधि प्रभात साहू ने कर रखी है युद्ध स्तर की तैयारी

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



आसमान से बरसती हुई आग के बीच में अगर ठंडा पानी मिल जाए तो किसी अमृत के समान हो जाता है ।वही नगर पंचायत ने भी युद्ध स्तर पर पानी की समस्या ना हो और लोगों को शुद्ध और ठंडा पानी पीने को मिले इसके लिए नगर पंचायत के वार्डों में एवं नगर की सड़कों पर वाटर कूलर की व्यवस्था करवाई गई है ।जिसमें लोग ठंडा-ठंडा पानी पीते हुए नगर पंचायत का धन्यवाद भी देते हुए नजर आते हैं कि ऐसी व्यवस्था अगर हर नगर में हो तो कोई भी प्यास नहीं रहेगा ।अब इसे नगर पंचायत अध्यक्ष सरला साहू प्रतिनिधि प्रभात साहू ईओ अपर्णा मिश्रा सभासद एवं नगर पंचायत के कर्मियों द्वारा जनता के लिए शुद्ध जल की व्यवस्था की गई है जिसके तहत विभिन्न स्थानों पर वाटर कूलर लगवाए गए नगर पंचायत कार्यालय में लगे वाटर कूलर दानेश्वर मंदिर में लगा वाटर कूलर हनुमान मंदिर निकट ककंन होटल में लगा वाटर कूलर एसबीआई बैंक चंदापुर चौराहा पर लगा वाटर कूलर हरि मिश्रा आनंद नगर के यहां लगा वाटर कूलर लोगों को ठंडा ठंडा पानी दे रहा है और लोग पानी पीकर नगर पंचायत का धन्यवाद कर रहे हैं।

## पहले मंदिर फिर घर अब जानवरों को चोरों ने बनाया निशाना, पार की दो बकरियां

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

- अपराध प्रभारी के आने-जाने के समय पर भी क्षेत्रीय लोगों में हो रही है चर्चा

वर्तमान समय में बछरावां थाने में अपराध का ग्राफ इस कदर बढ़ गया है मानो बैंक में कर्ज का ब्याज बढ़ रहा होद्य बात की जाए वर्तमान थाना प्रभारी विजेंद्र शर्मा के कार्यकाल की तो उनके कार्यकाल में अपराध का स्तर चरम सीमा पर है। और अपराधियों एवं चोरों के हौसले बुलंद होने के साथ-साथ आए दिन चोर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हुए उनकी पुलिस गस्त की धज्जियां उड़ाकर उन्हें चुनौती देते हुए उनकी कार्यशैली पर जोर का तमाचा जड़ने का काम कर रहे हैंद्य जानकारी के अनुसार आपको बताते चलें कि बीते गुरुवार की देर रात समय लगभग 2:00 बजे के आसपास थाना क्षेत्र के ठकुराइन खेड़ा मजरे शेखपुर समोधा गांव के रहने वाले दो पशुपालक शिवचरण पुत्र मोहले एवं रामसजीवन पुत्र छविनाथ की एक-एक बकरी चोरी हो गईद्य पशुपालक शिवचरण ने बताया कि चार अज्ञात चोर कार से आए थे, चोरों ने उनकी एक बकरी के गले में बंधी हुई रस्सी को चाकू से काटकर उसे कार में डाल दिया। जब दूसरी बकरी को खोल रहे थे तभी अन्य बकरियां चिल्लाने लगी आवाज सुनकर उनकी भी नींद खुल गई, परंतु कार स्टार्ट खड़ी थी, स्पीड बढ़ गई और कार चालक फरार हो गए। पीड़ित ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी, मौके पर पहुंचकर स्थानीय पुलिस ने कार्यवाही करते हुए छानबीन शुरू कर दी है। लेकिन क्षेत्रीय लोगों में बछरावा थाने मे अपराध प्रभारी के पद पर तैनात सुरेंद्र कुमार को लेकर यह बात भी चर्चा बनी हुई है कि न तो उनके आने का समय है और न ही उनके जाने का समय है। जिसके कारण क्षेत्र में बढ़ते अपराध के ग्राफ पर रोक नहीं लग पा रही है। इस कारण बछरावां पुलिस की विश्वसनीयता एवं सकारात्मक न्याय क्षमता क्षेत्रीय लोगों के बीच से धूमिल होती चली जा रही हैद्य जो कहीं ना कहीं प्रदेश के मुखिया महंत योगी आदित्यनाथ के ला इन ऑर्डर की धज्जियां उधेड़ रही है।

## डीएम ने ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट का किया अनावरण



रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने राणा बेनी माधव सिंह जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट का उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने बताया कि इस यूनिट के शुरू हो जाने से मरीजों को प्लेटलेट्स और ब्लड से संबंधित किसी भी समस्या के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

यह यूनिट 12 वर्षों से बंद पड़ी थी।जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ महेंद्र मौर्य ने अथक प्रयास से कार्यवाही को पूर्ण करते हुए इस यूनिट की स्थापना ब्लैक बैंक में की है। ब्लड कम्पोनेण्ट सेपरेटर यूनिट से प्लेटलेट्स,पैक्ड आर0बी0सी0 तथा प्लाज्मा का निर्माण किया जायेगा। प्लेटलेट्स से उन मरीजों (डेंगू, वाइरल फीवर आदि) को लाभ मिलेगा जिनमें प्लेटलेट्स की कमी हो जाती है। पैक्ड सेल आर0बी0सी0 का उपयोग सीवियर एनीमिया के मरीजों में किया जायेगा। पूर्व में प्लेटलेटस की कमी एवं पैक्ड सेल आर0बी0सी0 के लिए मरीजों को या तो एम्स रायबरेली या के0जी0एम0यू0 लखनऊ रिफर किया जाता है,अब उन मरीजों को उक्त स्थानों पर रिफर नहीं करना पड़ेगा। इस अवसर पर डा0 सै0 अलताफ हुसैन वरिष्ठ परामर्शदाता, डा0 हेमारानी गुप्ता पैथोलाजिस्ट ब्लड बैंक डा0 ऋचा त्रिपाठी, डा0 श्वेता सिंह, डा0 दीपेन्द्र सिंह, डा0 जे0के0 लाल, डा0 पी0के0 वैसवार, डा0 राजीव अग्रवाल, डा0 राजेन्द्र शर्मा, डा0 बी0आर0 यादव हास्पिटल मैनेजर तथा ब्लड बैंक एवं जिला चिकित्सालय के समस्त स्टॉफ तथा चिकित्सालय के चिकित्सा कर्मी उपस्थित रहे।

### जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिलाधिकारी व एसपी ने कारागार का किया संयुक्त निरीक्षण



जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायबरेली श्री तरूण सक्सेना के नेतृत्व में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर,पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल, जिलाधिकारी अमेठी निशा अनन्त, पुलिस अधीक्षक अमेठी, अनूप सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रायबरेली पवन कुमार सिंह एवं अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली अनुपम शौर्य द्वारा कारागार का संयुक्त त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारागार की बैरकों का भ्रमण किया गया। इस दौरान कारागार की साफ सफाई,पाकशाला और अनुशासन व्यवस्था को भी देखा गया। निरीक्षण के दौरान कारागार में निरूद्ध महिला बंदियों से भी वार्तालाप किया गया एवं सेनेगलीज़ बंदिनी से उसके केस के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी हासिल करके उसके शीघ्र निस्तारण का आश्वासन भी दिया गया। इस दौरान जेल अधीक्षक हर्षिता मिश्रा व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## माइनरों में नहीं आ रहा पानी, किसान मायूस

सतांव, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

योगी सरकार भले ही किसानों के हित में बात कर रही हो पर धरातल पर कुछ और ही किसानों को नसीब हो रहा है,इस प्रचण्ड गर्मी में जहां एक तरफ हर व्यक्ति परेशान है तो वहीं अब सिंचाई व नहर विभाग की लापरवाही से फसलों पर भी खतरा मंडराने लगा है। क्षेत्र के बड़े नहरों में पानी छोड़ दिया गया है,लेकिन जिन छोटी छोटी माइनरो से किसान अपने-अपने खेतों में पानी ले जाते हैं,उन छोटी माइनरों में नहर विभाग की लापरवाही से पानी नहीं छोड़ा जा रहा है,जिससे किसान परेशान है और हजारों बीघा फसल लगाने की राह किसान देख रहे हैं। बताते चलें कि उत्तर प्रदेश सरकार किसानों को अन्नदाता का दर्जा देती है पर इन किसानों का सुनने वाला कोई नहीं है,जिससे उन्हें अपनी ही फसल उगाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ज्येष्ठ माह का एक तिहाई हिस्सा इस प्रचण्ड गर्मी के बीच बीत चुका है जिससे आम जनमानस के साथ-साथ जीव जन्तु भी परेशान दिखाई दे रहे हैं।अब इन अन्नदाताओं के फसल पर भी संकट मंडराने लगा है क्योंकि नहर विभाग की लापरवाही से छोटी-छोटी माइनरों में पानी अभी तक नहीं छोड़ा गया है,जिससे धान की रोपाई करने में बडी समस्या का सामना करना पड़ रहा है और फसल में देरी भी हो रही है।कहते हैं कि फसलों में सबसे ज्यादा अगर किसी फसल को पानी की जरूरत होती है तो वह धान की फसल होती है लेकिन नहर विभाग के आलाधिकारियों को इन अन्नदाताओं की गुहार नहीं सुनाई दे रही हैं और अपने-अपने कानों में रूई डालकर बैठे हुए हैं।अब देखने वाली बात यह होगी कि खबर प्रकाशित होने के बाद नहरों में पानी दिखाई देगा या फिर ऐसे ही किसान जूझते रहेंगे।

# लूट का प्रयास करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

इटावा, समृद्धि न्यूज।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना वैदपुरा पुलिस ने लूट का प्रयास करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कब्जे से चाकू एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल यूपी 75 ए आर 1473 बरामद की।

वादी धर्मेन्द्र कुमार पुत्र श्याम बिहारी निवासी ग्राम फूलापुर थाना वैदपुरा इटावा द्वारा थाना वैदपुरा पर सूचना दी गयी कि जब वह अपने ऑटो सं. यूपी 75 बीटी 7684 के साथ नगला बरी तिराहे पर सवारियों का इन्तजार कर रहा था इसी दौरान 3 व्यक्तियों ने मोटर साइकिल से आकर अपने साथी की तबीयत खराब कहकर दो व्यक्ति ऑटो में बैठ गये तथा एक अन्य व्यक्ति मोटर साइकिल से पीछे-पीछे आने लगा इसी दौरान छिमारा पुल के पास ऑटो में बैठे व्यक्ति द्वारा वादी की गर्दन पर चाकू लगाकर ऑटो रूकवा लिया एवं ऑटो लूटने का प्रयास करने लगे इसी दौरान पुलिस की गाड़ी के सायरन की आवाज सुनकर 2 व्यक्ति मोटर साइकिल पर बैठकर भाग गये एवं एक व्यक्ति को मेरे द्वारा पकड़ लिया गया। थाना वैदपुरा पुलिस द्वारा बर्रा तिराहे पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान आपराधिक



अभिसूचना प्राप्त हुयी कि छिमारा पुल के पास लूट का प्रयास करने वाले आरोपी मोटर साइकिल से नगला बरी की ओर से इसी बर्रा तिराहे की ओर आ रहे हैं। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम द्वारा बर्रा तिराहे पर सघन चैकिंग की जाने लगी। इसी दौरान मोटर साइकिल पर सवार 2 व्यक्ति आते दिखायी दिये जिन्हें पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग करते हुये बर्रा तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम सोनू पाल पुत्र राजवीर सिंह निवासी ग्राम नगला गडरियान थाना वैदपुरा, निर्मल उर्फ गोलू पुत्र नेत्रपाल निवासी ग्राम नगला गडरियान थाना वैदपुरा, गौरव उर्फ आशीष पुत्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम नगला गडरियान थाना वैदपुरा बताया। इस सफलता में सनत चौधरी थानाध्यक्ष वैदपुरा, उ.नि. राजेश कुमार, उ.नि. श्रीकृष्ण, का. विपिन कुमार, का. जितेन्द्र सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

## नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर का मरीजों ने उठाया लाभ

इटावा, समृद्धि न्यूज।

गुरु कृपा ब्लड कलेक्शन सेंटर पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में शुगर, श्वास, ब्लड प्रेशर, हार्ट, हेयर फॉल, स्किन ट्रीटमेंट, गुप्त रोग आदि के मरीजों की निशुल्क जांच की गई। डॉ. जी एच गुप्ता, डॉ. एम एस अंसारी, डॉ. शिव ओम वर्मा ने जांच के बाद जरूरत मंद मरीजों एवं बच्चों का शिविर में उपचार के साथ परामर्श दिया।

गुरुकृपा के डॉ. हिमांशु एवं डॉ. पूनम यादव ने बताया कि शिविर में




267 मरीजों का परीक्षण किया गया तथा 130 मरीजों का उपचार किया गया। फाउंडेशन की अध्यक्ष सीमा सिंह, प्रभा गावा, गरिमा दुबे, नेहा दुबे सहित गुरु कृपा पैथोलॉजी का स्टाफ सम्मिलित रहा।

## असुविधा का टोल टैक्स

इस बात में कोई दो राय नहीं हो सकती कि गुणवत्ता की सेवा दिए बिना कोई टैक्स वसूलना उपभोक्ता के साथ अन्याय है। यह बात हर सरकारी व निजी महकमे पर लागू होती है। लेकिन यथार्थ में ऐसा होता नहीं है और बेहतर सेवा के बिना टैक्स वसूलने के खिलाफलोग लोक अदालतों से लेकर विभिन्न अदालतों के दरवाजे खटखटाते रहते हैं। बहरहाल, यह बात सर्वविदित है, लेकिन केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के हालिया बयान ने इस बहस को तेज किया है। अपनी बात को बेबाकी से कहने वाले नितिन गडकरी ने अधिकारियों को दो टूक शब्दों में कहा कि यदि सड़कें अच्छी हालत में न हों और लोगों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हो, तो राजमार्ग पर एजेंसियों द्वारा टोल टैक्स वसूलने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि टोल टैक्स वसूलने से पहले हमें अच्छी सेवाएं देनी चाहिए। लेकिन हम अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिये टोल टैक्स वसूलने की जल्दी में रहते हैं। केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री ने स्वीकारा कि सड़कें अच्छी नहीं होने पर तमाम शिकायतें हमें मिलती हैं। दूसरी ओर सोशल मीडिया पर लोग अपना गुस्सा जाहिर करते हैं। सही मायनों में गुणवत्ता की सड़क प्रदान करने पर ही हमें टोल वसूलने का अधिकार मिलता है। जाहिर सी बात है कि गड्ढों व कीचड़ वाली सड़कों पर टैक्स वसूलने पर पब्लिक की नाराजगी स्वाभाविक रूप से सामने आएगी। निस्संदेह, परिवहन मंत्री की स्वीकारोक्ति एक अच्छा कदम है और हर विभाग के मंत्री को अपने अधीनस्थ विभागों की कारगुजारियों पर नजर रखनी चाहिए। मंत्री को विभाग की खामियों पर पर्दा डालने के बजाय सेवा में सुधार की पहल करनी चाहिए।

अब चाहे मामला राष्ट्रीय राजमार्गों पर कार्यरत एजेंसियों का हो या फिर बिजली-पानी जैसे मूलभूत जरूरतों वाले विभागों का, अधिकारियों को उपभोक्ताओं के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। साथ ही जरूरी है कि शिकायत दर्ज करने और शिकायतों के तुरंत निवारण हेतु एक स्वतंत्र तंत्र भी विकसित किया जाना चाहिए।निस्संदेह, इसमें दो राय नहीं कि राष्ट्रीय राजमार्गों व एक्सप्रेस-वे आदि के बनने से यात्रियों का आवागमन सुविधाजनक हुआ है। लोगों के समय व वाहनों में पेट्रोल-डीजल में बचत हुई है। लेकिन कई स्थानों पर सड़कों की गुणवत्ता में कमी या सड़कों के निर्माण में तकनीकी खामियों का उजागर होना, उपभोक्ताओं को परेशान करता है। पहले राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल टैक्स चुकाने के लिये घंटों लाइन में लगना पड़ता था। कालांतर फास्टैग व्यवस्था से टोल कटने लगा। आज 98 फीसदी वाहनों में स्मार्ट टैग के माध्यम से निर्बाध यात्रा की जा रही है। आने वाले कुछ वर्षों में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम आधारित टोल संग्रह प्रणाली को अंजाम देने की तैयारी में है। जिसके बाद राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल गेटों की जरूरत नहीं रह जाएगी।

# पुराना रवैया वापस होने के खतरे

**अरविन्द मोहन**



**साधन भी एलेक्ट्रोरल बांड जैसे उपायों से किस तरह जुटाए गए और ईडी-सीबीआई वगैरह के दुरुपयोग हो रहा है यह देश ने बहुत साफदेखा। इन कदमों ने भले तत्काल मदद कर दी हो लेकिन लोगों का गुस्सा इनकी वजह से भी बढ़ा। अकेले प्रधानमंत्री का रुख भले पुराने गियर में वापस आ गया हों लेकिन मुल्क, राजनीति और प्रतिपक्ष का रुख तो बदल चुका है। लोग महंगाई और बेरोजगारी पर जवाब चाहते हैं और आप मौजूदा नीतियों से बंधे हैं जिनसे इनका उपाय संभव नहीं है। आपने साफ-साफसांप्रदायिक प्रचार करके भी नतीजा देख लिया और मुल्क जाति के विमर्श को आगे बढ़ा रहा है। आपको लगता है कि मंत्रिमंडल के गठन में कुछ पिछड़ों को लेने जैसी कर्मकांडी नियुक्तियों से बात बन जाएगी। आपको कांग्रेस मुक्त भारत के तहत विपक्ष की राज्य सरकारें गिरवाने का शौक रहा है (उनके अपने विरोधाभास भी रहे हैं) लेकिन अब आपको अपने और सहयोगी दलों की राज्य सरकारों से भी बेहतर ढंग से डील करना होगा।**

आम तौर पर सत्ता पक्ष और कई बार विपक्ष के लिए भी चुनावी जनादेश लड्डु या झाड़ू की तरह का होता है लेकिन सामान्य रूप से मतदाता बहुत बारीक निर्णय देता है। लोकतंत्र असल में बारीकी का ही खेल है और साम्यवाद की तरह लत्रमार समानता, तानाशाही या बादशाहत की जगह यह दुनिया भर में सफल होता गया है तो उसकी यह बारीकी ही असली चीज है। और इसे 365 दिन और चौबीस घंटे राजनीति करने वाले राजनेता न समझ सके तो यह स्थिति चिंता की है। अठारहवीं लोकसभा के लिए हुए हाल के चुनाव से आए जनादेश के मामले में ऐसा ही लगता है। चुनाव नतीजे आने और भाजपा को उसके दावे या उम्मीद से काफी नीचे तथा विपक्ष को कई राज्यों में उम्मीद से ज्यादा मिली सफलता के तत्काल बाद तो पक्ष और विपक्ष, दोनों के हाव-भाव से यह लग रहा था कि दोनों ने मतदाताओं के संदेश को ठीक से ग्रहण किया है। प्रधानमंत्री और भाजपा को अचानक एनडीए प्रिय हो गया, वे कई बार नजर चुराते भी लगे तो उनके दरबार के सबसे ताकतवर बताए जाने वाले अमित शाह को श्छुपानाश् शुरू कर दिया गया। मोदी जी अपने फोटो के फ्रेम में नीतीश और चंद्रबाबू ही नहीं प्रफुल्ल पटेल और ललन सिंह जैसों को भी आने दे रहे थे। विपक्ष तो न जीतकर भी जीतने से ज्यादा उछल रहा था। विपक्षी उत्साह बरकरार है लेकिन मोदी जी के रंग-ढंग पुराने लगने लगे हैं। मंत्रिमंडल के गठन से लेकर विभागों के बंटवारे या मोहन भागवत और इंद्रेश कुमार जैसों की बात का जबाब ही नहीं नीट घोटाले में मुंह न खोलने से भी यह रंग दिखने लगा था। लेकिन नई लोक सभा के पहले दिन उन्होंने जिस तरह विपक्ष पर हमला किया, उसके संविधान प्रेम को नाटक बताया और पचास साल पहले लगे आपातकाल के मुद्दे से कांग्रेस को घेरने का प्रयास किया वह साफ संकेत था कि वे जनादेश को बहुत साफढंग से अपने हक में मानते हैं, अपनी जीत को ऐतिहासिक और अपूर्व मानते है। अपने सांसदों की संख्या घटना, सहयोगी दलों पर निर्भरता और विपक्ष की बढ़ी ताकत से उनके मन पर कोई असर नहीं पड़ा है।

वे अपने रंग से सरकार और राजनीति चलाने के मूड में हैं और हाल-फिलहाल वे नई स्थितियों अर्थात चुनाव से निकले जनादेश की कम से कम परवाह करने वाले हैं। विपक्ष की ताकत बढ़ी भले हो लेकिन अभी भी उसकी एकता ही नहीं कार्यक्रम और नजरिए का असमंजस प्रधानमंत्री को ताकत दे रहा है। और जो व्यवहार उन्होंने नतीजे आने के बीस दिन में ही दिखाने शुरू किए हैं उससे लगता है कि उनकी तरफसे पिछला रवैया ही जारी रहेगा-अर्थात चौबीसों घंटे चुनावी चिंतन और तैयारी, हर काम का उद्देश्य चुनाव जीतना और इसमें विपक्ष को हड़पने और निगलने की जरूरत लगे तो उससे भी परहेज नहीं। यह चुनाव भाजपा की सीटें कम होने या विपक्ष की सीटें बढ़ना और संसद में काफी समय बाद विपक्ष के ताकतवर बनने(जिसको लेकर बात-बात में टकराव और कामकाज बाधित होने की आशंका प्रबल हुई है) भर का नतीजा या जनादेश लेकर नहीं आया है। यह सत्ता, साधन और दिन-रात के प्रबंधन, जिसमें मीडिया से लेकर हर बारीक चीज का ध्यान रखा गया था, के खिलाफ आम आदमी की नाराजगी की अभिव्यक्ति का था। मोदी की सत्ता और अमित शाह के प्रबंधन से कांग्रेस या सपा नहीं लड़ी, लोगों का गुस्सा चौनलाइज्ड होकर उनके पक्ष में गया। हल्का संगठित विरोध सिर्फ तमिलनाडु और बंगाल जैसे राज्यों में दिखा। यह प्रबंधन, साधन और सत्ता के सहारे चुनाव जीतने के भ्रम का टूटना भी था। और यह कहने में हर्ज नहीं है कि अगर भाजपा की तरफसे एक-एक सीट के लिए इतनी चौकसी न रहती, इतना साधन न लगता और सत्ता का इतना खुला दुरुपयोग न होता तो उसे कम से कम पचास और सीटें कम मिलतीं।

साधन भी एलेक्ट्रोरल बांड जैसे उपायों से किस तरह जुटाए गए और ईडी-सीबीआई वगैरह के दुरुपयोग हो रहा है यह देश ने बहुत साफ देखा। इन कदमों ने भले तत्काल मदद कर दी हो लेकिन लोगों का गुस्सा इनकी वजह से भी बढ़ा। अकेले प्रधानमंत्री का रुख भले पुराने गियर में वापस आ गया हों लेकिन मुल्क, राजनीति और प्रतिपक्ष का रुख तो बदल चुका है। लोग महंगाई और बेरोजगारी पर जवाब चाहते हैं और आप मौजूदा नीतियों से बंधे हैं जिनसे इनका उपाय संभव नहीं है।

आपने साफ-साफसांप्रदायिक प्रचार करके भी नतीजा देख लिया और मुल्क जाति के विमर्श को आगे बढ़ा रहा है। आपको लगता है कि मंत्रिमंडल के गठन में कुछ पिछड़ों को लेने जैसी कर्मकांडी नियुक्तियों से बात बन जाएगी। आपको कांग्रेस मुक्त भारत के तहत विपक्ष की राज्य सरकारें गिरवाने का शौक रहा है (उनके अपने विरोधाभास भी रहे हैं) लेकिन अब आपको अपने और सहयोगी दलों की राज्य सरकारों से भी बेहतर ढंग से डील करना होगा। आप आंध्र, बिहार और ओडिशा को पैकेज दें न दें लेकिन ज्यादा साधन देने होंगे। मुसलमानों और औरतों के प्रतिनिधित्व का सवाल भी आपको सुलझाना ही होगा क्योंकि संसद में जैसी विपक्षी महिला सांसद आ गई हैं या मुसलमानों ने जिस तरह नतीजों में असर डाला उनको आप आसानी से नजरअंदाज नहीं कर सकते। फिर महाराष्ट्र हो या हरियाणा, झारखंड हो या दिल्ली अभी जिन राज्यों के चुनाव आने वाले हैं वहां आपकी स्थिति इस चुनाव में दयनीय ही रही है। इन सबके ऊपर आपको भाजपा और संघ परिवार को भी संभालने में ज्यादा परेशानी आनी है क्योंकि जनादेश सामने आते ही सिर्फएनडीए के सहयोगी दल ही नहीं, अपने अंदर से भी ऐसी आवाजें सामने आने लगी हैं जिन्हें आप जेपी नड्डा जैसों से बयान दिलवाकर नहीं निपटा सकते।

अब तो विद्यार्थी परिषद खुलेआम धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा मांगने से लेकर देश भर में नीट कांड पर आंदोलन चला रहा है। मोहन भागवत और इंद्रेश कुमार ने सीधे-सीधे मोदी जी पर ही तीर बरसाए।

प्रधानमंत्री के चुनाव की औपचारिकता एनडीए सांसदों की बैठक में पूरी की गई भाजपा संसदीय दल की बैठक ही नहीं हुई। ऐसा संभवतरू वहां से विरोध का स्वर उठने की आशंका के चलते किया गया। महाराष्ट्र समेत की राज्यों में घमासान मचा है लेकिन पार्टी का एक धड़ा योगीजी को निपटाने में लगा है। चुनाव की कर्मकांडी समीक्षा हो तब भी टिकट बांटने से लेकर मुद्दे और शैली की चर्चा तो होगी और आप इन सबके लिए किसको दोषी बता पाएंगे।

## विचार

# कांग्रेस की राजनीति में प्रियंका गांधी का उदय और विकास

**हरिहर स्वरूप**



**आज, अधिकांश भारतीय लोगों-जिनमें से आधे से अधिक 30 वर्ष से कम उम्र के हैं-को इंदिरा के बारे में बमुश्किल ही कुछ याद है, सिवाय किताबों में पढ़ी गई बातों के। पिछले कुछ वर्षों में, प्रियंका अपने वन-लाइनर के लिए जानी जाती रही हैं। 1999 में, जब उनके पिता राजीव गांधी के चचेरे भाई और एक समय के भरोसेमंद अरुण नेहरू भाजपा के टिकट पर रायबरेली से चुनाव लड़ रहे थे, तो उन्होंने वहां लोगों से बस इतना ही पूछा-क्या आप ऐसे व्यक्ति को वोट देने जा रहे हैं जिसने मेरे पिता को धोखा दिया?**

आखिरकार दो दशकों के श्वह करेंगी, वह नहीं करेंगीश् के बाद प्रियंका गांधी अब चुनावी मैदान में उतरने जा रही हैं। वह केरल के वायनाड से लोकसभा उपचुनाव लड़ेंगी। यह वह सीट है जिसे उनके भाई राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश में रायबरेली सीट पर कब्जा करने के लिए खाली किया है। इस घटनाक्रम से पता चलता है - अगर इस बारे में कोई संदेह था - कि राहुल कांग्रेस के प्रमुख नेता होंगे (और जब भी समय आयेगा, प्रधानमंत्री पद का चेहरा होंगे)। प्रियंका सहायक भूमिका निभायेंगी। राहुल के लिए हिंदी पट्टी, खासकर उत्तर प्रदेश से जुड़ना जरूरी था, जहां रायबरेली को छोड़कर 2019 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस का सफाया हो गया था।

यह उत्तर प्रदेश ही है जिसने अब तक आठ प्रधानमंत्री दिये हैं और यह नेहरू-गांधी परिवार की कर्मभूमि रही है। प्रियंका ने हमेशा एक गौण भूमिका निभाई है। हालांकि कुछ लोगों का मानना है कि वह दोनों भाई-बहनों में से अधिक राजनीतिक रूप से समझदार हैं। 2004 में, यह एक पारिवारिक निर्णय था कि राहुल (और प्रियंका नहीं) सक्रिय राजनीति में आयेंगे और चुनाव लड़ेंगे। उनकी मां सोनिया गांधी ने पड़ोसी रायबरेली सीट से अमेठी में उनके लिए जगह बनाई। उस समय, उन तीनों के चुनाव लड़ने की संभावना पर विचार किया गया था-लेकिन यह प्रियंका ही थीं जिन्होंने स्पष्ट रूप से इसे खारिज कर दिया था। 20 वर्षों तक, उन्होंने अपने भाई और मां की ओर से अमेठी और रायबरेली दोनों सीटों को संभाला। हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों के दौरान एक समय चर्चा थी कि प्रियंका रायबरेली से चुनाव लड़ेंगी और राहुल वायनाड के अलावा अमेठी (जहां वे 2019 में हार गये थे) से फिर से लड़ेंगे। लेकिन यह राहुल ही थे जिन्होंने अपनी दूसरी सीट के रूप में अपेक्षाकृत सुरक्षित रायबरेली को चुना क्योंकि पारिवारिक समझ के अनुसार प्रियंका उस सीट से चुनाव लड़ेंगी जो बाद में वह उन्हें देंगे। एक चौथाई सदी पहले, सोनिया गांधी ने करिश्माई सुषमा स्वराज (उनकी बेटी बांसुरी स्वराज ने हाल ही में भाजपा के टिकट पर नई दिल्ली सीट से जीत हासिल की) को कर्नाटक की एक सीट पर हराया था। प्रियंका अपनी मां के साथ चुनाव प्रचार में उतरी थीं। तब कर्नाटक (और आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु) की कई महिलाएं प्रियंका को पुरानी यादों से देखती थीं क्योंकि वह उन्हें उनकी दादी इंदिरा अम्मा, दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की याद दिलाती थीं। लेकिन आज, अधिकांश भारतीय लोगों-जिनमें से आधे से अधिक 30 वर्ष से कम उम्र के हैं-को इंदिरा के बारे में बमुश्किल ही कुछ याद है, सिवाय किताबों में पढ़ी गई बातों के। पिछले कुछ वर्षों में, प्रियंका अपने वन-लाइनर के लिए जानी जाती रही हैं। 1999 में, जब उनके पिता राजीव गांधी के चचेरे भाई और एक समय के भरोसेमंद अरुण नेहरू भाजपा के टिकट पर रायबरेली से चुनाव लड़ रहे थे, तो उन्होंने वहां लोगों से बस इतना ही पूछा-क्या आप ऐसे व्यक्ति को वोट देने जा रहे हैं जिसने मेरे पिता को धोखा दियाश? अरुण नेहरू चुनाव हार गये। वह उनके पिता से अलग हो गये थे और वी.पी. सिंह से हाथ मिला लिया था, जिन्होंने 1989 में राजीव की जगह प्रधानमंत्री पद संभाला था। अपनी राजनीतिक भूमिका के बारे में रहस्य बनाये रखने के लिए उन्होंने कभी-कभार साक्षात्कार भी दिये। अनिश्चितता का वह दौर अब खत्म हो चुका है। 2024 में प्रियंका गांधी न केवल कांग्रेस पार्टी की महासचिवों में से एक हैं, बल्कि वह पार्टी की स्टार प्रचारक हैं। 2024 के लोकसभा चुनावों में चुनावी रैलियों में वक्ता के तौर पर उनकी काफी मांग थी। उनके भाषण केंद्रित होते थे और नामांकन प्रक्रिया के दौरान एक समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ वाराणसी सीट से चुनाव लड़ने के लिए उनके नाम पर गंभीरता से विचार किया गया था। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी सहित सहयोगी दलों की ओर से भी अनुरोध किये गये थे। प्रियंका ने यह बात कहने पर सहमति नहीं जताई कि वह कांग्रेस पार्टी के लिए राष्ट्रीय अभियान के लिए उपलब्ध रहना चाहेंगी। यह बात सही साबित हुई क्योंकि उन्होंने प्रचार रैलियों में भारी भीड़ जुटाई और खास तौर पर महिला मतदाताओं के बीच उनकी खासी लोकप्रियता रही। प्रियंका ने कांग्रेस की ओर से एक अच्छे वार्ताकार के तौर पर भी अपनी क्षमता दिखाई। लोकसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश में सीटों के बंटवारे को लेकर समाजवादी पार्टी के साथ हुई अहम चर्चा में यह बात सामने आई। समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव के साथ प्रियंका के निजी स्तर पर समीकरण जम गये। उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की बड़ी जीत ने लोकसभा चुनाव में भाजपा की सीटों को कम करने में मदद की। यह साफ है कि वायनाड में प्रियंका की जीत आसान होगी और वह जल्द ही लोकसभा में प्रवेश करेंगी। तब राहुल और प्रियंका दोनों ही लोकसभा के सदस्य होंगे, जबकि उनकी मां सोनिया गांधी राज्यसभा में होंगी। राहुल को विपक्ष का नेता नामित किया गया है, जिसका मतलब है कि वह कांग्रेस और विपक्ष की ओर से छाया प्रधानमंत्री की भूमिका में होंगे। राहुल के पास लोकसभा में प्रधानमंत्री से बराबरी के स्तर पर भिड़ने का मौका होगा। लोकसभा सत्र में प्रियंका के प्रदर्शन पर सबकी निगाहें रहेंगी।

## राष्ट्रपति के संबोधन में पेपर लीक की गूंज

**किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**

वैश्विक स्तरपर दुनियां के हर देश में प्रतिष्ठित भारतीय बौद्धिक क्षमता का डंका कहीं हमारे आगे की पीढ़ियों में कम ना हो जाए, इसकी आशंका बुद्धिजीवी वर्ग व्यक्त कर रहे हैं, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों से जिस तरह पेपर लीक मामले आ रहे हैं, उसे यह अंदेशा साफ लगाया जा सकता है कि,अब अपात्र असक्षम व अयोग्य व्यक्तियों की घुसपैठ बड़ी मात्रा में बड़े-बड़े सरकारी गैर सरकारी व प्रोफेशनल व्यवसाय में हो रही है जो स्वाभाविक ही प्रतिष्ठित भारतीय बौद्धिक क्षमता के डंके को चोट पहुंचा सकती है। क्योंकि यदि आरोग्य लोग डॉक्टर इंजीनियर आईआईटी सिविल सर्विसेज सहित अन्य उपाधियां लेकर आ आएंगे तो स्वाभाविक रूप से उनका परफॉर्मेंस अपेक्षाकृत नहीं होगा वैश्विक मानकों पर खरा नहीं उतरेगा तो भारत की प्रतिष्ठा धूमिल होगी, जिसका सीधा प्रभाव विजन 2047 पर पड़ेगा, इसलिए अब समय आ गया है कि इन पेपर लीक माफियाओं की नकेल अति सख्ती से कसी जाए,इसके लिए मेरे विचार में यह सुझाव आ रहे हैं, जिनपर संभव हो तो सरकारों द्वारा विचार किया जा सकता है।(1) पेपर लीक मामले पर भी बुलडोजर नीति अपनाना (2) हर राज्य में यूपी पेपर लीकअध्यादेश मॉडल कानून करना (3) फास्ट ट्रैक कोड बनाना जो तीन माह में सुनवाई कर फैसला दे (4) यह फैसले की फास्ट ट्रैक कोर्ट, सभी अपीलीय कोर्टों व प्राधिकरण में करना (5) शिक्षा माफियाओ को चिन्हित कर उनकी चैनल को तोड़ना (6) पेपर के सब्सडायरी चैनलो जैसे ट्रांसपोर्टेशन भंडारण वितरण को अति सख्त करना (7)पेपर मॉडल बनाने वालों का चयन अति सुचिता योग्यता व तकनीकी सुरक्षा से करना (8) अल्टरनेट पेपर सेटों की संख्या में वृद्धि करना (9) शिक्षा क्षेत्र से जुड़े व्यक्तियों की छिपी अघोषित संपत्तियों का संज्ञान लेकर कार्रवाई की सिफारिश करना (10) पेपर लीक आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून की धाराएं लगाना सहित इससे भी सख्त कार्रवाई के सेक्शंस को जोड़ा जा सकता है।यह बात आज हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि मेरी जानकारी में शायद है पहली बार हो रहा है कि माननीय राष्ट्रपति महोदय द्वारा 27 जून 2024 को संसद के संयुक्तसत्र में अपने संबोधन में पेपर लीक का मुद्दा उठाया है व कार्रवाई की बात कही है, जो पूरी दुनिया ने सुनी है। इसलिए मेरे उपरोक्त सुझावों पर गौर करने की अपेक्षा में करता हूं, तथा सबसे अहम बात आरोपियों को न्यायिक प्रणालियों में लंबा समय मिल जाता है जो उनके छूट/एक्यूटल या वह मामला रफ़ादफा होने का प्रमुख कारण बन जाता है इसलिए निचली कोर्ट से लेकर ऊपरी कोर्ट तक इस मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में निपटना व अपीलीय कोर्ट व प्राधिकरण सहित अधिकतम तीन माह में फैसले पर विचार करना होगा।



महक आ रही हैं, हवाओ में ऐसी
तेरे होने का अहसास हैं, दिलाती।
तू मुझसे ख़फ़ा हैं, मैं तुझसे ख़फ़ा हूँ,
ग़म की ये चादर, बढ़ती हैं जाती।।

तुझे हम भुलाने की दुआ कर रहे हैं,
तेरी यादों को हम, विदा कर रहे हैं।
मेरी नींद में भी, ख़्वाब हैं तेरे,
अपने ज़ख्मी दिल की, दवा कर रहे हैं।।

दीदार को अब तड़पता नहीं दिल,
तेरे आने से अब धड़कता नहीं दिल।
तेरे नूर को हम, जुदा कर रहे हैं,
तेरे प्यार को हम विदा कर रहे हैं।।

महक आ रही हैं, हवाओं में ऐसी,
महक आ रही हैं, हवाओं में ऐसी।।...

**अंजली चौरसिया**
**टेहरका, निवारी (मध्यप्रदेश)**



## राशिफल

**मेषः-** कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। पेशे संबंधी कोई यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

**बृषभः-** स्वयं पर भरोसा रख योजनाओं को सुचारू रुप से क्रियान्वित करें। सगे-संबंधों में सरल व व्यावहारिक बनने की कोशिश करें। अर्थाभाववश चिंता संभव।

**मिथुनः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध से मन हतोत्साहित होगा। संबंधों के प्रति कुछ नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन में उत्साह का संचार होगा।

**कर्कः-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा।

**सिंहः-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। रोजगार में अति व्यस्तता रहेगी किंतु कायरे को समय से पूर्ण करें।

**कन्याः-** समस्याओं के समाधान हेतु मन नयी-नयी युक्तियों पर केंद्रित होगा। महत्वपूर्ण कायरें के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

**तुलाः-** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में संतुलित वाणी का प्रयोग करें। कोई हितैषी बिगड़े हुए संबंधों को सुधरवायेगा। रोजगार में अपनी क्षमता का लाभ उठाएंगे।

**वृश्चिकः-** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु संतुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में सगे-संबंधियों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां संभव।

**धनुः-** नये समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय में संतुलन बनाने का प्रयत्न करें।

**मकरः-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम सार्थक होगा।

**कुंभः-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता से प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कायरें की व्यस्तता रहेगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें।

**मीनः-** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें। रोजगार में लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे। परिवार में मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

# आधुनिक वैज्ञानिक पद्धति और आर्थिक विकास की जुगलबंदी

**संजीव ठाकुर**



**पश्चिमी कई देश साधन विहीन होने के पश्चात भी अत्यंत विकसित एवं संपन्न राष्ट्र बने विज्ञान की तकनीकी का भरपूर इस्तेमाल कर वे अपने राष्ट्र को समृद्ध कर पाए हैं। यह तो तय है और स्पष्ट है कि व्यापक गरीबी का निवारण पिछड़े विकास के साधनों से संभव नहीं है, पुराने तरीके जहां अधिक संसाधन समय लेते हैं उसके परिणाम में कम उत्पादन कम मूल्य प्रदान करते हैं। इसीलिए वैश्विक स्तर पर अब विज्ञान आधारित विकास से गरीबी मिटाने तथा विकास की नई इबारत लिखने की प्रतिस्पर्धा बढ़ चुकी है। गरीबी का सबसे भयानक रूप भुखमरी एक बड़ी समस्या बनकर उभरी है किंतु अब विज्ञान के प्रयोग से काफी कम हो चुकी है। भारत जैसा विशाल जनसंख्या वाला देश कभी भूख से कराह रहा था, पर आज अनाज का निर्यातक बन कर 140 करोड़ जनता का पेट भी भर रहा है और अनाज निर्यात भी कर रहा है। भारत ने कृषि में नवीन यंत्रों को विकसित कर जो बेहतर तौर-तरीकों जैसे वैज्ञानिक प्रयोगों से ग्रीन रिवॉल्यूशन को लाकर खड़ा कर दिया। अब भारत में पर्याप्त अन्न का भंडार भारतीय जनमानस के लिए उपलब्ध है।**

भारत के कृषि, चिकित्सा,संचार और स्पेस अनुसंधान के वैज्ञानिकों ने यह प्रमाणित कर दिया है कि वैज्ञानिक उन्नत पद्धति देश की आर्थिक विकास की आधारशिला है और चंद्रयान तीन की चंद्रमा पर पहुंचने की महान सफलता ने न सिर्फस्पेस रिसर्च में विश्व में भारत को अग्रणी पंक्ति में प्रथम स्थान दिलाया है बल्कि देश के आर्थिक विकास में भी महती योगदान दिया है। सदियों से हर समाज गरीबी की कठिन परिस्थिति का सामना करता रहा है। गरीबी किसी मनुष्य को इस कदर मजबूर कर देती है कि वह अपने जीवन की जरूरी आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पाता है। इसके कारण भुखमरी कुपोषण और साक्षरता बेरोजगारी जैसी न जाने कितनी समस्या गरीब इंसान खेलता है।

प्राचीन काल से ही की उत्तम शासन का लक्ष्य गरीबी हटाना व प्रजा के दुख दर्द हटाने के उचित उपाय करने को माना गया है। कौटिल्य ने अपने अर्थशास्त्र में लिखा है कि प्रजा के सुख में ही राजा का सुख निहित है, प्रजा के हित में ही उसे अपना हित देखना चाहिए। इसीलिए अशोक महान से लेकर अकबर और वर्तमान प्रजातंत्र में हर प्रधानमंत्री गरीबी हटाने के मूल मंत्र को लेकर आगे विकास की बात तय करते हैं। आधुनिक काल में जब शासन कल्याणकारी बनने लगा तो जनता के हित सर्वोच्च लक्ष्य बन गया और गरीबी हटाने के मुहिम जोर शोर से चलने लगे, इसमें काफी हद तक सफलता भी प्राप्त की गई है। जापान आज की स्थिति में विकसित राष्ट्र माना जाता है। पर इसे देखकर निश्चित तौर पर आश्चर्य होता है की यह एक ऐसा देश है जिसके पास में पर्याप्त प्राकृतिक साधन है न ही सुरक्षित निवास स्थान फिर भी लगातार दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होता है। द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका झेलने के बाद यह देश ना जाने कितने भूकंप और प्राकृतिक आपदाओं का सामना निरंतर करता आया है, इसके बावजूद जापान सफल समृद्धि तथा गौरवशाली राष्ट्र बन चुका है, निसंदेह इसके पीछे विज्ञान तकनीकी का वृहद तथा व्यापक प्रयोग ही है। दूसरी तरफ एशिया, अफ्रीका के कई देश हैं, जिनके पास भरपूर प्राकृतिक संसाधन हैं, वे आज भी गरीबी पिछड़ापन को नहीं हटा पाए इसका एक बड़ा कारण पुरानी शैली पर टिका हुआ विकास है।

विज्ञान अपनी क्षमता से विकास के हर क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने की ताकत रखता है। पश्चिमी कई देश साधन विहीन होने के पश्चात भी अत्यंत विकसित एवं संपन्न राष्ट्र बने विज्ञान की तकनीकी का भरपूर इस्तेमाल कर वे अपने राष्ट्र को समृद्ध कर पाए हैं। यह तो तय है और स्पष्ट है कि व्यापक गरीबी का निवारण पिछड़े विकास के साधनों से संभव नहीं है, पुराने तरीके जहां अधिक संसाधन समय लेते हैं उसके परिणाम में कम उत्पादन कम मूल्य प्रदान करते हैं। इसीलिए वैश्विक स्तर पर अब विज्ञान आधारित विकास से गरीबी मिटाने तथा विकास की नई इबारत लिखने की प्रतिस्पर्धा बढ़ चुकी है। गरीबी का सबसे भयानक रूप भुखमरी एक बड़ी समस्या बनकर उभरी है किंतु अब विज्ञान के प्रयोग से काफी कम हो चुकी है। भारत जैसा विशाल जनसंख्या वाला देश कभी भूख से कराह रहा था, पर आज अनाज का निर्यातक बन कर 140 करोड़ जनता का पेट भी भर रहा है और अनाज निर्यात भी कर रहा है। भारत ने कृषि में नवीन यंत्रों को विकसित कर जो बेहतर तौर-तरीकों जैसे वैज्ञानिक प्रयोगों से ग्रीन रिवॉल्यूशन को लाकर खड़ा कर दिया। अब भारत में पर्याप्त अन्न का भंडार भारतीय जनमानस के लिए उपलब्ध है। यह निसंदेह वैज्ञानिक तकनीक और दृढ़ संकल्प का ही परिणाम है,जो हमारे लिए गौरव का विषय भी है। इसी तरह मानव के विकास की अहम आवश्यकता शिक्षा और कौशल तकनीक भी गरीबी निवारण के लिए अपरिहार्य बन गई है। यहां भी वैज्ञानिक तरीकों से लॉजिकल पाठ्यक्रम ऑनलाइन पढ़ाई आदि से गरीबी के कई आधार स्तंभ हटाए गए हैं। विज्ञान आधारित विकास से अब समाज में उद्योग सेवा क्षेत्र में कई नौकरियां तथा रोजगार के अनेक अवसर पैदा हो रहे हैं। विकास यानी गरीबी हटाने के घरेलू उपाय का अच्छा रोजगार देने में विज्ञान का योगदान बहुत ज्यादा रहा है,लगातार बढ़ती अर्थव्यवस्था में शिक्षा कौशल प्राप्त कर गरीब युवा भी बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकता है। सामाजिक आर्थिक क्षेत्र ही नहीं बल्कि प्रशासनिक राजनीतिक क्षेत्र भी वैज्ञानिक तकनीकी से गरीबी मिटाने के प्रयास में लगातार अनवरत प्रयत्नशील है ई गवर्नेंस वस्मार्ट गवर्नेंस में व्यापक तौर पर पारदर्शिता जवाबदेही लाकर प्रशासन को बेहतर बनाने में मदद की है यह भी गरीबी निवारण के लिए जरूरी सुशांत सुशासन का एक अहम हिस्सा है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# आकाशीय बिजली से बचाएगा बहुउपयोगी दामिनी एप


- वज्रपात से बचाव को लेकर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जारी की एडवाइजरी

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी ने जनसामान्य से अपील करते हुए कहा है कि *खराब मौसम में आकाशीय बिजली गिरने/वज्रपात की घटनाएं घटित होने की संभावनाएं काफी बढ़ जाती हैं जिससे जनहानि एवं पशु हानि व मकान क्षति तथा व्यक्ति के घायल होने की घटनाए प्रायः होती हैं। ऐसे में यह आवश्यक है कि आकाशीय बिजली से बचने के उपायों को अपनाया जाय ताकि वज्रपात से जनहानि न होने पाय।

उन्होंने कहा है कि जनसामान्य अपने मोबाइल में मौसम विज्ञान विभाग भारत सरकार द्वारा विकसित *दामिनी एप एवं सचेत एप* डाउनलोड करें जिससे वज्रपात की पूर्व सूचना मिल सके और वज्रपात से बचा जा सके। उन्होने बताया कि प्रतिवर्ष वज्रपात से बड़ी संख्या में जनहानि व पशुहानि होती है तथा इन्फास्ट्रक्चर को भी भारी नुकसान पहुंचता है। वज्रपात से कम से कम क्षति हो इसके लिए प्रभावी व्यवस्था को अपनाने के साथ ही अधिसूचित आपदाओं की पूर्व चेतावनियों एवं अलर्ट को आम जनमानस तक समय से पहुचांकर आपदा को कम किया जा सकता है।

जिला आपदा विशेषज्ञ प्रीति सिंह ने जनसामान्य को बचाव के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि *वज्रपात से बचने के लिए पेड़ों के नीचे, मोबाइल टावर व ऊंचे मकान के नीचे शरण न लें। बच्चों को बाहर न खेलने दें, लोहे की खिड़की, दरवाजे




व हैण्डपम्प आदि को न छुएं। धातु से बने छाते का प्रयोग न करें, लैण्डलाइन एवं विजली के उपकरणों का उपयोग न करें, खुल वाहनों मे सवारी न करें, बचाव के लिए जमीन पर न लेटें तथा तैराकी या नौकायन न करें।

यदि मौसम खराब हो तो तुरन्त किसी पक्के घर में शरण लें, आसपास सुरक्षित स्थान न होने पर दोनों कानों को बंद कर पैरों को सटा लें तथा घुटनों का टेक लेकर उकड़ू बैठ जाएं। घरों में विद्युत उपकरणों को प्लग से अलग कर दें। यदि खेतों में हैं तो तुरन्त सूखे स्थान पर चल जाएं। हाईटेंशन तारों, पोखरों, बिजली के खंभों तथा कटीले तारों से दूर रहें।

उन्होंने बताया कि वज्रपात से कम से कम क्षति हो इसके लिए प्रभावी व्यवस्था को अपनाने के साथ ही अधिसूचित आपदाओं की पूर्व चेतावनियों एवं अलर्ट को आम जनमानस तक समय से पहुचांकर आपदा को कम किया जा सकता है। दामिनी ऐप लगभग 20 से 40 किमी के क्षेत्र में संभावित लाइटनिंग अलर्ट का नोटिफिकेशन प्रेषित करता है जिससे व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचने तथा बचाव का अवसर प्राप्त हो सकेगा।

इसलिए स्वयं के मोबाइल में दामिनी एप डाउनलोड करने के साथ ही जनसामान्य को भी इस अति उपयोगी दामिनी एप के बारे में बताएं जिससे वज्रपात की पूर्व चेतावनी व अलर्ट अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके तथा वज्रपात से होने वाली क्षतियों को न्यूनीकृत किया जा सके। मौसम की पूर्ण जानकारी हेतु सचेत एप डाउनलोड करें जिससे मौसम की जानकारी एवं विभिन्न आपदाओं की जानकारी व एडवाइजरी भी प्राप्त हो सके वह चेतावनी मिलती रहे।

# नमामि गंगे योजना के तहत सीसी रोड मरम्मत कार्य गुणवत्ता विहीन करने पर ग्रामीणों में रोष

- लीपापोती करने में जुटा विभाग

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद महोबा के कस्बा जैतपुर में हर घर नल योजना के तहत पाइपलाइन डालने हेतु 3 वर्ष पूर्व खोदी गई सीसी रोड का लंबे समय तक क्षतिग्रस्त पड़ी रहने के बाद रोड मरम्मत का कार्य नमामि गंगे योजना अंतर्गत कस्बा में शुरू किया गया जिस कार्य में विभागीय ठेकेदार मरम्मत के नाम पर खाना पूर्ति करने में जुटा हुआ है ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त कस्बा की मड़ियापुरा, बजरिया, बाजार, बेरपुरा, दरेरापुरा आदि मोहल्ले में आदि अधूरी सीसी मरम्मत कर खाना पूर्ति की जा रही है एवं गुणवत्ता विहीन कार्य किया जा रहा है बताया गया है कि सीसी निर्माण में मिट्टी युक्त



बालू एवं सीमेंट कम मात्रा में प्रयोग किया जा रहा है एवं पानी की तलाई बिल्कुल नहीं की गई है जिसमें सीसी डालते ही कई जगह चटक कर उखड़ने लगी है लोगों ने बताया कि पाइप लाइन डालते समय जेसीबी मशीन से खोदी गई सीसी जगह-जगह बड़े क्षेत्रफल में उखाड़ देने के बाद अब विभाग मात्र पाइप लाइन के स्थान पर उसे 3 फीट चौड़ाई में ही सीसी डाल रहे हैं, एवं गहराई मात्र दो से तीन इंच डाल कर मानक विहीन कार्य किया जा रहा है,जबकि आजू-बाजू में चार में से छः फिट में आई बड़ी बड़ी दरारें जस की तस बनी हुई है उनकी मरम्मत नहीं की जा रही है। इस बारे में जब विभागीय कर्मचारियों से पूछा गया तो उनका कहना है कि विभागीय अधिकारियों को मोटा कमीशन देना पड़ता है, ऐसे में मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य किया जाना संभव नहीं है।

जैतपुर निवासी भागीरथ कुशवाहा, राजेश पांचाल, अरविंद द्विवेदी, राम प्रकाश पाठक, बाबूलाल अहिरवार आदि ने जिलाधिकारी से तकनीकी जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## खबरें एक नजर में

### चोरों ने की देशी शराब व नगदी पार

**राठ, (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** गुरुवार की चोरों ने देशी शराब के ठेके से दो पेटी शराब व गोलक में रखी नकदी पार कर दी है। पीड़ित सेल्समैन ने कोतवाली में तहरीर दी है।कस्बे के पठानपुरा मोहल्ला निवासी रविंद्र कुमार ने बताया कि वह हमीरपुर रोड स्थित देसी शराब ठेके का सेल्समेन है। गुरुवार रात शराब की दुकान बंदकर घर आ गया था। दुकान का ताला टूटा होने पर शुक्रवार सुबह चोरी की घटना की जानकारी हुई। दुकान के अंदर से चोर दो पेटी शराब और गुल्लक से 15700 रुपए चोरी कर ले गए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

### दबंगों ने घेर कर की मारपीट

**राठ, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के चिकासी के रानी पत्नी जुझार सिंह ने बताया कि उसका लड़का करन खदान में लेबलिंग का काम करता है। 23 मई को शाम छह उसका पुत्र काम कर रहा था। तभी सत्यम, बाबू, अखिल, कप्पू आए और पुत्र से फावड़ा मांगने लगे। जब उसने मना तो मारने पीटने लगे। जब उसका पुत्र भागकर घर आया तो उक्त लोग पीछे पीछे घर आ गए। शोर सुनकर जब वह घर के बाहर आईं तो उसे भी मारा-पीटा। मारपीट से उसकी आंख में चोट आईं हैं और पुत्र के पैर में चोट है। पीड़िता ने चिकासी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### ट्रेड टेलरिंग एवं इलैक्ट्रीशियन कोर्स के लिए करें आवेदन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र सुधीर कुमार ने बताया कि अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को स्वरोजगारयुक्त बनाने हेतु वर्ष 2024-25 योजनामार्गत उद्योग निदेशालय के निर्देशानुसार जनपद के अनुसूचित जाति एवं जनजाति के व्यक्तियों के लिए प्रथम एवं द्वितीय सत्र हेतु 4-4 माह का सामूहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी द्वारा आवेदन ट्रेड टेलरिंग एवं इलैक्ट्रीशियन कोर्स में ऑनलाइन बेवसाइट पर किया जा सकता है। ऑन लाइन द्वारा किये गये आवेदन पत्र ही स्वीकार किये जायेगे। आवेदन किये जाने की अंतिम तिथि 15 जुलाई है। आयु 18 से 45 के मध्य होनी चाहिये, आवेदक को जनपद का मूल निवासी होना चाहिये, गैर तकनीकी ट्रेड के लिये लिखने पढ़ने का ज्ञान आवश्यक है, प्रमाण-पत्र सहित, तकनीकी ट्रेड के लिये 8 वीं पास होना अनिवार्य है, इस योजना का पूर्व में लाभ न लिया हो। साक्षात्कार के समय समस्त प्रपत्रों की मूल प्रतियाँ प्रस्तुत करनी होगी। इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की अन्य जानकारी के लिये कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, एसडी।फील्ड, इटावा में सम्पर्क किया जा सकता है।

### आज मनाया जायेगा प्रो. राम गोपाल का जन्मदिन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** सपा जिला महासचिव वीरू भदौरिया ने बताया कि आज 29 जून को पूर्वाहन 11 बजे सिविल लाइन स्थित पार्टी कार्यालय पर प्रोफेसर रामगोपाल यादव प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव सपा का जन्मदिन धूमधाम से केक काटकर मनाया जाएगा। सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, जिला महासचिव वीरू भदौरिया, मीडिया प्रभारी विकास गुप्ता विक्की ने पार्टी के समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से समय से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

### तमंचे के साथ फोटो वायरल करना पड़ा मंहगा, आरोपी गिरफ्तार

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना जसवंतनगर पुलिस ने तमंचे के साथ फोटो वायरल करने वाला आरोपी गिरफ्तार किया। जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वारंटी/वांछितों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में थाना जसवंतनगर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस ने कुन्दन पुत्र राज कुमार निवासी सिरहौल थाना जसवंतनगर को कचौरा नहर तिराहा के पास से गिरफ्तार किया। इस सफलता में रामसहाय प्रभारी थाना जसवंतनगर, उ.नि. इमरान फरीद मय टीम का सराहनीय योगदान रहा।

### नाबालिग बालिका बरामद

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** आपरेशन मुस्कान के तहत थाना बकेवर पुलिस ने परिजनो से बिछड़ी नाबालिक बालिका को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। थाना बकेवर क्षेत्रान्तर्गत 9 वर्षीय बालिका अपने परिजनों से बिछड़ कर इधर उधर घूम रही थी। पुलिस टीम द्वारा बालिका से नाम पूछा गया तो उसने अपना नाम निशा पुत्री मनोज कुमार निवासी नगला पूठ थाना भरथना इटावा बताया। आपरेशन मुस्कान के तहत थाना बकेवर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए बालिका को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। बालिका को सकुशल पाकर परिजनों द्वारा थाना इटावा पुलिस एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा की प्रशंसा की गयी। इस सफलता में राकेश कुमार शर्मा प्रभारी थाना बकेवर मय टीम का सराहनीय योगदान रहा।

### नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के अंतर्गत हुआ कार्यक्रम

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के अंतर्गत एक युद्ध नशे के विरुद्ध कार्यक्रम का आयोजन औषधि निरीक्षक रजत कुमार के मार्गदर्शन एवं इटावा केमिस्ट बैलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में संपन्न हुआ जिसमें सभी केमिस्टो ने जिला अस्पताल पर एकत्रित होकर अस्पताल एंव आसपास के केमिस्टों को जागरूक किया। औषधि निरीक्षक रजत कुमार ने नशीली दवाओं के दुष्परिणाम के बारे में जानकारी दी। इसके पश्चात अस्पताल परिसर मे एक बैनर लगाकर सभी उपस्थित जनों को औषधि निरीक्षक द्वारा शपथ दिलाकर सभी को हिदायत दी की अपने परिवार, दोस्त, रिश्तेदार व आसपास सभी को नशे से दूर रखें। इसके बाद सभी केमिस्ट भाई रैली निकालते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पर एकत्रित हुए, यहां पर भी बैनर लगाकर व शपथ दिला कर सभी को जागरूक किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आबकारी विभाग से आबकारी निरीक्षक रणजीत सिंह व अन्य इंस्पेक्टर मौजुद रहें एवं अरुण कुमार वर्मा, मनु गुप्ता, नवीन मेहरोत्रा उपस्थित रहे।

# जितेंद्र सिंह सेंगर ने पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव के सामने रखी संपर्क मार्गों के निर्माण की मांग



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

एम एल सी जितेंद्र सिंह सेंगर ने 28 जून,विधान भवन, लखनऊ में सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति की उ0 प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0 की बैठक में पीडब्ल्यूडी प्रमुख सचिव को पत्र प्रदान कर वार्ता की जिसमे जिला महोबा के चरखारी से राठ चौड़ीकरण मार्ग, कबरई से कुन्हेटा एवम कबरई से पहरा सम्पर्क मार्ग निर्माण प्राथमिकता पर किए जाने की मांग रखी है।

श्री सेंगर का कहना है कि जनपद में आने वाले संपर्क मार्ग काफी खराब स्थित में हैं आम जनमानस को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए संपर्क मार्गो के निर्माण को प्राथमिकता में रखते हुए निर्माण किए जाने की मांग रखी है।

# शक्ति दीदी के माध्यम से जनपद में विभिन्न स्थानों पर संचालित कराये गये आउटरीच प्रोग्राम

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में शक्ति दीदी (महिला बीट तथा महिला हेल्प डेस्क) के माध्यम से जनपद के समस्त थानों पर आउटरीच प्रोग्राम चलाकर अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत आबादी क्षेत्र, बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, मेलों एवं गांव में पहुंचकर बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में



जागरूक किया गया तथा प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं यथा- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैंकिंग कॉरस्पोडेंट सखी, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व राष्ट्रीय पोषण मिशन के संबंध मे विस्तृत जानकारी दी गयी। इसके अतिरिक्त उनके साथ किसी भी अप्रिय घटना के बारे में संदेह होने पर उनकी सहायतार्थ जारी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर-112, 108, 181, 1076, 1090,1098 की जानकारी व उनके प्रयोग के बारे में विस्तृत रुप से बताया गया एवं साइबर अपराध होने पर साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराये जाने के बारे में भी बताते हुए जागरुक किया गया।

### रंगदारी नहीं दी तो प्राइवेट बस परिचालक को मारपीट कर किया घायल

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** प्राइवेट बस कंडक्टर को दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया जिससे आहत होकर बस कंडक्टर ने कोतवाली पहुंच करर लिखित शिकायत की है। जानकारी के अनुसार मौदहा बांदा मार्ग में प्राइवेट बस के परिचालक को टिकरी के पास कमलेश उसके साथी विनय ने बस खड़ी करवा लिया रोड से निकलने पर टैक्स का पैसा न देने पर गालियां देते हुए मारपीट कर दिया बस में बैठी सवारियों ने बस कंडक्टर का बीच बचाव कर किसी तरह मामले को शांत करवाया इस घटना से आहत होकर कंडक्टर कोतवाली पहुंच तहरीर देकर कोतवाली प्रभारी से न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया की तहरीर मिली है जांच उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

# नगर पंचायत गोहांड के आडिट में पाई गई भारी अनियमितताएं

- चित्रकूटधाम मंडल के कमिश्नर शीघ्र बैठक कर करेंगे समीक्षा, स्थानीय निकायों में सालों से हो रहा है धन का दुरुपयोग
- शासनादेशों के नियमों को ताक पर रखकर की गई हेराफेरी

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत गोहांड में आडिट में भारी अनियमितताएं पायी गयी है। जहां एक ओर ठेकेदारों से बकाया धनराशि नही वसूली गयी है वही दूसरी ओर शासनादेशों के नियमों का उल्लंघन कर निर्माण कार्य कराया गया है। चित्रकूटधाम मंडल के आयुक्त शीघ्र एक बैठक बुलाकर अनियमिताओं के बारे में चर्चा करेंगे इसके लिये शीघ्र तिथि निश्चित की जायेगी। मामले में पत्र जारी कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक नगर पालिका व नगर पंचायतों के आडिट में भारी अनियमितताएं पायी जाती है इनमें पूरी तरह से राजनीतिक हस्तक्षेप होने के कारण कोई कार्यवाही नही होती है। आडिट में पाया गया है कि ठेकेदारों से ठेके की बकाया धनराशि 39,18,750 रुपये की वसूली नही की गयी है। जिससे पंचायत का भारी नुकसान हुआ है। इसी प्रकार अन्त्येष्टि स्थल के लिये प्राप्त लाखों रुपये का अनुदान का उपभोग न करके लंबित रखा गया है जिससे लोगों का उसका लाभ नही मिला है।

नियमानुसार नगर पंचायत में काम नही किया गया है न ही बजट का उपभोग किया गया है, 77 लाख 79 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। आउट सोर्सिंग पर कार्यरत कर्मियों के बेतन से ईपीएफ, व ईएसआर की कटौती की धनराशि को जमा न करके तीन लाख 30 हजार 933 रुपये का पंचायत का नुकसान हुआ है।

इसी प्रकार नगर पंचायत द्वारा विद्युत सब स्टेशनों व विद्युत उपक्रमों पर करो का आरोपण नही किया गया है जिससे 2,90,625 रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। मछली पालन के लिये तालाबों का ठेका न उठाये जाने से नगर पंचायत की दो लाख 85 हजार 860 रुपये का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। शासन को भेजी गयी रिपोर्ट में कहा गया है कि नगर पंचायतों से लगी दुकानों को किरायो में नही उठाया गया है। जिससे एक लाख 54 हजार रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। इसके अलावा अन्य ढेर सारी कमिया व अनियमितताएं पायी गयी है। आडिट रिपोर्ट शासन के अलावा कमिश्नर व जिलाधिकारी को भेज दी गयी है। इस मामले में स्थानीय निकायों के प्रभारी अधिकार डा.नागेंद्र नाथ यादव का कहना है कि इस मामले में उन्होने बैठक कर आवश्यक निर्देश दिये है.जो भी आपत्तियां लगायी गयी है उनका निस्तारण किया जाये। गोहांड नगर पंचायत के ईओ राजेश वर्मा का कहना है कि उनके सामने जो भी अनियमितताएं आयी है संबंधित पटल के लिपित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की है। इसके अलावा और भी जानकारीकर मामले में कार्यवाही करेगे।

इस मामले को चित्रकूटधाम के कमिश्नर ने गंभीरता से लेते हुये शीघ्र बैठक बुलाये जाने के लिखित आदेश कर दिये ताकि मंडल में स्थानीय निकायों में आ रही अनियमिताओं पर रोक लगायी जा सके।

# सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय ने दिया प्रशिक्षण




**जैतपुर महोबा, समृद्धि न्यूज।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय द्वारा प्रशिक्षण दिया गया सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय एवं साइट सेवर के सहयोग से 30 आशा कार्यकत्रियों को आंखों की बीमारियों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया जिसमें CHC से प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आशीष तिवारी एवं BCPM शिवचरण पाल उपरोक्त प्रशिक्षण में मौजूद रहे साइड सेवर एवं सतगुरु चिकित्सालय से आए सुशील वर्मा एवं आशीष गुप्ता ने ट्रेनिंग की जानकारी सफलतापूर्वक दी गई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर में सतगुरु सेवा संस्थान चित्रकूट एवं साइड सेवर के द्वारा टीम के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय आशा कार्यकतियों को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें मोतियाबिंद आंखों की बड़ी से बड़ी बीमारियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया इसमें क्षेत्र की विभिन्न ग्रामों से आई आशा ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया इंद्रटा से प्रेम चौबे, विमला एवं गोरी बाई व राम कुमारी अनुरागी आशा एवं भटेवरा खुर्द से अनिल कुमारी व रामदेवी ग्राम नैना देवी इत्यादि मौजूद रही।

### आत्महत्या करने का किया प्रयास

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने अपने घर में जहरीला पदार्थ खा लिया आनन फानन परिजनों ने कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के करहिया गांव निवासी रामबालक पुत्र मूलचंद प्रजापति ने अज्ञात कारणों से घर में रखा सल्फास खा लिया हालत गंभीर होने पर परिजनों ने आनन-फानन कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत तबीयत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# दबंगों ने घर में घुसकर मारपीट कर किया घायल, पुलिस से की लिखित शिकायत

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

गांव की एक महिला ने 11 लोगों पर आरोप लगाया है कि घर में घुसकर गाली गलौज मारपीट व कर घायल दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए यह घटना ग्रामीणों ने देखा और भी बचाव भी किया जिससे आहत होकर महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दे न्याय मांग की है कोतवाली क्षेत्र के गांव सिलौली निवासी रिंकी पत्नी दयाशंकर ने 11 लोगों पर निजामी, मकबूल, फरीद, हसन, नसीम, छिद्दू, सफीक, सुखलाल, जीतू व रवि आदि पर आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस में शिकायती पत्र देते हुए बताया है कि यह सभी लोग अपने आपनें हाथों में लाठी डंडा लिए हुए गुरुवार की रात 10:00 बजे घर में घुसकर गाली गलौज व मारपीट कर घायल कर दिया जिससे मेरी सास ससुर मेरे पति व मेरे शरीर में गंभीर चोटे आई हैं और मेरे पति को अपने साथ पकड़ कर ले गए हैं जिसका अभी तक कहीं पता नहीं हैऔर कहां है कि अगर कहीं शिकायत की तो तेरे पति को जान से मार देंगे यह घटना ग्रामीणों ने देखा और बीच बचाव भी किया जिससे आहत पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस में तहरीर दे आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए न्याय दिलाए जाने की मांग की है।

### आकाशीय बिजली गिरने से अधेड़ की मौत, खेतों में चरा रहा था बकरी

**समृद्धि न्यूज, घाटमपुर।** थाना रेवना क्षेत्र के दिवली गांव में शुक्रवार दोपहर बाद बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से अधेड़ की मौत हो गई परिजनों के अनुसार मृतक बकरी चल रह। बताया जाता है देवली निवासी श्रीपाल पुत्र स्वर्गीय रामगोपाल आज दिन में खेतों में बकरी चराने गया था 3:30 बजे के करीब बारिश होने लगी और इसी बीच गलत चमक के साथ आकाशी बिजली गिरी थी श्रीपाल की मौत हो गई सूचना पाकर रेवना पुलिस मौके पर गई और शव का निस्तारण किया उप जिलाधिकारी घाटमपुर के अनुसार राजस्व टीम मौके पर गई है और आवश्यक कार्रवाई के बाद आर्थिक सहायता दी छायेगी।

# सड़क पर जलभराव को लेकर व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन, कहा समस्याओं का है अंबार

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

उप्र उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक की कमी व सड़क पर जल भराव की समस्या को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। साथ ही समस्या का समाधान कराए जाने की मांग की है।

व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल ने बताया कि कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों की कमी है। सीएचसी अधीक्षक के अलावा दो संविदा चिकित्सक व एक आयुष चिकित्सक के भरोसे है। कहा कि सीएचसी में हड्डी विशेषज्ञ, बाल रोग व महिला चिकित्सक की जरूरत है। वहीं कस्बे के उरई रोड स्थित नहर बाईपास पर मेन रोड पर जल भराव रहता है। जिससे सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। सड़क के दोनों ओर नालों का निर्माण नहीं है। सड़क के डिवाइडर टूट गए हैं। कस्बे में आवारा सांड घूम रहे हैं। जिससे लोग चोटहिल हो रहे हैं। नगर में पेयजल बाधित है। दो दिन में एक ही बार पानी आता है। कहा कि थोड़ी सी बारिश होते ही नगर में कीचड़ व जलभराव हो जाता है। इस मौके पर नगर अध्यक्ष काशी प्रसाद गुप्ता, सूर्य कुमार तिवारी, प्रदीप गुप्ता सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# जारी है मिट्टी खनन, खनन माफिया के आगे पुलिस नतमस्तक

- एसडीएम बोले- जांच कर करेंगे कार्रवाई

**समृद्धि न्यूज, घाटमपुर।**

सजेती के सूखापुर गांव में बीते काफी समय से मिट्टी का अवैध खनन जारी है। ग्रामीणों के अनुसार यहा रात भर मिट्टी लोड ट्रैक्टर ट्रॉली दौड़ते रहते है पर पुलिस कोई कार्रवाई नही करती है। कई बार ग्रामीणों ने पुलिस को खनन होने की सूचना भी दी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नही की है। जिससे क्षेत्र में पुलिस के खनन में शामिल होने की चर्चाएं तेज है। मामले की शिकायत ट्वीट के मध्यम से



अधिकारियो से हुई तो अधिकारियो ने सजेती पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। घाटमपुर एसडीएम ने लेखपाल को जांच के लिए भेजा है, जांच रिपोर्ट के आधार पर खनन माफियाओं पर कार्रवाई होगी।

सजेती थाना क्षेत्र में सुखापुर गांव से निमधा जाने वाले सम्पर्क मार्ग के किनारे कुछ खेत पर बीते काफी समय से मिट्टी का खनन जारी है। यहां पर रात होते ही मिट्टी लोड ट्रैक्टर ट्रॉली दौड़ने लगते है। सूत्रों की माने तो सजेती थानाक्षेत्र में पुलिस कि सेटिंग से मिट्टी खनन का खेल धड़ल्ले से जारी है। सूत्रों के मुताबिक प्रति रात के हिसाब से पुलिस को रुपए मिलते है। जिसके चलते पुलिस खनन माफियाओं पर कार्रवाई करने से नजर बचाती है।

पुलिस की मिलीभगत होने के चलते खनन पर लगाम लगती नजर नहीं आ रही है। जिससे क्षेत्र में खनन का कारोबार फल फूल रहा है। वही खनन माफिया हजारों रुपए का राजस्व विभाग को चूना लगा रहे है। ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सजेती थाना क्षेत्र के सुखापुर से निमधा जाने वाले सम्पर्क मार्ग पर रात होने की मिट्टी खनन शुरू हो जाता है। जेसेबी से मिट्टी खोदकर ट्रैक्टर ट्रॉली से बेंची जाती है। बीते दिनो ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी थी, पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नही की है। जब यह बात ग्रामीणों को पता चली तो खनन माफियाओं के साथ पुलिस के शामिल होने की चर्चाएं तेज़ हो गई है। मामले की शिकायत ट्वीट के माध्यम से हुई तो कानपुर कमिश्नर ने ट्वीट के माध्यम से सजेती पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। वही घाटमपुर एसडीएम यादुवेंद्र सिंह बैस ने बताया की सजेती के सूखापुर गांव में बीते एक महीने से खनन होने की सूचना मिली है। उन्होंने लेखपाल को जांच के लिए भेजा हैं। रिपोर्ट के आधार पर खनन माफियाओं पर कार्रवाई करेंगे।

# आपूर्ति कार्यालय घाटमपुर में अव्यवस्थाओं का बोल बाला

**समृद्धि न्यूज़ घाटमपुर।**

आपूर्ति कार्यालय घाटमपुर में जहां एक और अव्यवस्थाओं का बोलबाला है वहीं दूसरी ओर नए कार्ड बनवाने और पुराने राशन कार्डों मे यूनिट जोड़ने के लिए पात्र लोगों को ऑफिस के चक्कर कटवाए जा रहे हैं, अपूर्व कार्यालय में व्यवस्थाओं के चलते लोकसभा चुनाव के पहले तत्काल जिलाधिकारी बिशखा जी अय्यर ने आप आपूर्ति कार्यालय में सीसी कैमरा लगवाए थे लेकिन वर्तमान समय में सीसी कैमरा भी नकारा साबित हो रहा है उधर नए राशन कार्ड बनाए जाने और पुराने

- लाभार्थी परेशान, ट्रेजरी चालान फॉर्म में हस्ताक्षर के नाम पर होता है कोटेदारों का शोषण

राशन कार्ड में यूनिट जोड़ने में लाभार्थियों को कभी सरवर न होने तो कभी साइड ना चलने की बात कह कर परेशान किया जाना आम बात हो गयी है, कोटेदारों की माने तो बैंक में पैसा जमा करने के ट्रेजरी चालान फॉर्म मे मोहर और हस्ताक्षर के नाम पर भी कोटेदारो से उगाही की जाता है, लेकिन परेशान कोटेदार शिकायत करने को तैयार नहीं है बताया जाता है कि राशन कार्ड में केवाईसी जोड़ने का कार्य शासन स्तर से बीते 21 जून से शुरू किया गया है लेकिन ई-पास मशीन में सर्वर की प्रॉब्लम से कार्ड धारकों की केवाईसी का कार्य नहीं हो पा रहा है जिससे लाभार्थी परेशान घूम रहे हैं उधर जिला स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्धा पेंशन की जांच कर रिपोर्ट मांगी गई है आपूर्ति कार्यालय के जुममेदार। प्रिंटर मैं स्याही भर वाने के नाम पर कोटेदारों से भी पैसा वसूला जा रहा है कोटेदारों का कहना है कि वृद्धा पेंशन की जांच का कार्य उनसे बेगार के तौर पर लिया जा रहा है और उलटे आपूर्ति कार्यालय उनकी जेब खाली करवा रहा है।

# जनपद के युवक-युवतियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देकर रोजगार दिलाएं: डीएम

▸ कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में आयोजित हुई कौशल विकास मिशन की बैठक में डीएम ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश



कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी शुभ्रान्त** कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में कौशल विकास मिशन की बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने नामित संस्थाओं को निर्देश दिये कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य को समय से पूरा कर जनपद के युवक-युवतियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देकर रोजगार दिलाए। उन्होंने कहा कि कौशल विकास योजनातर्गत सभी रोजगार परक योजनाओं का आवेदन करने, संबंधित ट्रेड की योग्यता आदि वृहद स्तर पर प्रचार प्रसार करें, जिससे अधिक से अधिक युवक/युवतियां योजनाओं से लाभान्वित हो सके। उन्होंने उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र के प्रशिक्षण केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर देखे कि शासन द्वारा निर्धारित कोर्स जैसे ब्यूटी पार्लर, सोलर, प्लबिंग, स्विंग मशीन आपरेटर, अगरबत्ती, एसी, फ्रिज, एलईडी बल्ब आदि क्षेत्र में मानक के अनुरूप एवं गुणवत्तापरक प्रशिक्षण दिया जा रहा कि नही, यदि किसी कम्पनी इस कार्य में लापरवाही दिखाती है उसको ब्लैक लिस्टेड करते हुये आगामी कार्यो में वंचित रखा जाये और उनका लक्ष्य दूसरी कार्य करने वाली कम्पनियों को दिया जाये। उन्होंने दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, जिला उद्योग द्वारा संचालित ओडीओपी प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मिशन द्वारा संचातिल योजनायें जैसे जेल प्रशिक्षण, प्रवीन योजना, एसएसडीएफ आदि योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए जो लक्ष्य निर्धारित है उसी के अनुरूप कार्य किया जाए। कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिला उद्योग द्वारा संचालित विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में 850 एवं एक जनपद एक उत्पाद में 200 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, ससमय से कैन्डीडेट का चयन कर प्रशिक्षित करके रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाए। स्वयं सहायता समूहों को भी ट्रेनिंग कराकर रोजगार के अवसर प्रदान किया जाये। जेल में संचालित प्रशिक्षण समिति बनाकर प्लान बनायें और ह्यूमन रिसोर्स को आगे बढ़ाये। इलेक्ट्रानिक कोर्स पर भी ध्यान दें। क्वालिटी ऑफ ट्रेनिंग अच्छी रखी जाये। उन्होंने कहा कि जो युवा संचालित स्वरोजगार की योजनाओं से अपना बिजनेस स्थापित करना चाहते हैं उन्हें प्रशिक्षण देकर बिजनेस के अवसर उपलब्ध कराएं जाएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र, जिला समन्वयक कौशल विकास केन्द्र, सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं केन्द्र के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# विधायिका पुत्र नें भाजपा नेता की मॉ को श्रद्धांजलि दी

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**एक मॉ** ही है जो अपने बेटे को दुनिया की सभी बुराइयों से दूर रहने की सलाह देने के साथ-साथ अपने बेटे के सुख मय भविष्य की ओर अग्रसर करने की सच्ची सलाह देने वाली मॉ को हम सभी नमन करते हैं।

यह उद्गार शुक्रवार को क्षेत्र के ग्राम मधवापुर में अनुराग दुबे की माता के तेरहवी संस्कार में पहुंचे छिबरामऊ विधायिका अर्चना पांडेय के पुत्र राहुल रतन पांडे उर्फ छोटू भईया ने कही। पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर ने कहा कि मॉ की छांव के बिना सुखमय जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। इससे पूर्व तेरहवी संस्कार में पहुंचे जनप्रतिनिधियों भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी, प्रधान विनय ठाकुर, एडवोकेट राजेंद्र बाबू द्विवेदी, ओंकारनाथ त्रिपाठी, संत कुमार दुबे, मुन्नू बाबू त्रिपाठी, अजय द्विवेदी, संजीव त्रिपाठी, मुदित मिश्रा, प्रवीण दुबे, राघव ठाकुर, राजीव द्विवेदी ने पुष्प अर्चन कर श्रद्धांजलि दी।



भाजपा नेता की मॉ को श्रद्धांजलि देते विधायिका पुत्र व राजीव ठाकुर

# हड़ताल समाप्त के बाद चला सफाई अभियान, मिली राहत

▸ पालिकाध्यक्षा व ईओ के निर्देश पर जुटे जेसीबी व सफाई कर्मी

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**बीते दिन** वेतन वृद्धि, पीएफ, सफाई यंत्र, मृतक आश्रित को नौकरी की मांग को लेकर ठेका सफाई कर्मी हडताल पर चले गये थे। जिसपर पालिकाध्यक्षा एवं अधिसाषी अधिकारी नें ठेका कर्मियों की सभी मांगों को पूरा करनें के आश्वासन देनें के बाद सफाई कर्मियों ने अपने काम पर लौटते हुये नगर में सफाई अभियान में जुट गए। जिससे नागरिकों ने राहत की सांस ली।

शुक्रवार को पालिकाध्यक्षा मुन्नी देवी गुप्ता एवं अधिसाषी अधिकारी अनिल पंडित नें ठेका सफाई कर्मियों की सभी मांगों को पूर्ण करनें के आश्वासन देनें के बाद उनके निर्देश पर सफाई इंचार्ज राजन राजपूत द्वारा पालिका की जेसीबी एवं अलग-अलग टीमों के साथ नगर के मोहल्ला रामगंज, किदवई नगर, जीटी रोड, तिर्वा रोड, चकोर रोड सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर नालों की साफ-सफाई कराकर सिल्ट को उठाया गया। उधर पालिका कार्यालय में अधिसाषी अधिकारी अनिल पंडित ने नागरिकों से नालो एवं नालियों में कूड़ा कचरा न फेंकने की अपील करते हुए गीले और सूखे कचरे को हरे व नीले डस्टबिन में डालने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्रधान लिपिक आरपी सिंह, सभासद प्रतिनिधि धर्मेन्द्र गुप्ता उर्फ बडे, जिलेदार सिंह, मनोज तिवारी, गौरव मिश्रा, जगदीश सिंह आदि मौजूद रहे।



नाला की सफाई करती जेसीबी व ट्रेक्टर पर कूड़ा एकत्र करते कर्मी — समृद्धि न्यूज

# शोहदों से परेशान किशोरी ने फांसी लगाकर दे दी जान

▸ गांव के बाहर एक पेड़ पर लटकता मिला किशोरी का शव

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

**ठठिया** थाना क्षेत्र के वारापुर गांव में एक 14 बर्षीय किशोरी ने पड़ोसी गांव के शोहदो से परेशान होकर गांव के बाहर शुक्रवार की सुबह एक पेड़ में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। पुलिस ने किशोरी की मां की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मुकदमा दर्ज किया है। मृतका की मां ने ठठिया थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उसकी 14 बर्षीय पुत्री को स्कूल आते-जाते समय पड़ोसी गांव मझपुर्वा निवासी विवेक पुत्र चैबे व वारापुर गांव निवासी रोहित पुत्र हरिश्चन्द्र व प्रमोद पुत्र रामनाथ उसे परेशान करते थे। उससे छेड़छाड करते थे। उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देते थे। जिससे उसकी पुत्री मानसिक रूप से काफी परेशान रह रही थी। शुक्रवार की सुबह वह घर से निकली। उसने गांव के बाहर एक पेड़ पर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सूचना पर ठठिया थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे। शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया किशोरी की मां की तहरीर पर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तार की जाएगी।

# खबरें चलते-चलते

## दबंग कर रहे जबरन प्लांट पर कब्जा, पीड़ित ने पुलिस से की शिकायत तो पुलिस ने पीड़ित को थाने में बैठाया

**छिबरामऊ कन्नौज।** विशुनगढ़ कस्बा स्थित बैनामा शुदा आराजी पर कुछ लोग कब्जे के प्रयास की नीयत से निर्माण शुरू करा दिया। विरोध पर कब्जा कर रहे लोग ग्रामीण के साथ मारपीट पर आमादा हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस पीड़ित ग्रामीण को ही उठा ले गई। बाद में एसपी से शिकायत के बाद पीड़ित को छोड़ा गया। ग्राम धनसिंहपुर निवासी भारत सिंह ने बताया कि उसने साल 2000 में सिपाहीलाल चिक पुत्र गोपी से बैनामा कराया था। बैनामाशुदा उसकी आराजी पर सिपाहीलाल अपने परिजनों के साथ कब्जे की नीयत से निर्माण शुरू करा दिया। जानकारी होने पर वह मौके पर पहुंच गए और निर्माण का विरोध किया जिस पर यह लोग मारपीट पर आमादा हो गए। विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस पीड़ित भारत को ही उठाकर ले गई। भारत सिंह के पुत्र ने मामले की शिकायत एसपी अमित आनंद से की तब छोड़ा गया।

## ट्रक एक्सीडेंट में ट्रक चालक की मौत

**छिबरामऊ कन्नौज।** पूर्वी वाईपास पर रात में करीब 1-00 बजे ट्रक से एक्सीडेंट हुआ था जिसमे ट्रक चालक की मौत हो गई थी। वीरेंदर पुत्र सरदार सिंह 35 उम्र पटियाला हीरा बाग पंजाब के रहने वाले ट्रक ड्राइवर का सब सैया संयुक्त चिकित्सालय की मर्सिडीज़ में सुरक्षित रखवाया गया समाचार लिखे जाने तक परिजन नहीं आ सके।

## मोटरसाइकिल के सामने कुत्ता आने के कारण मोटरसाइकिल पिछली सवार हुए घायल

**छिबरामऊ कन्नौज।** फर्नीचर का काम करके वापस लौट रहे युवक मोटरसाइकिल के सामने कुत्ता आने के कारण मोटरसाइकिल से गिरे हुए घायल। कुलदीप शर्मा पुत्र राकेश शर्मा 35 नई बस्ती सरायगुजरमल अखिलेश पुत्र राम औतार 30 उम्र सराय प्रयाग निवासी फर्नीचर का काम अहेरुआ राजारामपुर से काम करके बाईक से आ रहे थे तभी ग्राम टीका नगला के सामने अचानक से कुत्ता आ जाने के कारण बाइक रोड पर गिर गई जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को एंबुलेंस के द्वारा सौ सैयां अस्पताल में भर्ती कराया।

## महिला से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते एक महिला के साथ गांव के ही एक परिवार के चार सदस्यों नें अभद्रता व मारपीट कर न सिर्फघायल कर दिया बल्कि धमकी भी दी। पीडिता नें कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम सराय प्रयाग निवासी साधना गौतम पत्नी प्रदीप गौतम द्वारा कोतवाली में दर्ज कराये गये मुकदमें में कहा गया है कि विगत 21 जून की रात वह अपनें दरवाजे पर खडी थी तभी गांव के ही मन्नू, मनोज पुत्रगण श्रीकिशन, अशोक पुत्र धर्मा सुखदेवी पत्नी राजू आये और रंजिश के चलते उसके साथ गाली गलौज व मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

## स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते झोलाछाप डॉक्टरों की पौवारा

**छिबरामऊ कन्नौज।** स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते गरीब लाचार झोलाछाप डॉक्टरों से उपचार करने के लिए मजबूर। स्वास्थ्य विभाग की लाभ प्रवाही के चलते ग्रामीण अंचल में झोलाछाप डॉक्टरों की बाढ़ आई हुई है झोलाछाप डॉक्टर कम पैसों में दवा देकर मरीज का कर रहे हैं शोषण चेकअप के नाम पर मगर रजिस्टर्ड पैथोलॉजी से जांच कर कर गरीब मरीजों से पैसा कमा रहे हैं स्वास्थ्य विभाग का कोई अधिकारी व कर्मचारी झोलाछाप डॉक्टरों की तरफ देखा भी नहीं है कि गरीब मजबूर किसान को ठगने से बचाया जा सके जबकि सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत केंटो का निर्माण कराया गया दिन में ताले लटक रहे हैं कोई भी कर्मचारी उपलब्ध नहीं पाया जाता है इसी कारण झोलाछाप डॉक्टरों की आमदनी दिन दुगनी रात चौगुनी बढ़ रही है।

# सौरिख ब्लाक प्रमुख पर विकास कार्य न कराने का आरोप, 46 बीडीसी सदस्यों ने किया बहिष्कार

**छिब्रामऊ कन्नौज।** सौरिख विकासखंड में शुक्रवार को ब्लॉक प्रमुख कपूरी देवी की अध्यक्षता में खण्ड विकास कार्यालय पर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत शामिल हुए। इस बैठक में ब्लाक प्रमुख द्वारा सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ विकास कार्यो की समीक्षा की जानी थी लेकिन भाजपा नेता व क्षेत्र पंचायत सदस्य मुकेश गुप्ता की अगुवाई में करीब 46 बीडीसी सदस्यों ने ब्लाक प्रमुख के खिलाफ़ मोर्चा खोलते हुए विकास कार्य न कराए जाने का आरोप लगाकर बैठक का बहिष्कार कर दिया। इससे बैठक निर्धारित समय से 2 घंटे तक बाधित रही। अन्तता कार्यालय पर बैठक सम्पन्न हुई इसमें 40 से अधिक क्षेत्र पंचायत सदस्य ही उपस्थित हुए। जबकि अधिकांश संख्या में क्षेत्र पंचायत सदस्य बैठक से नदारद रहे। बैठक के उपरांत ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने बताया कि खंड विकास कार्यालय पर आयोजित बैठक सकुशल संपन्न हुई। इसमें विकास कार्यो की समीक्षा की गई। कुछ क्षेत्र पंचायत सदस्य बैठक में नहीं पहुंचे। बैठक का बहिष्कार कर रहे क्षेत्र पंचायत सदस्यों की अगुवाई कर रहे मुकेश गुप्ता ने बताया कि पिछले तीन वर्षो से ब्लॉक प्रमुख द्वारा क्षेत्र में कोई विकास कार्य नहीं कराया गया। ब्लाक प्रमुख ने मनगढ़ंत तरीके से बजट पास कराकर पैसा निकालने का काम किया लेकिन धरातल पर कोई विकास कार्य नहीं किया। उन्होने बताया सौरिख ब्लॉक में करीब 82 क्षेत्र पंचायत सदस्य हैं इनमें 46 बीडीसी सदस्य मौजूदा ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ हैं। मुकेश गुप्ता ने कहा कि जिस प्रकार से ब्लॉक प्रमुख का लचर रवैया रहा है उससे आम जनता तक शासन की योजनाएं नहीं पहुंच पा रही। जनता में भारी आक्रोश है। अविश्वास प्रस्ताव लाकर मौजूदा ब्लॉक प्रमुख को हटाने का काम करेंगे।

# मंदिर की जमीन पर लगे आम के पेड़ों को लकड़ी माफिया ने कटवाये

▸ गोपाल नामक युवक ने बेंचे थे पेड़, वन अधिकारी ने मौके से ट्रैक्टर ट्राली लदी पकड़ी लकड़ी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



**मंदिर की** जमीन पर लगे आम के पेड़ों को एक युवक द्वारा लकड़ी माफिया को बेंच दिया गया। हरे आम के पेड़ों को माफिया कटवाने लगा। जिसकी सूचना किसी ने वन विभाग के अधिकारियों को दी। मौके पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों को वहां हरे आम के पेड़ कटे पड़े मिले और पेड़ काट रहे युवक वहां से भाग गये। वन अधिकारी लकड़ी से लदी ट्रैक्टर ट्राली को अपने साथ लेकर चले गये। पेड़ों के कटने से पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इसकी वजह से जैव विविधता की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। दुर्लभ जीव-जन्तु विलुप्ति के कगार पर पहुंच चुके हैं। पर्यावरण को सहेजने के लिए वृक्षों को बचाना होगा, लेकिन बचाना तो दूर है। याकूतगंज ठाकुरद्वारा मंदिर की जमीन पिथौरापुर मेहंदिया में लगभग 36 बीघा जमीन है। जिसमें कुछ आम के पेड़ लगे है। मंदिर की जमीन का मालिक बताने वाला गोपाल नामक युवक ने मंदिर की जमीन पर लगे आम के पेड़ों को लकड़ी माफिया को बेंच दिया है। लकड़ी माफिया अब हरे आम के पेड़ों को कटवाने लगा है। जिसकी सूचना अज्ञात व्यक्ति द्वारा वन अधिकारी रत्नेश को दी गई। सूचना पर रत्नेश अपने हमराहियों के साथ घटना स्थल पर पहुंच गये। मौके पर उन्हें हरे पेड़ काटते लोग मिले। जो मौके से फरार हो गये। वन अधिकारी लकड़ी से लदी ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर अपने साथ ले गये। बता दे वृक्षों के कटान सीधे पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इससे ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्या बढ़ती जा रही है। जिसका सीधा असर मौसम पर दिखाई दे रहा है। बेमौसम बरसात और सर्दी के दिनों में गर्म होते मौसम से साफ़है कि यदि पर्यावरण के प्रति सचेत नहीं हुए तो परिणाम और भी भयावह होंगे। यही नहीं कम होते पेड़ों का असर जैव विविधता पर भी साफ दिखाई दे रहा है। हर 10 साल में स्तनधारी जीव जंतुओं की एक श्रेणी विलुप्त हो जाती है। जमीन कमजोर हो रही है। कहीं जलस्तर गिरने की समस्या है तो कहीं बंजर होती जमीन।

# शिक्षकों ने बच्चों का तिलक कर फूलमाला पहना किया स्वागत

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** शासन के निर्देशन में शुक्रवार से बच्चों के लिए परिषदीय विद्यालय खोले गए। जिसमें बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। ग्रीष्मावकाश की छुट्टियों के बाद प्राथमिक पाठशालाएं गुलजार हुई। छात्रों व शिक्षकों के चेहरे पर खुशी तो परिसर में रौनक दिखी। उत्सव जैसे माहौल में क्षेत्र के पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय जसपुरापुर सरैया प्रथम में प्रधानाध्यापिका रेनू कमल ने शिक्षको के साथ प्रवेश द्वार पर बच्चों को तिलक लगाकर फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद पहले दिन का शिक्षण कार्य शुरू हुआ। प्रधानाध्यापिका रेनू कमल ने कहा कि शिक्षा ही जीवन का आधार है। आज के समय में शिक्षा का बहुत महत्व हैं। अभिभावक अपने बच्चों का प्रवेश नजदीक के परिषदीय विद्यालय में जरूर कराए। जिससे कि बच्चा पढ़ लिखकर समाज में नाम रोशन करें। उन्होंने बताया कि विद्यालय में 270 विद्यार्थी पंजीकृत है। जिसमें प्रथम दिन 170 बच्चें उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राएं टेबलेट के जरिए पा सकेंगे डिजिटल शिक्षा



छात्र आशीष को टेबलेट सौंपते उमर्दा के ब्लाक प्रमुख अजय वर्मा — समृद्धि न्यूज

▸ राजकीय पालीटेनिक कॉलेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम
▸ उमर्दा के ब्लाक प्रमुख अजय वर्मा ने छात्रों को सौंपे टेबलेट

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

राजकीय पालीटेनिक कॉलेज में प्रदेश सरकार द्वारा छात्र.छात्राओं को निःशुल्क टेबलेट वितरित किए गए। इस दौरान एमएमआई अनौगी व राजकीय पालीटेनिक कॉलेज तिर्वा के छात्रों को ब्लाक प्रमुख अजय वर्मा ने सभी छात्र.छात्राओं को टेबलेट सौंपकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उमर्दा के ब्लाक प्रमुख अजय वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि छात्र.छात्राओं को आधुनिक युग में शिक्षा ग्रहण करने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इसके लिए सभी छात्र.छात्राओं को निःशुल्क टेबलेट वितरित किए जा रहे है। उन्होने कहा कि छात्र.छात्राएं इन टेबलेट के जरिए डिजिटल तरीके से शिक्षा अध्ययन करने अपने भविष्य को उज्जवल बना सकते है। इस दौरान कॉलेज के प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि को शील्ड व पुष्प गुच्छ देकर उनको सम्मानित किया।

# डीएम ने प्राथमिक विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने विकास खण्ड कन्नौज क्षेत्र के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय सारौतोप एवं विकास खण्ड जलालाबाद क्षेत्र के अन्तर्गत कम्पोजिट स्कूल फतेहपुर जसोदा का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी को विकास खण्ड कन्नौज क्षेत्र के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय सारौतोप के निरीक्षण दौरान 05 नियमित शिक्षकों में से 04 शिक्षक उपस्थित मिले और 01 शिक्षक विनय सिंह अनुपस्थित पाये गये। इसके अतिरिक्त विद्यालय में कुल पंजीकृत 123 छात्र/छात्राओं में से मात्र 09 छात्र-छात्राएं उपस्थित पाये गये। विकास खण्ड जलालाबाद क्षेत्र के अन्तर्गत कम्पोजिट स्कूल फतेहपुर जसोदा के निरीक्षण दौरान पाया गया कि 09 शिक्षक नियमित, तीन अनुदेशक, एक शिक्षामित्र कार्यरत है। इनमें से कुल 11 शिक्षक उपस्थित मिले और दो शिक्षक प्रमिला गौतम एवं संगीता कटियार अनुपस्थित पायी गयी। इसके अतिरिक्त विद्यालय में कुल पंजीकृत 218 छात्र/छात्राओं में से मात्र 35 छात्र/छात्राएं उपस्थित थे।

# मूंगफली उत्पादन हेतु, एकीकृत फसल प्रबंधन जरूरी: डॉ. अरविंद

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़

**क्षेत्र के** अनौगी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा ग्राम डिगसरा में प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ अरविंद कुमार ने किसान भाइयों को बताया कि बोने से पूर्व मूंगफली की गिरी को थिरम 75त्न की 2.0 ग्राम तथा कार्बेंडाजिम 50त्न की एक ग्राम घुलनशील चूर्ण के मिश्रण की 3.0 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से शोधित कर लेना चाहिए/ इस शोधन के 5 से 6 घंटे के बाद बोने से पहले बीज को मूंगफली के विशिष्ट राजॉबियम कल्चर से उपचारित करें। एक पैकेट कल्चर 10 किलोग्राम बीज के लिए पर्याप्त होता है कल्चर को बीज में मिलाने के लिए आधा लीटर पानी में 50 ग्राम गुड़ गोल ले। 200 ग्राम राइजोबियम कल्चर का पैकेट मिलाए। इस मिश्रण को 10 किलोग्राम बीज के ऊपर छिड़क कर हल्के हाथ से मिलाए जिससे बीज के ऊपर एक हल्की परत बन जाए इस बीज को छाया में दो से तीन घंटे सुखाकर बुवाई प्रातः 10-00 बजे तक या शाम को 4-00 के बाद करें तेज धूप में कल्चर के जीवाणु के मरने की आशंका रहती है ऐसे खेतों में जहां मूंगफली पहली बार या काफी समय बाद की जा रही है वहां कल्चर का प्रयोग अवश्य करें। किसान भाइयों मूंगफली की खेती से अच्छा उत्पादन प्राप्त करने के लिए सल्फर का प्रयोग जरूर करें इसके लिए बुवाई के समय 300 किलोग्राम जिप्सम प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करने से फसल की गुणवत्ता, फसल में तेल का प्रतिशत अच्छा होता है इस प्रकार से यदि किसान भाई मूंगफली के उत्पादन में फफूंदी जनित रोगों को रोकने के लिए बीज का भी शोधन समय पर,कीटों का प्रबंधन, उर्वरक के साथ जैव उर्वरकों का प्रयोग एवं सूक्ष्म तत्व का प्रयोग करेंगे तो जायद में एक कम समय में किसान भाई अच्छा उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं कार्यक्रम में केंद्र के वैज्ञानिक डॉ सुशील कुमार ने मूंगफली उत्पादन के विषय में जानकारी प्रदान की। केंद्र की वैज्ञानिक डॉ चंद्रकला यादव ने किसान भाइयों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मूंगफली को आहार में शामिल करने की बात कही। कार्यक्रम में गांव के लगभग 35 किसान भाइयों एवं महिलाओं ने भाग लिया साथ ही प्रक्षेत्र का भ्रमण भी किया गया।



किसानों को जानकारी देते वैज्ञानिक डॉ अरविंद कुमार — समृद्धि न्यूज






# डाक्टर के आवास की तीसरी मंजिल पर फांसी पर लटका मिला युवती का शव

- युवती के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर जमकर किया हंगामा


मृतक का फाइल फोटो


अस्पताल के बाहर मौजूद मृतक के परिजन समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**चर्चित डाक्टर** के आवास के तीसरी मंजिल पर बाथरुम में युवती का शव फांसी पर लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों ने जमकर हंगामा किया और डाक्टर दंपति पर पुत्री की हत्या करने का आरोप लगाया। मृतका डाक्टर के यहां करीब 6 साल से उनके बच्चों की देखभाल करने का कार्य करती थी। पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार जनपद मैनपुरी के भोगांव रसूलाबाद निवासी 22 वर्षीय रुक्मणी पुत्री सुभाष विगत कई सालों से फतेहगढ़ के नगलादीना निवासी डॉ0 एचपी श्रीवास्तव की पुत्रवधू डॉ0 अंजली श्रीवास्तव के यहां झाड़ू पोंछा व बच्चों की देखभाल करती थी। वह हाल में अस्पताल के सामने ही गुजराती वाली गली में किराए का कमरा लेकर परिवार के साथ रह रही थी। उसका शव शुक्रवार को अस्पताल की तीसरी मंजिल पर बने बाथरूम में दुपट्टे से फांसी पर झूलता मिला। मृतका रुक्मणी की माँ रेखा देवी ने बताया कि चिकित्सक अंजली उसकी पुत्री को सुबह 6 बजे बुला लेती थी। शुक्रवार को डॉ0 अंजली नें रुक्मणी के फांसी लगा लेने की सूचना परिजनों को दी। जिसके बाद मृतका की माँ रेखा देवी अन्य परिजन मौके पर आ गये। सूचना मिलने पर फतेहगढ़ कोतवाल हरिश्याम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटना के बाद से मृतक रुक्मणी की माँ रेखा देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने हत्या कर शव को फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। मृतका की तीन भाई टीटू, देव, पटन्नू व एक बहन नेहा है। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम पैनल से व सीसीटीवी की निगरानी में करवाने की मांग की है। देर शाम हुए पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक की मौत फांसी पर लटककर सांस अवरुद्ध होना पाया गया।

### भाई ने डॉ0 हेमेंद्र से नाजायज संबंध होने का लगाया आरोप

**फर्रुखाबाद।** मृतक के भाई देव पुत्र स्व0 सुभाषचंद्र कठेरिया ने जिलाधिकारी को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि मेरी बहन डॉ0 हेमेंद्र कुमार श्रीवास्तव के यहां करीब 6 साल से उनके बच्चों की देखभाल करने का काम कर रही थी। डॉ0 अंजली पत्नी डॉ0 हेमेंद्र को कुछ दिनों से मेरी बहन पर शक था कि उसके नाजायज संबंध डॉ0 हेमेंद्र श्रीवास्तव से हैं। जिसके संबंध में डॉ0 अंजली ने पूर्व में धमकी भी दी थी। इसी के चलते इन लोगों ने मेरी बहन की हत्या कर घटना को आत्महत्या का रुप देने के उद्देश्य से उसे फांसी पर लटका दिया।

### पीएम कराने के बाद पुनः शव लेकर अस्पताल पहुंचे परिजन

फर्रुखाबाद। पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन शव लेकर पुनः एच.पी.सी. श्रीवास्तव के हॉस्पिटल पहुंचे और शव रखकर डाक्टर के खिलाफ कार्यवाही की मांग करने लगे। घटना की सूचना मिलने पर सीओ प्रदीप सिंह व कोतवाल हरिश्याम सिंह मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाया बुझाया। समाचार लिखे जाने तक परिजन अस्पताल के बाहर ही मौजूद हैं और डाक्टर के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं।

# पुर्नमतगणना में कोई परिवर्तन नहीं, बबलू पुनः विजयी घोषित



जानकारी देते एसडीएम कायमगंज समृद्धि न्यूज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**


विजयी प्रत्याशी बबलू

**न्यायालय के** आदेश पर हुई पुर्न मतगणना में एक बार पुनः बबलू को विजयी घोषित किया गया, जबकि विपक्षी प्रमोद कुमार को हार का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2021 को हुई मतगणना में ग्राम प्रधान बबलू को 261 मत मिलने पर 6 वोटों से विजयी घोषित किया गया था, जबकि विपक्षी प्रमोद कुमार को 255 वोट मिले थे, जो चुनाव हार गए थे। उन्होंने मतगणना में लगे कर्मचारियों पर मतपत्रों में कटिंग कर धांधली का आरोप लगाकर वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की थी। इसके बाद प्रमोद कुमार ने मामले की याचिका एसडीएम सदर न्यायालय में दायर कर पुनः मतगणना की मांग की थी। सुनवाई के बाद एसडीएम न्यायालय ने पुर्नमतगणना के आदेश दिए थे। पुर्न मतगणना के एसडीएम न्यायालय के आदेश को सिविल न्यायालय में चुनौती दी गई थी। सिविल न्यायालय ने एसडीएम न्यायालय के आदेश को बहाल रखा और पुर्न मतगणना कराए जाने के आदेश दिए। न्यायालय के आदेश के क्रम में शुक्रवार को नवाबगंज ब्लॉक परिसर में ग्राम पंचायत ज्योनी की पुर्न मतगणना एसडीम कायमगंज यदुवंश कुमार, सीओ मोहम्मदाबाद अरुण कुमार समेत भारी पुलिस बल की मौजूदगी में करायी गयी। एसडीएम ने बताया कि चुनाव परिणाम में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। पुर्न मतगणना में वर्तमान प्रधान बबलू के पक्ष में 261 वोट और विपक्षी प्रमोद कुमार के पक्ष में निकले 255 वोट निकले। थानाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह पुलिस बल के साथ पूरे चुनाव

## खबरें चलते-चलते

### 42 से ज्यादा एनकाउन्टर कर चुके आलोक प्रियदर्शी होंगे जिले के नये एसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शासन ने जनपद के पुलिस अधीक्षक विकास कुमार का तबादला कर दिया। उनकी जगह पर आलोक प्रियदर्शी को जिले के पुलिस कप्तान की जिम्मेदारी दी गयी है। बीते 25 जून 2023 को विकास कुमार ने जिले के एसपी का कार्यभार संभाला था। उन्होंने जिले में एक साल और तीन दिन तक सेवायें दीं। विकास कुमार को एसपी बलरामपुर बनाया गया है। वहीं जनपद बदायूं के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी को फर्रुखाबाद का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। आलोक प्रियदर्शी 42 से ज्यादा एनकाउन्टर कर चुके हैं। वर्ष 2018 में वह जनपद हरदोई के एसपी रह चुके हैं। अंबेडकर नगर, रायबरेली सहित कई जिलों में रहे चुके हैं। वहीं बदायूं में 7 जनवरी 2024 को चार्ज संभाला था। वह एसटीएफ में भी रह चुके हैं। वह 2011 बैच के आईपीएस हैं तथा पटना बिहार के मूल निवासी हैं।

### युवक को गोली मारने वाला आरोपी लकी गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** युवक व उसके दोस्त के साथ मारपीट व गाली-गलौज करने व गोली चलाने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से पुलिस को तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार कौशलेंद्र सिंह पुत्र सिद्धनाथ निवासी आवास विकास हिंदुस्तान होटल व उसके साथी अनुज प्रताप सिंह के साथ मारपीट कर अनुज के गोली मारने के आरोपी हिमांशु सिंह उर्फ लक्की ठाकुर पुत्र मनोज सिंह निवासी चोवदारान पल्ला को शहर कोतवाल जेपी शर्मा और उनकी टीम ने गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस को एक तमंचा 315 बोर व एक खोखा 315 बोर, एक कारतूस 315 बोर को बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी का लोहिया अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया।

### रोडवेज बस की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा, चार घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** तेज रफ्तार रोडवेज बस ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा पर सवार चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के मोहलला आजादनगर भटपुरा में शादी सामोरह में शामिल होने आ रहे लोगों को रोडवेज बस ने भोजपुर बघार के निकट स्थित हरि उपासना पेट्रोल पंप के पास टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा सवार रिश्तेदार घायल हो गए। वहीं ई-रिक्शा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घायलों में सितारा बेगम पत्नी अबरार, जान मोहम्मद, इबरा पुत्री सवनूर व इरफान शामिल हैं। सभी घायलों को आनन-फानन में कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहाँ से हालत गंभीर होने पर सितारा बेगम को जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया गया। डॉक्टर विकास पटेल ने बताया की सभी घायलों के मामूली चोटें आयी हैं। जिनका प्राथमिक उपचार किया है। एक की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया गया।

### ऊंचाई से गिरकर चार घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग स्थानों पर क्षेत्र के गांव अमलैया निवासी सुधीर का 7 वर्षीय पुत्र हैप्पी, नगला खला निवासी शीशराम की 17 वर्षीय पुत्री रूबी, कंपिल नगर के मोहल्ला पट्टी मदारी निवासी छिद्दन लाल (50) व कम्पिल क्षेत्र गांव अम्बेडकर नगर निवासी गोविन्द सिंह का 10 वर्षीय पुत्र गोपेश ऊंचाई से गिरकर घायल हो गए। सभी के परिजन अस्पताल लाये। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद हैप्पी, रूबी व गोपेश को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### घर में रखा डीजल मासूम ने पिया, हालत गंभीर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल क्षेत्र के गांव नसरुल्लापुर निवासी सुनील कुमार की 3 वर्षीय पुत्री भावना ने खेलते-खेलते घर में रखा डीजल पी लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। परिजन अस्पताल लाये। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### मार्ग दुर्घटना में चार घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में क्षेत्र के गांव भटासा निवासी विपिन (30), अर्जुन नगला निवासी सौरभ (22), अताईपुर निवासी सूरज (22) व नगर से सटे गांव प्रेमनगर निवासी साहिब (33) घायल हो गए। सभी घायलों को आसपास के लोगों ने अस्पताल भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद सौरभ को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# ट्रेन से कटकर युवती की मौत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**


मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस समृद्धि नयूज

**ट्रेन से** कटकर युवती की मौत हो गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की तथा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम उबरीखेड़ा रेलवे क्रॉसिंग के पास 17 वर्षीय शिवानी की शुक्रवार सुबह लगभग 10.30 बजे कासगंज से कानपुर जाने वाली ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जिला कन्नौज थाना तालग्राम क्षेत्र के गांव तालग्राम निवासी गुड्डू की पुत्री शिवानी जो कि कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव टडौआ कतरौली पट्टी के पास अपने मांमा के यहां पिछले लगभग 1 महीने से अपने माता-पिता के साथ रह रही थी। आसपास के लोगों ने बताया कि युवती रेलवे लाइन के किनारे खड़े आम के पेड़ों से आम बीन रही थी। आम बीनते-बीनते वह किसी प्रकार ट्रेन की पटरी पर पहुंच गयी। जिससे उसकी ट्रेन की चपेट में आ जाने से मौत हो गयी। वहीं मुकेश और सुरेश जो कि शिवानी के मामा हैं ने बताया कि वह मानसिक रूप से विक्षिप्त थी। जिसकी सूचना खुदागंज चौकी इंचार्ज को दी गई। घटना की सूचना पर पहुंचे खुदागंज चौकी इंचार्ज दीपक भाटी ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### पेड़ से गिरकर बालक घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद वदायूं के थाना उसैत के गांव रामपुर निवासी विजेंद्र का 12 वर्षीय पुत्र विमल पेड़ से गिरकर गंभीर घायल हो गया। परिजन अस्पताल लाये। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का शिकार हुए आधा दर्जन लोग

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** साइबर क्राइम की दुनिया भी बड़ी निराली और अजब तरीके से संचालित होती है। पढ़े लिखे नौजवान जब नौकरी न मिलने के कारण भटक जाते हैं, तो वह कानून को धोखा देकर इस साइबर क्राइम की दुनिया में कदम बढ़ा देते हैं। फिर इसका शिकार अनपढ़ से लेकर पढ़े लिखे लोग तक हो जाते हैं। ठगी करने के नए-नए तरीके ईजाद करके यह लोग रकम तो पैदा कर लेते हैं, परंतु अपने और पीड़ितों के जीवन से खेलते रहते हैं। थाना अमृतपुर क्षेत्र में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता सुमन पुत्री भगवान दास निवासी सिथौरा नबाबगंज व धनपाल, घनश्याम, विपुल कुमार, अनुराग सिंह, विकास कुमार ने कई लोगों के खिलाफ थानाध्यक्ष को एक संयुक्त शिकायती पत्र सौंपा है। जिसमें आरोप लगाया गया है कि उनसे नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठे गए हैं। शिकायत में उल्लेख है कि सुमन सहित अन्य पीड़ितों ने विभिन्न व्यक्तियों को नकद और ऑनलाइन माध्यमों से बड़ी राशि दी। पीड़ितों में विकास कुमार, अनुराग सिंह राजपूत, विपुल कुमार सहित अन्य शामिल हैं। ठगों ने कुल मिलाकर कई लाख रुपये हड़प लिए हैं। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि धनपाल से एक लाख रुपये नकद और एक लाख 35 हजार रुपये ऑनलाइन लिए। विकास कुमार से दो लाख रुपये नकद और एक लाख रुपये ऑनलाइन लिए।अनुराग सिंह राजपूत से 1.25 लाख रुपये ऑनलाइन और 84 हजार रुपये नकद लिए। विपुल कुमार से कुल 5 लाख रुपये नकद और ऑनलाइन लिए। उन्होंने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। थाना अमृतपुर ने शिकायत प्राप्त होने की पुष्टि की है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अधिक रेट में शराब देने का विरोध करने सेल्समैन ने ग्राहक को पीटा

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** निर्धारित रेट से अधिक रेट में देशी शराब की बिक्री करने का विरोध करने पर सेल्समैन ने ग्राहक को ठेके के अंदर बंधक बनाकर पीटा। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम रतनपुर पमारान में सरकारी शराब की दुकान पर प्रदीप पुत्र ग्रीश निवासी चिलसरा शमशाबाद सेल्समैन है। पीड़ित अरविंद पुत्र वेदराम निवासी अमैयापुर पश्चिमी शराब लेने गया। उसका उसका आरोप है कि सेल्समैन ने 70 का पौवा 90 रूपये में दिया। जब ग्राहक ने विरोध किया, तो उसकी जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित ने थाने में सेल्समैन के खिलाफ तहरीर दी है। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी ने चौकी इंचार्ज विमल कुमार को भेजकर सेल्समैन को हिरासत में ले लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की तहरीर मिल गयी है। मामले की जांच की जा रही है।

# टीम ने होटलों व प्रतिष्ठानों पर छापे मारकर परखी सुरक्षा व्यवस्था


प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करती टीम समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी** डॉ0 वी0के0 सिंह द्वारा गठित कमेटी में जे.ई. नगर मजिस्ट्रेट, मुख्य अग्निशमन अधिकारी फतेहगढ़, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, सहायक निदेशक विद्युत सुरक्षा, जिला पर्यटन अधिकारी के द्वारा जनपद के विभिन्न प्रतिष्ठानों व होटलों में सुरक्षा की दृष्टि से चेकिंग अभियान चलाया गया है। अभियान के इसी क्रम में होटल उदयिन नियर आर्मी चौराहा फतेहगढ़, होटल मनकामेश्वर आवास विकास फर्रुखाबाद, डायमंड पैलेस आवास विकास फर्रुखाबाद, गोल्डेन पैलेस आवास विकास फर्रुखाबाद, होटल हिदुस्तान बढ़पुर फर्रुखाबाद, मधुर मिलन गेस्ट हाऊस अल्लाहानगर बढ़पुर फर्रुखाबाद, सरदार बाग फर्नीचर एंड वैंकेट हाल अल्लाहानगर बढ़पुर फर्रुखाबाद, राजपूताना होटल अल्लाहानगर बढ़पुर फर्रुखाबाद, आई.सी.आई.सी.आई, बैंक नियर आर्मी चौराहा फतेहगढ़, सक्सेना जे.पी. हॉस्पिटल आवास विकास फर्रुखाबाद का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मिली खामियों को दुरुस्त करने के निर्देश दिये गये।

### दुग्ध वाहन की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** दुग्ध वाहन की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार सुबह करीब 6.30 बजे वृद्ध रामनाथ पुत्र राम शंकर निवासी पुनपालपुर थाना मेरापुर अपने घर से साइकिल पर सवार होकर संकिसा-मोहम्मदाबाद रोड से गुजरते हुए अपने खेत पर जा रहा था। जब वह पुनपालपुर निवासी पुत्तूलाल के मकान के सामने पंहुचा, तभी पीछे से आर रहे दुग्ध वाहन चालक ने लापरवाही व तेजी से चलाते हुए साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वृद्ध रामनाथ की मौके पर ही मौत हो गई और साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने वृद्ध के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मेरापुर थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि शव के पंचनामे की कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

# एसपी ने नौ स्कार्पियो व तीन दो पहिया पीआरवी को दिखायी झंडी



पीआरवी को झंडी दिखाकर रवाना करते एसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**पुलिस अधीक्षक** विकास कुमार ने पुलिस को और सशक्त बनाते हुए शुक्रवार को नौ चार पहिया स्कार्पियो पीआरवी व तीन दो पहिया पीआरवी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नई गाड़ियां शामिल होने से पुलिस और सशक्त होगी और अपराधों पर अंकुश लगाने में कामयाबी मिलेगी। उन्होंने बताया कि 09 चार पहिया स्कार्पियो पीआरवी व 03 दो पहिया पल्सर पीआरवी नई शामिल की गयी हैं। जिन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही साथ पुलिस अधीक्षक ने फतेहगढ़ पुलिस लाइन ग्राउंड में परेड की सलामी ली तथा पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

अभियान | 01 जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

# संचारी रोग के संबंध में बैठक कर दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**


बैठक में मौजूद सचिव, प्रधान व पंचायत सहायक आदि समृद्धि न्यूज

**ब्लॉक कार्यालय** सभागार में संचारी रोग नियंत्रण के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें अपने आसपास साफ-सफाई रखने तथा नालियों में कीटनाशक का छिड़काव करने के निर्देश दिये गये।

ब्लॉक कार्यालय सभागार में शुक्रवार को ग्राम प्रधानों व सचिव और पंचायत सहायकों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें इसमें 01 जुलाई से शुरू होने वाले संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान के विषय में जानकारी दी गई। गांवों में विशेष सफाई और कीटनाशक का छिड़काव कराने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में स्वाथ्य विभाग पर्यवेक्षक सुधाकर माथुर ने बताया कि संचारी रोग और दिमागी बुखार पर प्रभावी रोकथाम के लिए 01 जुलाई से 11 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान 31 जुलाई तक चलेगा। ग्राम प्रधानों को गांवों में सफाई व्यवस्था बेहतर रखना होगा। आप सभी अपने आसपास जल भराव की स्थिति उत्पन्न न होने दें। खाली गड्ढों में मिट्टी डलवा दें, ताकि उनमें जलभराव ना हो सके तथा नल के पास पानी को इकट्ठा न होने दें और कीटनाशक का छिड़काव कराएं। यूनिसेफ की तरफ से आईं सादिया बेगम ने कहा कि गांव में नल और नालियों की सफाई अवश्य करवाएं ताकि उनमें गंदगी ना उत्पन्न हो पाए। वहीं सभी प्रधानों को चाहिए कि वह अपने गांव में एंटी लार्वा का छिड़काव अवश्य करवाएं। जिससे मच्छर ना पनप सकें। बुखार होने पर तुरंत चिकित्सक को दिखाये और डॉक्टर की सलाह लें। खंड विकास अधिकारी श्रीप्रकाश उपाध्याय ने बताया की संचारी रोग पर हम सभी को मिलकर नियंत्रण करना होगा। इस मौके पर ग्राम प्रधान विनीत, अभय, लालू, शीशराम, लईक, बबलू, जय सिंह, भुवनचंद बरतरिया आदि मौजूद रहे।

# किसान नेताओं की चौथे दौर की वार्ता विफल, अगली रणनीति पर मंथन शुरु: प्रभाकांत मिश्रा

- प्रशासनिक अधिकारी व एनएचएआई के अधिकारियों ने बैठक में लिया भाग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भारतीय किसान** यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों- प्रशासनिक अधिकारियों एवं टोल प्लाजा के अधिकारियों के बीच कलेक्ट्रेट सभागार में बाहिदपुर में टोल प्लाजा को लेकर वार्ता संपन्न हुई। वार्ता के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों व टोल प्लाजा के अधिकारियों एवं भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों ने अपना-अपना पक्ष रखा।

अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व सुभाष चंद्र प्रजापति ने भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों से कहा की टोल प्लाजा पर सड़क का बनना अत्यंत आवश्यक है इसलिए आप लोग सड़क का निर्माण होने दें एवं उपस्थिति एनएचएआई के अधिकारियों से कहा कि बाहिदपुर में जो टोल प्लाजा बन रहा है उसकी स्थलीय रिपोर्ट बनाकर केंद्र सरकार को भेजें। कानपुर मंडल उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा ने कहा कि टोल आबादी क्षेत्र में नहीं बनेगा। जहां तक सड़क बनाने की बात है आप डामर रोड बना ले। सीमेंटेड रोड नहीं बनेगी। प्रभाकांत मिश्रा बात पर प्रशासनिक अधिकारी एवं एनएचएआई के अधिकारी सहमत नहीं हुए। सड़क के निर्माण कार्य करने की बात कहने लगे।



बैठक में मौजूद किसान नेता व अधिकारी — समृद्धि न्यूज

भाकियू के पदाधिकारियों के रुख को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारी एवं एनएचएआई के अधिकारी आपसी समन्वय बनाने की बात करने लगे। एनएचएआई के अधिकारी शिवम सिंह ने कहा कि सड़क आदि का सर्वे वर्ष 2011 में हुआ था। तब यहां पर आबादी नहीं थी। विदित है कि वर्ष 2011 में इटावा बरेली मार्ग राजमार्ग 29 (एसएच 29) था जो अब नेशनल हाईवे हो गया है एवं बाहिदपुर में जहां टोल प्लाजा का निर्माण हो रहा है वहां पर आबादी वर्ष 2001 से है। सभागार में उपस्थित दुकान मकान एवं स्कूल के मालिकों ने कहा कि हम किसान हैं। प्रशासनिक अधिकारियों एवं एनएचएआई के अधिकारियों द्वारा हमारा उत्पीड़न किया जा रहा है। टोल प्लाजा बाहिदपुर में आबादी में प्रस्तावित नहीं था। यह टोल प्लाजा मुरहास कन्हैया के समीप बनना था। एनएचएआई के अधिकारी कागज दिखाने को तैयार नहीं है जो नितांत गलत है। जिला प्रवक्ता एवं विधिक सलाहकार अजय कटियार ने कहा कि टोल प्लाजा का निर्माण आबादी क्षेत्र में नहीं होगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष अरविंद शाक्य, अभय यादव, अनीस सिंह, अरुण कुशवाहा, इंदर सिंह, प्रदीप कुशवाह आदि किसान उपस्थित रहे।

## अभावि के चार दिवसीय अभ्यास वर्ग में जनपद में लोगों को मिला नवीन दायित्व


नवीन पदाधिकारी डा0 अभिषेक सिंह, डा0 नरेन्द्र मिश्रा, शिवम कुशवाहा, कु0 केसर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का बांदा में चार दिवसीय अभ्यास वर्ग सम्पन्न हुआ। 24, 25, 26, 27 जून तक चले अभ्यास वर्ग में जनपद फर्रुखाबाद से अभाविप कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया। चार दिवसीय अभ्यास वर्ग में जनपद फर्रुखाबाद के विद्यार्थियों को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में नवीन दायित्व की घोषणा की गई। जिसमें विभाग प्रमुख का दायित्व डा0 नरेन्द्र मिश्रा को मिला। विभाग संयोजक का दायित्व शिवम कुशवाहा को दिया गया। विभाग छात्रा प्रमुख प्रियंका माथुर बनी। जिला प्रमुख का दायित्व डा0 अभिषेक सिंह को सौंपा गया। जिला संयोजक प्रयांशु सक्सेना, सह संयोजक कु0 केसर आदि को दायित्व सौंपे गये। सभी ने पदों का निर्वाह्न करते हुए दायित्व की जिम्मेदारी ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के लोगों ने सभी नवीन पदाधिकारियों को बधाई दी और उनका स्वागत किया गया।

## डीएम व बीएसए ने दो विद्यालयों का निरीक्षण कर छात्र-छात्राओं से किया संवाद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश की समाप्ति के बाद समर कैम्प का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा बेसिक शिक्षाधिकारी के साथ दो विद्यालय बढ़पुर विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन एवं प्राथमिक विद्यालय विजाधरपुर का निरीक्षण कर छात्र-छात्राओं से संवाद किया एवं सुझाव दिये। डीएम ने छात्र-छात्राओं को चाकलेट वितरित की। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रशन्तता पूर्वक डीएम द्वारा पूछे गये सवालों के जबाव दिये। शिक्षा के साथ-साथ दैनिक एवं सामान्य जानकारी प्रति दिवस प्रदान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। छात्र-छात्राओं में पढ़ने की आदत विकसित करने के उद्देश्य से विद्यालयों में उपलब्ध करायी गयी लाइब्रेरी बुक्स पढ़ने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। डीएम ने शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति उपलब्ध कराये जाने एवं विद्यालय के चारों ओर साफ-सफाई व्यवस्था किये जाने व शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराये जाने के साथ-साथ शौचालय आदि व्यवस्था हेतु शिक्षकों को निर्देशित किया।



विद्यालय में बच्चों को चाकलेट वितरित करते डीएम

## लालगेट से घुमना तक हटाया गया अतिक्रमण

- दुकानदारों के तखत व बेंच की जब्त कर वसूला गया जुर्माना
- अतिक्रमण हटने के बाद रोड दिखा चौड़ा, पसरा सन्नाटा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**शुक्रवार को** लालगेट से घुमना तक पटिया हटाओ प्लान चलाया गया। अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि बरसात का समय है। नाला व नालियों की सफाई नहीं हो पाती है। दुकानदारों ने फुटपाथ को घेर रखा है। वहीं ठिलिया वाले भी फुटपाथ पर जमे हुए है। जिसको लेकर दोपहर 11 बजे से डेढ़ बजे तक पटिया हटाओ प्लान चलाया गया। कई दुकानदारों के चालान काटकर जुर्माना वसूला गया। साथ ही नाली के ऊपर लालसराय में दुकानदारों के रखे तखत व बेन्च को नगर पालिका द्वारा जब्त किया गया। पटिया प्लान हटाओ के दौरान सन्नाटा जैसा छा गया और रोड चौड़ी-चौड़ी जैसी दिखायी देनी लगी। ईओ ने बताया कि पटिया प्लान के साथ-साथ पॉलीथिन हटाओ अभियान भी चलता रहेगा। लाल सराय में कई दुकानदार अपना तखत वापस मांगने लगे। सख्त हिदायत के तहत वापस नहीं किया गया। वहीं लाल सराय में एक दुकानदार अपनी दुकान के आगे ठिलिया लगवाता था और उनसे 100 रुपये प्रतिदिन वसूलता था। यह बात सुनकर ईओ नाराज हुए और उसका तखत व बेंच जब्त किया और हिदायत दी कि फुटपाथ दोबारा घेरा तो चालान काटा जायेगा। इस तरह का अभियान अब चलता रहेगा। इस मौके पर नगर पालिका के कर्मचारी व पुलिस मौजूद रही।


अतिक्रमण हटवाते नगर पालिका कर्मचारी — समृद्धि न्यूज



अतिक्रमण हटने के बाद लाल सराय में पसरा सन्नाटा

## नगर पंचायत अध्यक्ष ने विद्युत पोल अधिष्ठान/स्थानातंरण के संबंध में एक्सईएन को भेजा पत्र

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज**

**नगर पंचायत** अध्यक्ष शमशाबाद जोया फारूकी द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में विद्युत पोल अधिष्ठान एवं स्थानांतरण के संबंध में अधिशासी अभियंता कायमगंज को पत्र लिखा है।

नगर अध्यक्ष शमशाबाद जोया फारुखी द्वारा इस भीषण गर्मी में नगर वासियों को बिजली की समस्या के समाधान के लिए अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग कायमगंज को पत्र लिखा है। जिसमें कहा कि वार्डों में विद्युत पोल से मीटर दूर लगे होने के कारण आए दिन लोकल फाल्ट होने से कई घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है। जिससे मोहल्ले वासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिससे नये पोल लगाये जाना आवश्यक है। मोहल्लों में कई विद्युत पोल अनावश्यक लगे हुए हैं। अनावश्यक विद्युत पोल लगे होने के कारण निकलने में काफी कठिनाई होती है। जिनको किसी दूसरी जगह पर स्थानांतरण किया जाना आवश्यक है। उन्होंने अभिलंब कार्रवाई करते हुए जनमानस की समस्याओं से निजात दिलाने हेतु नये विद्युत पोल के अधिष्ठापन व पोलों के स्थान्तरण कराये जाने की मांग की।

## नौकरी लगवाने के नाम पर पूर्व राजकीय सम्प्रेक्षण गृह अधीक्षक ने युवक को ठगा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पूर्व राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) अधीक्षक ने नौकरी लगवाने के नाम पर युवक से लाखों रुपये की ठगी कर ली। जानकारी होने पर पीड़ित ने जब अपने रुपयों का तगादा किया तो उसने जानमाल की धमकी दी। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिसके बाद पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। कोतवाली फतेहगढ़ के ऑफीसर्स कालोनी निवासी निवेश कुमार पुत्र स्व0 विनोद कुमार ने न्यायालय में दायर की 156 (3) प्रार्थना पत्र में दर्शाया कि वह शिक्षित व्यक्ति है। मिलने वाले कमलेश कुमार रिटायर अधीक्षक राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) निवासी याकूतगंज पेट्रोल पम्प के पीछे कोतवाली फतेहगढ़ ने मुझसे कहा कि संरक्षण गृह जखा में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की एक जगह खाली है। हम जेल मंत्री से कहकर तुम्हारी नौकरी लगवा देंगे। जिसके लिए तुम्हे 4 लाख रुपया देना होगा। यह बात मैंने अपने परिजनों को बतायी। कमलेश कुमार मेरे घर आया और मां और चाचा को भरोसा दिलाया और कहा कि मेरे जेल मंत्री से बहुत अच्छे सम्बंध है। मैं नौकरी लगवा दूंगा। उसकी बातों पर विश्वास करके 2 अक्टूबर 2023 को 1 लाख 95 हजार रुपये मेरे दोस्त आर्यन व रचना के सामने दिये। आरोपी ने कहा था कि एक सप्ताह के अंदर तुम्हारा ज्वानिंग लेटर आ जायेगा। मेरे शैक्षिक प्रमाण पत्र व आधार कार्ड की फोटो आदि कागज ले गया। एक सप्ताह बीत जाने के बाद कोई ज्वानिंग लेटर नहीं आया। जब उससे कहा तो उसने कहा कि अभी तुम संविदा पर नौकरी कर लो। बाद में मंत्री से कहकर सरकारी करवा दूंगा। एक कम्पनी द्वारा ठेकेदारी पर 14अक्टूबर 2023 को रख लिया गया। मैं अब चौकीदारी कर रहा हूं। जिसका ज्वानिंग लेटर भी है। जब कमलेश से कहा कि तो उसने कहा कि मंत्री और रुपये मांग रहे है दो लाख रुपया और दो, तभी लग पायेगी। जब जानकारी विभाग में की तो पता चला कि कमलेश की कोई जेल मंत्री से पहचान नहीं है। वह ऐसे ही लोगों से सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करता है। तब एहसास हुआ कि मेरे साथ ठगी हुई है। 6 जून 2024 को अपने दोस्त आर्यन के साथ अपना रुपया लेने गया तो कमलेश कुमार व उसके तीन अज्ञात साथियों ने याकूतगंज पेट्रोल पम्प के पास बुलाया और गाली-गलौज कर धमकी दी कि अगर दोबारा रुपया मांगा तो फर्जी मुकदमा लिखवाकर जेल भिजवा दूंगा और हमलावर हो गये। थाने में शिकायत की, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।

## व्यापारियों से ठगी करने वाले गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



**व्यापारी** को विश्वास में लेकर सामान खरीद कर ठगी करने वाले गैंग के 03 सदस्यों को थाना कादरीगेट पुलिस व स्वाट टीम ने मुखबिर की सूचना पर जनपद गाजियाबाद के न्यू पंचवटी कालोनी कोतवाली घण्टाघर से 36 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने पुलिस लाइन सभागार में घटना का खुलासा करते हुए बताया कि 23 व 31 मई के मध्य थाना कादरीगेट क्षेत्र से कुछ व्यापारियों से अज्ञात लोगों द्वारा सामान खरीदा गया था। पहले 28 व 29 मई को सामान खरीदकर व्यापारियों को उनका पैसा दे दिया गया और जब व्यापारियों को विश्वास हो गया तो 31 मई को पुनः 9 व्यापारियों से लगभग 4 लाख का सामान खरीदा गया और कल रुपये देने की बात कहकर आरोपीगण फरार हो गये। जिसके संबंध में थाना कादरीगेट पुलिस ने धारा 420 व 406 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। मुखबिर की सूचना पर कादरीगेट प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पाण्डेय, उपनिरीक्षक सुरजीत सिंह व एसओजी टीम प्रभारी जितेन्द्र पटेल तथा सर्विलांस टीम प्रभारी विशेष कुमार ने अपनी टीम के साथ जनपद गाजियाबाद के न्यू पंचवटी कालोनी कोतवाली घण्टाघर से हरीश वर्मा पुत्र राजकुमार निवासी ए362 न्यू पंचवटी कालोनी को0 घण्टाघर, नूर आलम खान पुत्र नूर मिया खान निवासी मदनी नगर थाना शुक्लागंज उन्नाव व हाल पता फैतपुलगंज कानपुर, मो0 अरकान पुत्र मो0 इदरीश निवासी मदनी नगर थाना शुक्लागंज उन्नाव को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही से खरीदा गया सामान व 49500 रुपये की नगदी बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि हम तीनों लोग अनुज वर्मा के साथ मिलकर बड़े शहर जाकर फर्जी नाम से किराये पर दुकान लेते है और आसपास के व्यापारियों से पहले बड़ी मात्रा में सामान खरीद लेते है। जब व्यापारियों को हम पर विश्वास हो जाता है तो हम लोग काफी कीमत का सामान खरीद लेते है और सामान के पैसे अगले दिन देने की बात कहकर हम सामान लेकर प्राइवेट वाहन से भरकर दुकान खाली कर भाग जाते है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

## भाविप के संस्थापक की मनायी गयी जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भारत विकास** परिषद फतेहगढ़ शाखा द्वारा भाविप के संस्थापक डॉ0 सूरज प्रकाश का जयंती समारोह शाखा कार्यालय प्रवीण माथुर के निवास पर मनायी गयी।

कार्यक्रम का शुभारंभ शाखा अध्यक्ष सरदार जगदीप सिंह एवं संगठन सचिव श्याम प्रकाश श्रीवास्तव ने डा0 सूरज प्रकाश के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। सहयोग शाखा की अध्यक्षा रीता दुबे, प्रांतीय उपाध्यक्ष अनीता पाठक, के0के0 पाठक ने भी माल्यार्पण किया। अन्य सभी सदस्यों ने पुष्प अर्पण करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ वंदेमातरम गीत के साथ किया। व्यवस्था महिला संयोजिका शिवानी माथुर ने संभाली। कार्यक्रम संयोजक प्रवीण माथुर ने आए हुए सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया। अजीत यादव ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक सदस्यों के आने का आग्रह किया। सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। शाखा अध्यक्ष सरदार जगदीप सिंह ने सभी का धन्यवाद करते वह राष्ट्रीय गान उपरांत कार्यक्रम को समाप्त किया। इस मौके पर प्रवीण माथुर, शिवानी माथुर, श्याम प्रकाश श्रीवास्तव, सरदार जगदीप सिंह, किशन वर्मा, संदीप शुक्ला, के0के0 पाठक, संजय दुबे, अजीत यादव, रीता दुबे, नैमिश् मिश्रा, आरपी मिश्र, मोहित वर्मा, गगन चतुर्वेदी, रामकुमार वर्मा, आशा देवी वर्मा, अवनींद कुमार सक्सेना, शिवानी चंद्रा, रचना वर्मा, संजीव कुमार वर्मा, अनीता पाठक, उमेश बाबू राठौर आदि उपस्थित रहे।


जयंती समारोह में मौजूद भाविप पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

## आईटीआई कालेज में रोजगार मेला आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**राजकीय** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर 29 जून को आयोजित होने वाले अप्रेंटिसशिप मेले में चार कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी। 25 रिक्तियों हेतु अभ्यार्थियों का साक्षात्कार होगा। इच्छुक अभ्यार्थी अपने प्रपत्रों के साथ आईटीआई कॉलेज में 29 जून को प्रातः 10 बजे पहुंचे। यह जानकारी प्रधानाचार्य ने दी है।

## किशोरी ने पिया जहर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में किशोर ने जहर पी लिया। जानकारी के अनुसार कम्पिल क्षेत्र के गांव हाथवाया निवासी राकेश की 16 वर्षीय पुत्री सोनी ने संदिग्ध हालत में कीटनाशक पदार्थ पी लिया। गंभीर हालत में परिजन अस्पताल लाये। जहाँ उसका उपचार जारी है।

## युवती की अचानक बिगड़ी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला गंगा दरवाजा निवासी अनिक की 18 वर्षीय पुत्री अनुराधा की अचानक हालत बिगड़ गयी। परिजन अस्पताल लाये। जहाँ परिजनों ने बताया की युवती ने ओवरडोज ड्रग ले लिया है। वहीं प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## आचार्य प्रशिक्षण में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किये प्रस्तुत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भारतीय शिक्षा** समिति कानपुर प्रांत द्वारा नव चयनित आचार्य प्रशिक्षण वर्ग नवचयनित आचार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम में अठवें दिन बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर नव चयनित अभ्यर्थियों को शानदार प्रदर्शन करते हुए आनंदमय कर दिया। पंचपदीय एवं शिक्षा कौशल कमलेश सिंह, प्रोजेक्ट तैयार करना ज्ञानेंद्र गुप्ता, अनुभव आधारित शिक्षा नारायण दत्त जोशी, शैक्षिक गतिविधियां अवध किशोर गुप्ता, क्रियाकलाप विज्ञान प्रदर्शनी वैदिक ज्ञान अजय, व्यवहारिक मूल्यांकन शिवकरण, शिव सिंह आदि सम्भाग निरीक्षक मौजूद रहे। इस अवसर पर अक्षम पाठक, बृजपाल सिंह, सुरेंद्र पटेल, खुशी, सौम्या रावत, सुभी मिश्रा, प्रधानचार्य कल्पना सिंह आदि मौजूद रहे।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

## भारतीय कृषक एसोसिएशन ने किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भारतीय कृषक** एसोसिएशन द्वारा मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। किसानों की जनहित समस्याओं को लेकर ज्ञापन में दर्शाया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज व शमशाबाद में सरकारी सम्पत्ति से अवैध कब्जा हटवाया जाये। जिन डाक्टरों की नई पोस्टिंग हुई है उन्हे आवास उपलब्ध कराये जाये। डाक्टर विपिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात था। अवैध वसूली व दवाइयां मेडिकल से लिखना तथा मरीज की हत्या का 302 हत्या का अपराध आदि के मामले में स्वास्थ्य केंद्र से हटा दिया गया था। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा बड़ी रिश्वत लेकर पुनः उपाधीक्षक पद पर तैनात किया गया है। इसकी जांच कराकर उन्हें हटाया जाये। सीएमओ का कार्यकाल तीन वर्ष से अधिक हो चुका है। डा0 विपिन को कायमगंज से हटाकर जहां तैनात थे। वहां भेजा जाये। जनपद में बिजली आने का कोई समय नहीं है। रोस्टर के अनुसार बिजली दी जाये। मीटर रीडर गलत रीडिंग जेई और एक्सईएन की मिलीभगत से भेज रहे है। मीटर रीडिंग सही कराने में जेई और एक्सईएन का बड़ा खेल है। गलत रीडिंग के लिए रीडरों को दंडित कर उपभोक्ता का बिना रिश्वत बिल ठीक किया जाये। कायमगंज तहसील में उप जिलाधिकारी 107, 116, 151 सीआरपीसी जमानत के लिए खुलेआम 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते है। उन्हे तत्काल हटाया जाये। खाद्य सुरक्षा सैम्पल और लाइसेंस के नाम से दुकानदारों से वसूली की जा रही है। इस रिश्वत खोरी को बंद किया जाये। दालों की कालाबाजारी रोकी जाये। रेलवे स्टेशन कायमगंज व पखना स्टेशन पर गाड़ियों का ठहराव हो। आलू पर आधारित उद्योग लगाया जाये। किसान चीनी मिल कायमगंज का नवीनीकरण व विस्तार किया जाये। हथियापुर सरकारी संग्राहलय 20 वर्ष से बंद है। हजारों करोड़ रुपये से बना है। उसे चालू करवाया जाये आदि मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। वहीं दूसरे ज्ञापन में राजस्व लेखपाल बगैर सुविधा शुल्क लिये रिपोर्ट नहीं लगाते है, कार्यवाही की जाये। एसडीएम मेड़बंदी के नाम पर सुविधा शुल्क लिये बिना पैमाइश नहीं कराते है। भूड़ नगरिया सब स्टेशन पर बिजली आने व जाने का कोई समय नहीं है। किसान परेशान है। प्राइवेट स्कूल की फीस कम की जाये व किताबों की कीमतों में सुधार किया जाये। रेलवे स्टेशन पखना पर मच्छली मीट की दुकानें बंद करायी जाये। गुरुशादी नगर में हैण्डपम्प रिबोर कराये जाये, आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष शीलचन्द्र राजपूत, गजेन्द्र सिंह, रामनारायण, आदेश कुमार, राजेश सिंह, रामप्रकाश, रामवीर सिंह आदि किसान नेता मौजूद रहे।


नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते किसान नेता — समृद्धि न्यूज



# दिल्ली में बारिश से यातायात व्यवस्था चरमराई

## लोगों को उमस भरी गर्मी से कुछ राहत मिली, चारों ओर लंबा जाम, हजारों कामकाजी लोग रास्ते में फंसे

▸ दिल्ली नगर निगम और सरकार के तमाम दावों की खुली पोल

एजेंसी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रात से हो रही बारिश सुबह हजारों कामकाजी लोगों के लिए आफत बन गई। विभिन्न इलाकों में हुए जलभराव से एक बार फिर यातायात व्यवस्था चरमरा गई। साथ ही दिल्ली नगर निगम और दिल्ली सरकार के तमाम दावों की पोल खोल कर रख दी है। हालांकि झमाझम बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली है।

इस बारिश में खासकर दोपहिया वाहनचालकों को जलभराव में खासी दिक्कत हुई। रास्ते में दोपहिया वाहन बंद हो गए। आईटीओ में तो कमर तक पानी भरा हुआ है। डीटीसी बसों की लंबी कतार लगी हुई है। नजफगढ़, द्वारका, तिलक नगर और राजौरी गार्डन में भारी जलभराव है।

नई दिल्ली के मिंटो रोड में भी पानी भर गया है। इसके चलते मिंटो रोड की तररफ जाने वाले सारे वाहन कुछ देर के लिए रोक दिए गए। ओखला, जामिया नगर, संगम विहार, खानपुर, पुल प्रह्लादपुर, सरिता विहार आदि इलाकों में जलभराव से स्थिति खराब है। यमुनापार के पूर्वी दिल्ली के इलाकों तेज बारिश के चलते सीलमपुर मेट्रो स्टेशन के आसपास जलभराव है। जखीरा अंडरपास के नीचे बसें रुकी हुई हैं। पम्प से पानी निकाला जा रहा है। लालकिला के आसपास मुख्य सड़कों पर जलभराव के अलावा संपर्क मार्गों पर भी पानी भरने से लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। आईटीओ, आश्रम, आनंद विहार, लाजपतनगर और चिल्ला बॉर्डर में लंबा जाम है। पूर्वी दिल्ली के विकास मार्ग पर कड़कड़डूमा से आईटीओ तक वाहनों की लंबी कतार लग गई है। लक्ष्मी नगर, ललिता पार्क, गीता कॉलोनी, गाजीपुर, मयूर विहार, पटपड़गंज, गांधी नगर, कृष्णा नगर, लाल क्वार्टर,शाहदरा, सीलमपुर, नंदनगरी, भजनपुरा, वज़ीराबाद, तिमारपुर तक जाम है। बुराडी, नत्थूपुरा, आजादपुर, रोहतक रोड के आसपास के इलाके में बारिश के कारण काफी देर तक जाम रहा। करोलबाग, पहाड़गंज और कश्मीरी गेट में बड़ी संख्या में लोग जाम में फंसे हुए हैं। एम्स, ग्रीन पार्क, ओखला, निजामुदीन, बदरपुर, खानपुर, देवली, नजफगढ़, संगम विहार, सरोजनी नगर, लाजपत नगर, धौलाकुआं, महिपालपुर, सरिता विहार, भीकाजी कामा प्लेस, दिल्ली कैंट और कालकाजी में भी जाम से हालात खराब हो गए हैं।

### बरसात के दौरान आपदा प्रबन्धन के लिए तैयारियां पूरी

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को शिमला में मीडिया से अनौपचारिक बातचीत के दौरान कहा कि प्रदेश सरकार ने बरसात के दृष्टिगत सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सभी सम्बद्ध विभागों को किसी भी संभावित प्रतिकूल स्थिति से निपटने के लिए निरन्तर सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण सभी विभागों के साथ समन्वय से कार्य कर रहा है। बीते वर्ष बरसात के मौसम के दौरान उत्पन्न स्थितियों के दृष्टिगत एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में चिन्हित किए गए विभिन्न स्थानों में पर्याप्त संख्या में श्रमशक्ति और मशीनरी तैनात की गई है। फील्ड स्टाफ और अन्य अधिकारियों को आपदा प्रबन्धन से सम्बन्धित प्रशिक्षण और मॉकड्रिल से समय-समय पर अभ्यास भी करवाए गए हैं। प्रदेश सरकार किसी भी प्राकृतिक आपदा की संभावित चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इसके दृष्टिगत विभिन्न स्तरों पर प्रभावी एवं सकारात्मक कदम उठाए गए हैं। आपदा प्रबन्धन के दृष्टिगत सभी जिलों के उपायुक्तों से निरन्तर बैठकें आयोजित कर तैयारियों की समीक्षा भी की गई है।

### गबन केस में तमिलनाडु में उप पोस्टमास्टर को दो साल की जेल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) तमिलनाडु की अदालत ने गबन मामले में तिरुवलंगडु उप डाकघर के पूर्व उप पोस्ट मास्टर वीसी धनलक्ष्मी को 2 वर्ष की जेल की सजा सुनाई है। इसके साथ 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सीबीआई ने वीसी धनलक्ष्मी के खिलाफ सीबीआई ने 29 दिसंबर 2016 को मामला दर्ज किया था। आरोपित ने वर्ष 2006 से 2011 की अवधि के दौरान विभिन्न खाताधारकों के बंद डाक आवर्ती जमा (आरडी) खातों को पुनः चालू कर बंद किया। इस दौरान विभिन्न डाक घर खाता धारकों की जानकारी के बगैर आरडी खातों से आंशिक निकासी करके डाक विभाग की 30,91,534/- रुपये की धनराशि का गबन किया। इसके लिए झूठी प्रविष्टियां की गईं और झूठे व मनगढ़ंत वाउचर बनाए गए। जांच पूरी होने के बाद आरोपित के खिलाफ 29 जुलाई 2017 को आरोप पत्र दायर किया गया था।

## मंत्री गडकरी ने खमाड़ी-टिक्कर सड़क के लिए 50 करोड़ रुपये किए मंजूर

एजेंसी



**शिमला।** लोक निर्माण निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने नई दिल्ली में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट कर आगामी बरसात के दृष्टिगत प्रदेश की विभिन्न सड़क परियोजनाओं के बारे में विचार-विमर्श किया। केन्द्रीय मंत्री ने लोक निर्माण मंत्री के आग्रह पर जिला शिमला में केन्द्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) के अंतर्गत खमाड़ी-टिक्कर सड़क के लिए 50 करोड़ रुपये स्वीकृत किए।

लोक निर्माण मंत्री ने यह धनराशि स्वीकृत करने के लिए गडकरी का आभार व्यक्त किया। विक्रमादित्य सिंह ने राष्ट्रीय राजमार्गों को जोड़ने वाली लोक निर्माण विभाग की सड़कों की मरम्मत के लिए केन्द्रीय मंत्री द्वारा पूर्व में घोषित 150 करोड़ रुपये जारी करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मानसून को ध्यान में रखते हुए यह धन राशि महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने मंडी जिले में कमांद-कटौला और चैलचौक-पंडोह सड़कों के रखरखाव एवं मरम्मत के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को पहले से प्रस्तुत 30 करोड़ रुपये के अनुमानों को भी शीघ्र स्वीकृत करने का आग्रह किया क्योंकि यह वैकल्पिक सड़क मार्ग ट्रैफिक की समस्या से निजात दिलाने में काफी सहायक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में यह सड़कें महत्त्वपूर्ण हैं और लोगों और पर्यटकों की सुविधा एवं कुल्लू-मनाली ट्रैफिक समस्या के समाधान में इन सड़कों का रख-रखाव महत्त्वपूर्ण है।

## एमएलए गीता भारत के प्रयासों से मीरा-भायंदर में बनेगा अत्याधुनिक व भव्य कैंसर अस्पताल

समृद्धि न्यूज



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मीरा-भायंदर विधानसभा क्षेत्र में साल 2019 में एक स्वतंत्र विधायिका के तौर पर चुनी जाने वाली गीता भारत जैन की पहचान विकास और सामाजिक बदलाव के लिए अथक प्रयास करने वाली नेता के रूप में होती है।

मीरा-भायंदर में कैंसर अस्पताल के निर्माण की संकल्पना स्थानीय लोगों को सुलभ तरीके से और किफ़ायती दरों में इलाज मुहैया कराने के संकल्प के चलते पैदा हुई. स्थानीय लोगों द्वारा कैंसर के इलाज के लिए झेली जाने वाली? तमाम मुसीबतों को देखते हुए मीरा-भायंदर में कैंसर अस्पताल को बनवाने की शुरुआती प्रेरणा मिली। कैंसर अस्पताल बनवाने को लेकर विधायिका गीता भारत जैन का विज़न स्पष्ट था - सभी आधुनिक उपकरणों से सुसज्ज एक ऐसे कैंसर अस्पताल का निर्माण करना जो निजी अस्पतालों पर लोगों की निर्भरता ?को ख़त्म कर? दे और हर किसी को कैंसर का गुणवत्तापूर्ण इलाज आसानी से उपलब्ध हो सके।

साल 2022-23 में मीरा-भायंदर में दौरे के दौरान महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को गीता भारत जैन ने? जनता की भारी मौजूदगी में इलाके में अस्पताल के निर्माण के बारे में आधिकारिक रूप से जानकारी दी थी. इस प्रस्ताव पर? तुरंत सभी का ध्यान आकर्षित किया गया और फिर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने जल्द ही इस प्रस्ताव के प्रति अपना समर्थन ज़ाहिर किया। उल्लेखनीय है कि अस्पताल के निर्माण के लिए स्थानीय स्तर पर मीरा-भायंदर नगर निगम को अब तक ?13.4 करोड़ रुपये दिये जा चुके हैं जो निर्माण कार्य के शुरू होने का संकेत है. यह गीता भारत जैन? के दूरदृष्टा होने का सबूत है कि मीरा-भायंदर की सीमा में एक भव्य कैंसर अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। आसपास रहने वाले लगभग 50 लाख लोगों को इसका फ़ायदा होगा। यह इलाके में स्वास्थ्य क्षेत्र की बेहतरी के लिए उनके द्वारा किये जा रहे प्रयासों व उनके समर्पण भाव को दर्शाता है। विधायिका गीता भारत जैन एक ऐसी शख्सियत हैं जो अपनी विरासत को एक सकारात्मक और समाज में बदलाव के तौर में देखना चाहती हैं।

### भारती एयरटेल ने भी टैरिफ बढ़ाया, तीन जुलाई से लागू होंगी नई दरें

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार सर्विस प्रदाता कंपनी भारती एयरटेल ने मोबाइल सेवाओं की टैरिफ दरों में इजाफा करने का ऐलान किया है। रिलायंस जियो के बाद एयरटेल भी अपने मोबाइल टैरिफ में 10 से 21 फीसदी तक बढ़ोतरी करेगी। नई दरें 3 जुलाई से लागू होंगी। भारती एयरटेल ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा है कि वह 3 जुलाई, 2024 से मोबाइल टैरिफ में संशोधन करेगी। कंपनी ने कहा कि असीमित 'वॉयस प्लान' की दरों में लगभग 11 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। एयरटेल के मुताबिक अब ये दरें 179 रुपये से बढ़ाकर 199 रुपये, 455 रुपये से बढ़ाकर 509 रुपये और 1,799 रुपये से बढ़ाकर 1,999 रुपये कर दी गई हैं। इसके अलावा दैनिक 'डेटा प्लान' श्रेणी को 479 रुपये से बढ़ाकर 579 रुपये कर दिया गया है, जो 20.8 फीसदी की वृद्धि है।

## मुस्लिम समुदाय के 35 लोगों ने अपनाया सनातन धर्म

▸ खजराना गणेश मंदिर में पूजा कर कराया गया शुद्धिकरण

एजेंसी

**इंदौर।** शहर में मुस्लिम समुदाय के करीब 35 लोगों ने सनातन धर्म अपना लिया है। आयोजन शुक्रवार को स्थानीय खजराना गणेश मंदिर में हुआ। इसके लिए विधि-विधान से खजराना गणेश मंदिर में पूजन-पाठ और हवन किया गया। वैदिक पद्धति से सभी का शुद्धिकरण कराया गया। सनातन धर्म से प्रभावित होकर इन लोगों ने हिंदू धर्म अपनाया है।

जानकारी के अनुसार कानूनन धर्मांतरण के लिए इन लोगों ने इंदौर कलेक्टोरेट में आवेदन दिया था। इसके बाद यह आयोजन किया गया। इनकी लीगल प्रोसीडिंग करने वाले एडवोकेट अनिल नायडू और राहुल राठौर ने इसकी पुष्टि की है। इन सभी लोगों ने विश्व हिन्दू परिषद मालवा प्रांत के प्रमुख संतोष शर्मा के नेतृत्व में इस्लाम छोड़ कर हिन्दू धर्म अपनाया है। इनमें से रोहित पहले हिन्दू था। उसने कुछ समय पहले मुस्लिम धर्म अपनाया था। अब उन्होंने घर वापसी की है। विश्व हिंदू परिषद मालवा प्रांत के प्रमुख संतोष शर्मा ने कहा कि धर्मांतरण कर रहे सभी लोगों की घर वापसी हो रही है। इस्लाम छोड़ इन्होंने हिंदू धर्म अपनाया है। मंदिर में हिंदू धर्म अपनाने के लिए अभी और भी लोग पहुंच रहे हैं। ये सभी इंदौर और आसपास के इलाकों में रहने वाले हैं। शर्मा ने बताया कि सभी के बारे में कलेक्टोरेट कार्यालय में शपथ पत्र दे दिया है। इनमें इंदौर, देवास, सांवेर और अन्य जिलों के लोग शामिल हैं। सबसे ज्यादा 12-13 लोग इंदौर के हैं। महिला-पुरुषों की संख्या बराबर है।

## खबरें एक नजर में

### रिलायंस का मार्केट कैप 21 लाख करोड़ रुपये के पार

**नई दिल्ली।** मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) 21 लाख करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण (मार्केट) कैप वाली भारत की पहली कंपनी बन गई है। जियो इन्फोकॉम लिमिटेड के टैरिफ दरों में 25 फीसदी तक महंगे करने की घोषणा के बाद शुक्रवार को रिलायंस का शेयर करीब 2 फीसदी चढ़ कर रिकॉर्ड 3,129 रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद कंपनी का मार्केट कैप बढ़ कर 20 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर भाव 2 फीसदी की तेजी के साथ 3129 रुपये के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जो 52 हफ्ते का नया उच्चतम स्तर है। उल्लेखनीय है कि निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी कंपनी आरआईएल चार महीना पहले फरवरी 2024 में पहली बार 20 लाख करोड़ रुपये के मार्केट कैप को पार किया था। इससे पहले कंपनी ने सितंबर 2021 में 15 लाख करोड़ रुपये का लेवल पार किया था।

### जम्मू-कश्मीर पुलिस टीम के नौ एसपीओ पदोन्नत

**जम्मू।** जिला कठुआ की तहसील हीरानगर के गांव सैडा सोहल में पाकिस्तानी आतंकियों को मार गिराने में सहयोग करने वाले नौ एसपीओ (स्पेशल पुलिस ऑफिसर) को पदोन्नति दी गई है। बहादुरी के लिए पुरस्कृत करते हुए इन्हें जम्मू-कश्मीर पुलिस में कांस्टेबल पद पर तैनात कर दिया गया है। डीजीपी आरआर स्वैन ने शुक्रवार को उन्हें पदोन्नति पत्र सौंपे। डीजीपी आरआर स्वैन ने बताया कि नौ एसपीओ को उनकी बहादुरी के लिए सम्मानित किया गया है। यह एसपीओ जम्मू-कश्मीर पुलिस परिवार का हिस्सा हैं। आतंकियों और उनके सहयोगियों के खिलाफ अभियान जारी है। अगर आतंकियों के पास से एस4 जैसे हथियार मिल रहे हैं तो पुलिस व अन्य सुरक्षा एजेंसियों के पास उससे भी बेहतर हथियार हैं, जिनसे जल्द ही बचे हुए आतंकियों का भी सफाया कर दिया जाएगा।

### वर्ल्ड टेनिस लीग सीजन 3 की मेजबानी करेगा अबू धाबी

**अबू धाबी।** अबू धाबी स्पोर्ट्स काउंसिल 19 से 22 दिसंबर तक प्रतिष्ठित एतिहाद एरिना में आयोजित होने वाले वर्ल्ड टेनिस लीग (डब्ल्यूटीएल) के तीसरे सीजन की मेजबानी करने के लिए तैयार है। बेहतरीन टेनिस और शानदार संगीत प्रदर्शनों के मिश्रण के लिए मशहूर डब्ल्यूटीएल के दूसरे सीजन ने काफी लोकप्रियता और वैश्विक मीडिया वैल्यू हासिल की थी। चार दिवसीय कार्यक्रम में डेनियल मेदवेदेव, स्टेफानोस सितसिपास, एंड्री रूबलेव, आर्यना सबालेंका, इगा स्विएटेक और एलेना रायबाकिना जैसे वैश्विक टेनिस आइकन शामिल थे, जिन्होंने कोर्ट के अंदर और बाहर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। डेनियल मेदवेदेव, एंड्री रूबलेव, मीरा एंड्रीवा और सोफिया केनिन की मौजूदगी वाली पीबीजी ईगल्स डब्ल्यूटीएल 2023 की चैंपियन बनकर उभरी। सीजन 2 का सीधा प्रसारण 125 से ज़्यादा देशों में किया गया, जिसमें विश्व स्तरीय कलाकारों ने यास द्वीप के एतिहाद एरिना में परफ़ॉर्म किया।

### सरकार नीट पर चर्चा के लिए तैयार : धर्मेंद्र प्रधान

**नई दिल्ली।** संसद में विपक्षी सांसदों के राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि सरकार नीट पर चर्चा के लिए तैयार है लेकिन सब कुछ परंपरा और मर्यादा के भीतर होना चाहिए। प्रधान ने संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जब कल राष्ट्रपति ने स्वयं अपने भाषण में परीक्षा के बारे में बात की तो इससे सरकार की मंशा का पता चलता है कि हम किसी भी मुद्दे का सामना करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी देश के युवाओं और देश के छात्रों के प्रति है। सरकार अपना पक्ष रखने के लिए तैयार है, फिर भ्रम क्या है? उन्होंने कहा कि नीट मामले के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी।

### सरवत जमाल हिन्द मिलेनियम अवार्ड सम्मानित



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आइडियल काइट फ्लाइंग एसोसिएशन ने आज उस्ताद सरवत जमाल को उस्ताद हिन्द मिलेनियम अवार्ड से नवाज़ा गया। इस कार्यक्रम में हिंदुस्तान भर के सीनियर खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और उस्ताद सरवत जमाल को सम्मानित किया। इस तरह का सम्मान पूरे हिंदुस्तान में पहली बार किसी खिलाड़ी का किया गया है । इस कार्यक्रम में पूरे हिंदुस्तान के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जैसे दिल्ली, बॉम्बे, कोलकाता, जयपुर, रामपुर गोरखपुर बरेली भोपाल मुरादाबाद प्रयागराज वाराणसी कानपुर आदि शहरो के लोगो ने इस कार्क्रम में उपस्थित होकर इसको कामयाब बनाया। आइडियल काइट फ्लाइंग एसोसिएशन के चेयरमैन शाह आलम ने कहा हमे बहुत ख़ुशी हो रही है कि हमे अपने उस्ताद का सम्मान करने का मौका मिला।

## अपना 100 प्रतिशत देने पर पेरिस में जीत सकती हूं पदक : चानू

एजेंसी



**नई दिल्ली।** टोक्यो में अपने रजत पदक के अलावा एक और ओलंपिक पदक जीतने को उत्सुक भारोत्तोलक मीराबाई चानू पिछले साल हांग्जो एशियाई खेलों में अपने दिल तोड़ने वाले अनुभव की पुनरावृत्ति से बचने के लिए सावधानी बरत रही हैं। पेरिस 2024 के लिए क्वालीफाई करने वाली एकमात्र भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई के लिए, पिछले एशियाई खेलों में, जहां उन्होंने प्रतियोगिता के दौरान अपने दाहिने कूल्हे को घायल कर लिया था और कुल स्कोर दर्ज नहीं कर सकी थीं, सीखने का अनुभव था।

मीराबाई ने गुरुवार को भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा आयोजित एक बातचीत के दौरान कहा, मैं अपने प्रशिक्षण के दौरान चोट न लगने का ध्यान रखती हूं। मैं अपनी तकनीक, शक्ति (प्रशिक्षण) और आहार के बारे में सावधान रहती हूं। मैं क्या खाती हूं और रिकवरी क्या है, यह महत्वपूर्ण है। मैं कौन से व्यायाम करती हूं और किन मांसपेशियों पर ध्यान केंद्रित करती हूं, यह भी महत्वपूर्ण है। एशियाई खेलों के बाद शीर्ष भारोत्तोलक ने पांच महीने तक पुनर्वास किया और अप्रैल में फुकेट में आईडब्ल्यूएफ विश्व कप में भाग लिया, जिसमें उन्होंने 184 किलोग्राम सफलतापूर्वक उठाया। यह टोक्यो खेलों में उनके कुल वजन से 18 किलोग्राम कम था और पेरिस में पदक जीतने की संभावना को बढ़ाने के लिए उन्हें 200 किलोग्राम से अधिक वजन उठाने की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा, अब मैं 80 से 85 प्रतिशत (जितना मैं उठाने में सक्षम हूँ) उठा रही हूँ। खेलों में एक महीना बाकी है, मैं धीरे-धीरे अपना वजन बढ़ाऊँगी। 29 वर्षीय भारोत्तोलक, जो उत्साह से लेकर चिंता, तनाव और घबराहट तक के मिश्रित भावों से गुजर रही है, खेलों से पहले प्रशिक्षण के लिए 7 जुलाई को पेरिस के लिए रवाना होने वाली हैं।

## भारत ने धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी रिपोर्ट को किया खारिज, हस्तक्षेप न करने की दी हिदायत

एजेंसी




**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिका के विदेश मंत्रालय की धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट को खारिज करते हुए कहा कि मानवाधिकार के नाम पर दूसरे देश की राजनीति में हस्तक्षेप नहीं किया जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अमेरिकी विदेश मंत्रालय की धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट-2023 पर सख्त प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह रिपोर्ट पहले की ही तरह पक्षपातपूर्ण है तथा वोटबैंक की राजनीति से प्रेरित है। भारत इस रिपोर्ट को अस्वीकार करता है।

उल्लेखनीय है कि अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इस रिपोर्ट को जारी करते हुए भारत में धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर आलोचना की थी। उन्होंने कहा था कि भारत में धर्म परिवर्तन विरोधी कानून और अल्पसंख्यकों के मकानों और उपासनों स्थलों को निशाना बनाया जाना और नफरती बयानबाजी चिंता का विषय है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि इस रिपोर्ट में गलतबयानी और तथ्यों को तोड़ मरोड़कर पेश किया गया है। इसमें सूचना हासिल करने के लिए पूर्वाग्रह से ग्रसित स्रोतों का सहारा लिया गया है तथा इसके निष्कर्ष पहले से ही तय कर लिये गये हैं। उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट भारत के सामाजिक ताने-बाने की अज्ञानता पर आधारित है। इसमें भारत के कानून की वैधता तथा विधायिका के अधिकारों पर भी सवाल उठाया गया है। रिपोर्ट भारत की न्यायपालिका के फैसलों को भी चुनौती देती है। भारत ने अमेरिका को आईना दिखाते हुए कहा कि उस देश में नफरत पर आधारित अपराधों, भारतीय नागरिकों एवं अन्य अल्पसंख्यकों पर नस्लीय हमले, पूजा स्थलों को निशाना बनाया जाना और पुलिस द्वारा हिंसा और उत्पीड़न होता है। भारत में द्विपक्षीय वार्ता के दौरान वर्ष 2023 में ऐसे मामलों को उठाया था। प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका में उग्रवाद और आतंकवाद को भी राजनीतिक स्थान मुहैया कराया जाता है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच मानवाधिकारों और विविधतापूर्ण समाज के मुद्दों पर विचार-विमर्श होता रहता है लेकिन इस वार्ता को दूसरे देश में हस्तक्षेप करने का लाइसेंस नहीं बनाया जाना चाहिए। प्रवक्ता ने धन की आवाजाही और इसके दुरुपयोग पर निगरानी के लिए बनाए गये नियमों और कानूनों का पक्ष लेते हुए कहा कि अमेरिका में इस मामले में कहीं अधिक सख्त कानून हैं।

### बंगाल में बिजनेस चला रहा है बांग्लादेशी, हाईकोर्ट ने दिये ईडी जांच के आदेश

**कोलकाता ।** कलकत्ता उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को एक बांग्लादेशी निवासी से जुड़े मामले की जांच करने का निर्देश दिया। उसका भारतीय वीजा एक्सपायर हो चुका है, बावजूद इसके वह कोलकाता में अपना कारोबार चला रहा है। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम और न्यायमूर्ति हिरणमय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने ईडी को बांग्लादेशी निवासी उमाशंकर अग्रवाल के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जांच शुरू करने का निर्देश दिया है। अग्रवाल पर एक्सपायर वीजा के साथ भारत में रहने, अवैध रूप से कारोबार चलाने और यहां तक कि भारत के बाहर मनी लांड्रिंग के आरोप हैं। आरोपों के अनुसार, अग्रवाल के स्वामित्व वाली एक कंपनी ने पश्चिम बंगाल में कई रियल एस्टेट परियोजनाओं में बांग्लादेश से भारी मात्रा में धन का निवेश किया था। इस संबंध में पहले उनके खिलाफ दर्ज शिकायतों के आधार पर कोलकाता पुलिस ने अग्रवाल के खिलाफ जांच शुरू की गई थी।

## टी-20 विश्व कप : इंग्लैंड ने टेके घुटने, फाइनल में पहुंचा भारत

एजेंसी




**प्रोविडेंस।** रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में इंग्लैंड को 68 रनों से हराकर आईसीसी टी-20 विश्व कप 2024 के फाइनल में प्रवेश कर लिया है, जहां उनका सामना शनिवार को दक्षिण अफ्रीका से होगा।

172 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम को कप्तान जोस बटलर और फिलिप साल्ट ने मनचाही शुरुआत दी और आसानी से गेंद को बाउंड्री के पार पहुंचाना शुरु कर दिया, खासकर बटलर आक्रामक अंदाज में थे, बटलर ने अर्शदीप की धीमी गेंदों को भी पकड़ा और तीन चौके लगाए। इंग्लैंड के 8 से अधिक के शानदार रन रेट के साथ भारतीय प्रशंसकों के मन में 2022 विश्व कप सेमीफाइनल की कल्पना धीरे-धीरे उभरने लगी। लेकिन पावर प्ले में गेंदबाजी करने आए अक्षर पटेल ने मौके का फायदा उठाया और बटलर को पवेलियन भेज भारत को पहली सफलता दिलाई। अक्षर की पहली ही गेंद पर बटलर रिवर्स स्वीप करने गए और गेंद बल्ले से लगकर सीधे स्टंप के पीछे ऋषभ पंत के हाथों में चली गई।

बटलर ने 15 गेंदों पर 4 चौकों की बदौलत 23 रन बनाए, इसके बाद जसप्रीत बुमराह ने पांचवं ओवर में 34 के कुल स्कोर पर अपनी एक आदर्श धीमी ऑफ-कटर से साल्ट को बोल्ड कर भारत को दूसरी सफलता दिला दी। साल्ट ने 5 रन बनाए। लगातार उछाल ने अक्षर को इंग्लिश बल्लेबाजों को अपने इशारों पर नचाने का मौका दिया। उन्होंने जॉनी बेयरस्टो को एक ऐसी गेंद पर चौंका दिया जो सतह से फिसल रही थी। बेयरस्टो ने उस गेंद को टर्न के लिए खेला जो टर्न न होकर सीधा ऑफ स्टंप पर लगी और बेयरस्टो बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए।

आठवें ओवर में अक्षर ने 46 के कुल स्कोर पर मोईल अली (08) को पंत के हाथों स्टम्प कराकर भारत को एक और सफलता दिलाई। इसके बाद रोहित ने चाइनामैन% स्पिनर कुलदीप यादव को आक्रमण पर लगाया। कुलदीप ने अपने दूसरे ओवर की पहली गेंद पर सैम कुरन (02) को एलबीडब्ल्यू कर भारत को पांचवीं सफलता दिलाई। कुलदीप ने इसके बाद हैरी ब्रूक (25) को बोल्ड कर मैच लगभग भारत के पक्ष में कर दिया। कुलदीप ने क्रिस जॉर्डन (01) को आउट करके मैच में अपना तीसरा विकेट लिया। लियाम लिविंगस्टोन (11) के रन आउट होने के साथ ही भारत जीत के करीब पहुंच गया। जोफ्रा आर्चर (21) ने दो चौके लगाकर इंग्लिश प्रशंसकों को खुश होने का मौका दिया। लेकिन बुमराहने उन्हे पवेलियन भेज भारत की जीत पक्की कर दी। इंग्लैंड अंततः 103 रन पर ढेर हो गया और 68 रन से मैच हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गया। भारत के लिए अक्षर पटेल और कुलदीप यादव ने 3-3 व जसप्रीत बुमराह ने 2 विकेट लिए। रोहित का लगातार दूसरा अर्धशतक, भारत ने बनाए 7 विकेट पर 171 रन इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने तीसरे ओवर में 19 के कुल स्कोर पर विराट कोहली (09) को खो दिया। इसके बाद कप्तान रोहित शर्मा और पंत ने टीम का स्कोर 40 तक पहुंचाया, इसी स्कोर पर पंत (04) सैम करन का शिकार बने। यहां से रोहित और सूर्यकुमार यादव ने तीसरे विकेट के लिए 73 रनों की साझेदारी कर भारत को मैच में वापसी दिलाई, इस दौरान रोहित ने अपना लगातार दूसरा अर्धशतक भी पूरा किया। हालांकि रोहित अर्धशतक पूरा करने के बाद ज्यादा देर तक क्रिज पर नहीं रह सके और 113 के कुल स्कोर पर आदिल राशिद की गेंद पर बोल्ड हो गए। रोहित ने 39 गेंदों पर 6 चौके और 2 छक्के की बदौलत 57 रन बनाए। 124 के कुल स्कोर पर सूर्यकुमार भी 47 रन बनाकर चलते बने। सूर्या ने इस दौरान 36 गेंदों पर 4 चौके और 2 छक्के लगाए। इसके बाद हार्दिक पांड्या (13 गेंद, 23 रन, 1 चौका 2 छक्का) रविंद्र जडेजा (9 गेंद नाबाद 17 रन 2 चौके) और अक्षर पटेल (6 गेंद 10 रन एक छक्का) ने भारत को 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 171 रनों के स्कोर तक पहुंचा दिया।

## भारतीय नौसेना का जहाज तबर मिस्र के अलेक्जेंड्रिया और सुनयना सेशेल्स पहुंचा

▸ सेशेल्स राष्ट्रीय दिवस पर सैन्य परेड में शामिल होगा सुनयना

एजेंसी



नई दिल्ली, 28 जून (हि.स.)। अफ्रीका और यूरोप में होने वाली अपनी तैनाती के हिस्से के तौर पर भारतीय नौसेना का अग्रणी युद्धपोत आईएनएस 'तबर' मिस्र के ऐतिहासिक बंदरगाह शहर अलेक्जेंड्रिया पहुंच गया है, जो 30 जून तक सद्भावना यात्रा पर रहेगा। इसी तरह आईएनएस 'सुनयना' सेशेल्स राष्ट्रीय दिवस पर आयोजित सैन्य परेड में भारतीय सैन्य दल की ओर से शामिल होने के लिए पोर्ट विक्टोरिया में प्रवेश कर चुका है।

भारत और मिस्र ने कई शताब्दियों से सांस्कृतिक एवं आर्थिक संबंधों की समृद्ध विरासत को एक-दूसरे के साथ साझा किया है। ये रिश्ते आधुनिक दौर में और भी सशक्त हुए हैं। दोनों देशों के बीच हाल के बीते हुए कुछ वर्षों में रक्षा व समुद्री सहयोग सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों का विस्तार हुआ है।

भारतीय नौसेना के जहाज 'तबर' की अलेक्जेंड्रिया यात्रा का उद्देश्य मिस्र के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक विस्तार देने के साथ-साथ समुद्री सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं को बढ़ाना है।आईएनएस 'तबर' रूस में भारतीय नौसेना के लिए बनाया गया एक महत्वपूर्ण तथा विशिष्ट क्षमताओं से लैस युद्धपोत है। इस जहाज की कमान कैप्टन एमआर हरीश के हाथ में है और इसमें 280 कर्मी सवार हैं। आईएनएस 'तबर' जहाज पर कई तरह के हथियारों एवं सेंसर को तैनात किया है और यह भारतीय नौसेना के सबसे शुरुआती स्टील्थ फ्रिगेट युद्धपोतों में से एक है। यह जहाज पश्चिमी नौसेना कमान के अंतर्गत पश्चिमी बेड़े के हिस्से के रूप में मुंबई में तैनात रहता है।